श्री रामावतार शास्त्री (पटना): मंत्री जी ने दस जून को पैट्रोलियम पदार्थों के मूल्यों में वृद्धि करने के बारे में जो वक्तव्य दिया था, सदन में उस पर विचार हो रहा है। यहां यह बताया गया है कि सरकार की नीति के फलस्वरूप पैट्रोल, खाद और डीजल, इन तीन चीजों की कीमतों में काफी वृद्धि हुई है। जैसा कहा गया है डीजल की कीमत 65 पैसे प्रति लिटर बढ़ी है और खाद का तो यह आलम है कि एक बैग खाद के दाम 50 से 60 रुपये तक बढ़ गए हैं। इस का असर स्वाभाविक रूप से कृषि के उत्पादन पर पड़ रहा है। किसान परेशान हैं सरकारी नीतियों से, मूल्य बढ़ाने की नीति से। जाकि सरकार दावा करती है कि यह किसानों का प्रतिनिधित्व करती है, आम जनता का प्रतिनिधित्व करती है लेकिन काम वह ठीक उनके हितों के विपरीत करती है। देहातों में आप भी जाते होंगे और मंत्री लोग भी जाते होंगे। उनको किसानों की भावनाओं का पता लग गया होगा कि वे कितने असन्तुष्ट हैं। इतने महंगे दामों पर सब लोग डीजल और खाद खरीद नहीं सकते हैं। खास तौर से जो सीमान्त किसान हैं, जिन को मार्जिनल फार्मर कहा जाता है, गरीब और छोटे जो किसान हैं, उनकी हालत तो बहुत ही गड़बड़ है। यहां तक कि मध्यम तबके के किसान भी बढ़े हुए मूल्यों पर डीजल भी खरीद नहीं पाते हैं, खाद खरीदने की बात तो और भी मुश्किल है। छोटे और सीमान्त किसानों की संख्या बहुत अधिक है। अगर मध्यम दर्जे के किसानों को भी उनके साथ जोड़ दिया जाए तो उनका विशाल बहुमत हो जाता है। धनी किसान बहुत ही थोड़े हैं। वे तो किसी न किसी तरीके से बरदाश्त भी कर सकते हैं लेकिन ये छोटे किसान इस बोझ को बरदाश्त नहीं कर सकते हैं। इसलिए किसानों में स्वाभाविक रूप से रोष है। बाहर कीमतें बढ़ाई जाती हैं और चूंकि बाहर से आप मंगाते हैं, इसलिए वहां बढ़ी हुई कीमतों का असर यहां के मुद्रा प्रसार पर पड़ता है। यहां पर मुद्रा प्रसार हो जाता है और उसका असर हमारे आर्थिक जीवन पर पड़ता है। जब खाद के दाम बढ़ेंगे तो किसान कहेंगे कि हमारे दाम भी आप बढ़ाओं। फिर इसका कहीं अन्त नहीं है। इस तरह की बातें न हों इसलिए आपकी बुनियादी नीति यह होनी चाहिये कि हम तमाम किसानों को जो खाद दें वह पूरी की पूरी सबसिडाइज्ड रेट पर दें ताकि आगे सबसिडी वगैरह की बात ही न हो। इससे मुद्रा प्रसार को रोकने में भी आसानी होगी। इस नीति पर सरकार को विचार करना चाहिए। मैं सभी किसानों को सबसिडाइज्ड रेट पर देने की बात इसलिए कह रहा हूं क्योंकि जैसा मैंने पहले कहा है, ज्यादा संख्या मध्यम दर्जे के किसानों से ले कर निचले तबके के किसानों की है और धनी किसान तो बहुत ही थोड़े हैं। कई किसानों को कुलक भी कहा जाता है और दूसरे कई नामों से भी पुकारा जाता है। हमारे यहां सीलिंग के बावजूद 14, 14 हजार एकड़ जमीन रखने वाले बड़े किसान आज भी हैं, जिनको हम कानूनी रूप से जमींदार तो नहीं कह सकते, लेकिन वह अगर देखा जाये तो जमींदार ही हैं। हमारे यहां बिहार में तो यही स्थिति है। इसको इस दृष्टिकोण से देखना चाहिये।

हमने जो प्रस्ताव पेश किया है, उसमें इतनी तो जरूर मांग की है कि अगर आप तमाम किसानों को सबसीडाइज्ड रेट पर फर्टिलाइजर नहीं दे सकते तो छोटे किसान, लघु कृषक और सीमान्त कृषकों को तो कम से कम 50 प्रतिशत दाम में कमी कर के उनको यह सप्लाई कीजिये और अगर जरूरत पड़े तो उनको बिना सूद का कर्जा दीजिये ताकि उस पैसे से वे खरीद कर सकें। इससे कृषि उत्पादन में उनका जोश भी होगा और ज्यादातर खेतों को खाद मिल सकेगी।

अपने प्रस्ताव में हमने यह भी कहा है कि मिडिल किसानों को स्पेशल सब्सीडी दीजिये। बिना सब्सीडी के वह इतने दाम पर खाद नहीं खरीद सकते हैं।

डीजल के बारे में मैं यह कहना चाहता हूं कि आज से कुछ महीने पहले, जब हम लोकसभा के चुनाव के दौर में थे, उससे गुजर रहे थे तो डीजल मिल नहीं रहा था, लम्बी-लम्बी एक-एक मील की लाइनें इसके लिये लगी रहती थीं और उसमें चोर-बाजारी भी ज्यादा होती थी ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Did it affect your election?

SHRI RAMAVATAR SHASTRI: What is the use of telling now? I had been elected and I am here.

उस समय हमने यह भी देखा कि बस नहीं चल रही थीं, ट्रकों का चलना बंद, व्यवसाय बन्द क्योंकि ट्रकों के जरिये बहुत बड़े पैमाने पर माल आता-जाता है, क्योंकि सारा काम रेल नहीं कर पाती है । इसलिये यह कठिनाई बहुत ज्यादा हुई । इस तरह से डीजल की सप्लाई बढ़ाने की जरूरत है । मैं समझता हूं कि इन चीजों की कीमतों वृद्धि करना किसी दृष्टिकोण से भी जायज नहीं था, इसे हम जनता विरोधी कदम समझते हैं । ऐसा आप भी समझते होंगे लेकिन चूंकि आपकी सरकार है, आप बोल नहीं सकते हैं ।

दूसरी बात जो मैं कहना चाहता हूं वह यह है कि कारखाना ज्यादा से ज्यादा लगाइये ताकि हम खाद के मामले में आत्म-निर्भर हों, हमें बाहर से खाद न मंगाना पड़े । जब हम बाहर से कोई चीज मंगाते हैं तो हमारी आर्थिक स्थिति चरमराने लगती है।

मंत्री जी ने आज सवेरे ही कहा कि यू. पी. में खाद के 4 कारखाने लगायेंगे, बिहार का पता नहीं कि कुछ है या नहीं । हम लोग कितने दिनों से संघर्ष कर रहे हैं कि बरौनी में पैट्रो केमिकल्स का कारखाना लगाइये, वहां नेप्था हमारे यहां उपलब्ध है । आप उसको दूसरी जगह भेजते हैं । मैं जानना चाहता हूं कि हमारे यहां पैट्रो केमिकल्स का कारखाना लगाने में आपको क्या कठिनाई है ? क्यों इसे टाला जा रहा है ? मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय कम-से-कम कहें तो कि हम बनाना चाहते हैं । हमारे यहां सारी चीजें उपलब्ध हैं, फिर भी आप कहते हैं कि नहीं ।

हमारे बिहार में एक बहुत बड़ा कारखाना सिन्दरी में सिन्दरी खाद कारखाना था। शायद यह सबसे पहला कारखाना हमारे सूबे में था, पं. जवाहर लाल नेहरू ने 1951 में उसका उद्घाटन किया था उस समय 50 करोड़ रुपये पर वह कारखाना बना था । यदि उस कारखाने की आज की कीमत आंकी जाये, तो वह 200 करोड़ रुपये की होगी । लेकिन आश्चर्य की बात है कि उस कारखाने को स्क्रैप के नाम पर 4 करोड़ रुपये में आक्शन कर दिया गया है । मंत्री महोदय को यह बात जरूर मालूम होगी । मैं ने यह सवाल पहले भी उठाया था । प्रश्न यह है कि यह कदम किस की इजाजत से उठाया गया है । क्या सरकार ने--पेट्रोलियम मिनिस्ट्री ने– इसकी इजाजत दी ? किसने इजाजत दी ? बोर्ड के डायरेक्टर्ज ने इस कारखाने को स्क्रैप के नाम पर 4 जनवरी को आक्शन कर के बेच दिया, जबकि हम और आप लोक सभा का चुनाव लड़ रहे थे । इस बात की पूरी एनक्वायरी होनी चाहिए कि किसने इसकी इजाजत दी थी।

कहा जाता है कि वहां पर तेल पर आधारित दूसरा कारखाना खड़ा किया जा रहा है, जबकि नीति यह है कि जहां कोयला ज्यादा है, वहां कोल-बेस्ड कारखाना चलना चाहिए । यह उल्टी खोपड़ी का प्रभाव या सबूत है । तेल की यह हालत है कि सरकार को विदेशों से तेल मंगाना पड़ता है और वह नागरिकों को पूरा तेल नहीं दे पा रही है । हम चाहेंगे कि इस के बारे में सरकार जवाब दे, अगर जरूरत पड़े, तो इसकी एनक्वायरी की जाये और यह नीति बन्द की जाये । सरकार का कहना है कि वह पब्लिक सैक्टर को अर्थ-व्यवस्था की कमांडिंग हाइट्स पर ले जाना चाहती है। लेकिन जहां तक इस खाद कारखाने का सम्बन्ध है, उसको कमांडिंग हाइट्स पर ले जाना तो दूर की बात है, वह उसे खत्म कर रही है ।

एक तरफ हमारे यहां तेल की कमी है और दूसरी तरफ मद्रास पाइपलाइन से दो करोड़ रुपये के तेल की चोरी होती है । उस चोरी में बड़े-बड़े मगर मच्छ अधिकारी तक शामिल हैं। 12 अप्रैल के ब्लिट्ज में इस बार में "लूट आफ थ्री हंड्रेड करोड़

[श्री रामावतार शास्त्री]

काफ रूपीज'' के शीर्षक से समाचार निकला था । उसमें पेट्रोलियम तथा रसायन मंत्रालय और इंडियन आयल कार्पोरेशन के बड़े-बड़े अधिकारियों—चेयरमैन से ले कर अन्य अधिकारियों—का जिक्र है । उसमें सब के नाम दिये गये हैं, लेकिन मैं यहां पर वे नाम नहीं बताउंगा । मंत्री महोदय ने उस समाचार को पढ़ा होगा। यह इतना बड़ा घोटाला है। वे लोग विदेशी तेल कम्पनियों से पांच परसेंट कमीशन ले कर इतना रुपया कमाते हैं, कैसे कैसे उनके साथ सांठ-गांठ करते हैं, इन सब बातों का उसमें पर्दा-फाश—भंडा-फोड़—किया गया है ।

सरकार ने इस चोरी का पता नहीं लगाया है, मगर वह दाम बढ़ाती जा रही है । जब वह तेल की चोरी और बर्बादी को रोक नहीं पा रही है और नये कारखाने नहीं लगा रही है, तो जाहिर है कि उसे विदेशों पर निर्भर रहना पड़ेगा । इस स्थिति में हम तेल, खाद और डीजल के मामले में आत्म निर्भर नहीं हो सकेंगे । 33 बरसों के बाद भी यह स्थिति है ।

मेरा निवेदन है कि सरकार ऐसी नीति बनाये कि उसको दाम न बढ़ाने पड़ें। वह किसानों को सस्ते से सस्ते दाम पर खाद और डीजल दे और आम जनता को सस्ते से सस्ते कैरोसीन आयल दे। तभी लोग यह महसूस करेंगे कि सरकार कुछ करने की तरफ बढ़ रही है, वर्ना सरकार दाम बढ़ाती रहेगी और गरीब जनता पिसती रहेगी । मंत्री महोदय देशवासियों को बतायें कि वह कहां कहां नये कारखाने बना रहे हैं। वह इस बहस के दौरान ही यह बतायें कि वह किसानों को खाद और डीजल के बारे में क्या सुविधायें देना चाहते हैं और खास तौर से मार्जिनल तथा स्माल पेजेंट्स को, और साथ-साथ मिडल पेजेंट्स को, क्या सुविधायें देना चाहते हैं ।

SHRI B. K. NAIR (Quilon): We are discussing the announcement made by the Minister of Petroleum and Chemicals on 10th June, increasing the prices of fertilizers and also of petroleum products. It was certainly not a very happy decision that he had to make because it is obvious that it is going to cast a very heavy burden on all consumers—the entire public—, especially the cultivators and also consumers of petroleum and other products like petrol. But then, we were certainly driven to take this inevitable decision because of international developments. In the matter of petroleum products we are at the receiving end because other countries are dictating the terms. Prof. Dandavate was mentioning about some western countries' conspiracy. Maybe a conspiracy is there; we do not know. But then, what is the effective means of breaking the conspiracy? We have no means whatsoever because we are at their mercy in the matter of supply of petroleum products.

At the same time, it may be mentioned here that we are purchasing a lot of petroleum and other products from USSR also. I wonder whether USSR is showing some concession in the matter of prices. I believe they are also being dictated to by international conditions and international prices. Of course they are liberal in the matter of supply of petroleum but I don't think they are liberal in regard to prices because, in the matter of prices, they are also being governed by international conditions. So, it is not a question of socialist countries or western capitalist countries, in the matter of fixation of prices of petrol.

Our consumption of petrol has been going up from year to year. In 1971-72 it was only 135 crores but by 1978-79 it went up to about 1,680 crores. The progress in the increase has been steady. At the end of this year, we are told, we are going to be burdened with a cost of about Rs. 5000 crores in the matter of petroleum products, and it is going to consume 60 per cent of our export income. Now, what is the solution? There is no happy solution for it. The question to be answered is whether this burden is to be borne only by the direct consumers concerned or by the entire public, because the money has to be found.

MR. DEPUTY-SPEAKER: He is on a point of order.

श्री रामावतार शास्त्री : मेरा प्वाइंट आफ आर्डर यह है कि जो सब्स्टीच्यूट मोशंस हैं वह हिन्दी में भी सर्कुलेट किए गए हैं । मेरे मोशन के पहले जो मोशन है इस में लिखा हुआ है श्री अटल बिहारी वाजपेयी, श्री आर. के. म्हालगी, श्री सत्यनारायण जटिया । लेकिन यह इन का नहीं है । यह मोशन श्री ए.के. राय के नाम से है । फिर उन के नाम से कैसे छप गया ?

The content of the motion is in the name of Shri A. K. Roy, which is correctly printed in the English version, but in the Hindi verison it is not.

MR. DEPUTY-SPEAKER: We will look into all.

AN HON. MEMBER: Sir, the translation of the name is wrong.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Yes, the translation of the name is wrong: Mr. A. K. Roy may be called by this name in Hindi!

श्री सत्यनारायण जटिया (उज्जैन): प्राय यह होता है कि हिन्दी का अंग्रेजी में ट्रांसलेट किया जाता है फिर अंग्रेजी से हिन्दी में करते हैं तो सत्यनारायण जाटिया से जटिया कर देते हैं । इसलिए हिन्दी का ओरिजिनल रहे तो ज्यादा अच्छा है ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I do not know the details of it, but this will be looked into.

SHRI INDRAJIT GUPTA (Basirhat): Sir, 'A. K. Roy' cannot be translated as 'Jatiya'!

SHRI B. K. NAIR: As I was saying, the fact of the matter is that, very soon, the amount of money has to be found for meeting the cost of our imports. From where is this money to be found is the question. There are two sources. One is to impose the maximum burden on the direct consumers concerned, and the other is to go in for taxation. I think Mr. Veerendra Patil has rightly taken a middle course. He has passed on the burden direct to the consumers in a limited way, and part of it is being left to be found through taxation, from the general funds.

Now, here a question has been raised as to whether, in the matter of fertilizers, he could not have been a little more liberal, whether the prices could not be brought down, etc. When it comes to a question of the burden being borne by the direct consumers concerned, I would say that the agriculturists are the consumers. In the matter of fertilisers, they are not the consumers as such. For them, it is only an input. They are using the fertilisers as inputs for producing crops. One means of assisting them will be to subsidise certain sections of them, to the maximum extent possible and then to go in for a fair increase in the prices of foodgrains; that means, passing on the burden to the general consumers as a whole. One section of the agriculturists who are in need may be assisted by subsidy, and the agriculturists as a whole can be assisted by fixing remunerative prices for their products. The question may come whether, when the procurement price goes up, the issue price can be maintained as it is. The issue price also will have to be raised because it is a burden which has to be borne by the country as a whole and not by a particular section of the people. The burden falls on the country as a whole because we are in the unfortunate position of not being able to meet our requirements of petroleum products by indigenous production; we have to pay a heavy bill for imports. The entire country has to meet the burden; the sacrifice has to be shared by everybody, to the widest extent possible.

The question of subsidy is there. How can we go on paying subsidy? After all, what does subsidy mean? Subsidy means paying from general taxation. The general public is going to bear the burden. Therefore, subsidy cannot be unlimited. Up to a certain limit, where the marginal and small farmers are concerned, subsidy can be given; that all right; but, for

[Shri B. K. Nair]

the rest, the farmers as a whole have to be given remunerative prices. That is the only solution. How long can we go on expecting the farmers to bear all the burden? How long can we go on expecting the farmers to supply their produce to the general public at a fixed price? The burden has to be borne partly through general taxation and partly by the consumers themselves.

This has been made a political question by certain Governments. In our State, in Kerala, because the prices have gone up as a result of increase in the prices of petroleum products, the parties in Government there are calling for a general strike on the 14th of this month; the entire State is going on a strike. Previously also there was a strike when the first Communist Ministry was there; then, even the Ministers went on strike for a day; they sat in their bungalows, but they took their salaries all right...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Their absence might have been treated as on loss of pay.

SHRI B. K. NAIR: It was not so. They took their salary. As I was saying, they are going on a strike on the 14th. But, immediately after the price increase in respect of petroleum products was announced, they went in for a liberal rise in the bus fare. The buses are run by the State Undertaking. They did not have any compunction about it. When the Central Government was under compulsion, under a constraint, to increase the prices of petroleum products because of the international pressure, because of the rise in their prices, the State Government was blaming the Centre for raising the prices of petroleum products, but they went in for a straight increase in their bus fares, taxi fares, etc.

Therefore, the burden has to be borne largely by the consumers themselves: first, by the agriculturists. Then, as Prof. Dandavate was saying, a portion of the petroleum imported is apportioned to industry. One portion is for transport, another for industry and the third, for general consumption. With regard to industry, the products cannot escape; the general increase in prices will inevitably follow because of the increase in the prices of petroleum products, there will be increase in the cost of running machines, engines, etc., the increased cost will be there, and that will have to be borne; there is no escape from it.

My particular point in speaking on this occasion is this. Should we not go in for—Mr. Chavan was also mentioning that—exploring means to limit our consumption of petroleum products? I am not talking of fertilisers. Fertilisers, of course, have a limited consumption. I am talking of petrol itself. What about the consumption of petrol? Is there not a lot of waste of petrol in this country? Is there not a lot of wasteful use of motor cars and display of what is called conspicuous consumption in this country? Is it not that a particular section of the society is committing a crime on the entire country by the wasteful uses of petrol? Are not these affluent families having 3 or 4 cars—one for the head of the family going to factory or office, another for his wife to go for shopping, another one for taking the children to school and bringing them back and one more for going to movies and clubs? Should we not put a ban on them or should we allow them to go on merrily and burden the entire society because of their luxurious living? Should we not think of that? We should seriously consider rationing of petrol. When there was a shortage of sugar, we straightaway went in for rationing of sugar. And when there was a shortage of foodgrains, we straightway went in for rationing of foodgrains. Why should we not touch petrol? It is going to cost us a heavy foreign exchange year after year as the OPEC will go on increasing the petrol price every 3 months or 4 months. Should we not go in for rationing of petrol which is largely

consumed by the affluent sections of the society, big officials and industrialists who do not pay from their own pocket and it is all being passed on to the country and the public? So I think it is time that we go in for rationing of petrol and limit the use of motor cars, whether by officials or by industrialists. I would say that it should be a marginal adjustment to begin with and it would be a sort of a gesture only. But, I would say that if the curtailment is effectively enforced on the consumption of petrol, it will not be only marginal, it will mean a substantial saving in this particular item. So I am suggesting that rationing of petrol may seriously be taken up.

Prof. Dandavate was mentioning about the electrification of railways. We, from Kerala, have been pleading that we have only about 800 km. of railways in Kerala. We are very much below the national average. But we have a lot of electricity and for operating trains on electricity, though the initial cost may be heavy, the running cost will be much less and surplus of electricity is there in Kerala. So we may seriously consider going in for electric traction of railways as far as Kerala is concerned.

श्री टी. एस. नेगी (टिहरी-गढ़वाल) : उपाध्यक्ष महोदय, पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स की कीमतें बढ़ने से हमारे मुल्क में सारा आर्थिक ढांचा चरमरा गया है। कीमतें आसमान को छूने लगी हैं और यहां का किसान और मजदूर परेशान है । सरकार ने घोषणा की थी कि कीमतें घटायेंगे, लेकिन उस के बजाय कीमतें बढ़ रही हैं और अब मैं समझता हूं कि सरकार इन कीमतों को घटा नहीं सकेगी ।

इस मुल्क में आज पैट्रोलियम प्रोडक्ट की हमारी आवश्यकता 30 मिलियन टन की है, उस में से आधा हम इम्पोर्ट करते हैं, जिस की कीमत 5 हजार करोड़ रुपये होती है और वह भी आज के रेट से, आइन्दा इस की कीमतें दिन-प्रति-दिन बढ़ती जायेंगी, कम होने का कोई सवाल नहीं है, जिस से मैं समझता हूं हमारा आर्थिक ढांचा कभी ठीक नहीं हो पायेगा । इस सम्बन्ध में मेरा सुझाव है कि हमें अपने देश में इस की टैक्नालाजी को इम्पोर्ट करना चाहिये। सिर्फ रसन टेक्नोलाजी पर हम बेस्ड हैं। हमें चाहिए कि हमें अपने मुल्क में डच और अमेरिकन टेक्नोलाजी का भी अध्ययन करें । उन की विधियों का अध्ययन करें । हम वहां से कुछ टेक्नोलाजी इम्पोर्ट करें और अपने मुल्क में पैट्रोलियम ज्यादा मात्रा में तैयार करें ।

एक बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे देश में कोयला बहुत ज्यादा है । इसलिए हमें उस कोयले से पैट्रोलियम बनाना चाहिए । 250 करोड़ रुपये के प्लान्ट से एक मिलियन टन तेल बनता है जिस की कीमत आज 300 करोड़ रुपये है । हमें ऐसे तीन, चार प्लान्ट बना लेने चाहिएं ।

इस के अतिरिक्त मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमको अपने देश में रेलें फिर से कोयले से चलानी चाहिएं और इसमें जो डीजल की ज्यादा खपत होती है, उस को कम करना चाहिए । डीजल का इंजन ज्यादा पावरफुल होता है । उस के स्थान पर हमें दो, तीन कोयले के इंजन गाड़ी में लगाने चाहिएं और इस तरह से डीजल की बचत करनी चाहिए । सुपर थर्मल पावर स्टेशन बना कर और रेलें बिजली से चला कर डीजल बचाना चाहिए और जैसा कि मैं ने पहले कहा कि डीजल के इंजन में शक्ति ज्यादा होती है, इसलिए दो, तीन स्टीम इंजन लगा कर ट्रेनें चलानी चाहिएं । सुपर पावर थर्मल स्टेशनों को खानों पर नहीं बनाना चाहिए क्योंकि इस से बहुत ज्यादा नुकसान होता है । स्लरी के रूप में पाइपलाइन से कोयले को सुपर थर्मल पावर स्टेशनों तक देश के विभिन्न भागों में ले जाना चाहिए जिससे जो एनर्जी लोस्ट होती है, वह न हो ।

मैं यह भी निवेदन करना चाह रहा था कि एक तो वैसे ही इस की कीमत बढ़ रही है, दूसरे दिल्ली में जितनी कीमत डीजल की होती है, जिस भाव पर ये पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स यहां पर बिकते हैं, इन्टीरियर के इलाकों में उस से ज्यादा कीमत पर वहां पर

[श्री टी. एस. नेगी]

बिकते हैं क्योंकि ट्रान्सपोर्ट की कीमत बहुत ज्यादा पड़ जाती है । पिछली सरकार ने इन्टीरियर के इलाकों में कुछ पैट्रोल के डिपो खोलने का आदेश दिया था लेकिन यह सरकार उन डिपोओं को नहीं खोल रही है और इस चीज की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता कि जहां रेलें नहीं चलती हैं वहां सिर्फ आवागमन का साधन बसें ही हैं और जितना भी सामान जाता है, वह बसों पर ही जाता है । इस चीज को भी सरकार को ध्यान में रखना चाहिए और उन इलाकों में पैट्रोलियम और डीजल ज्यादा मात्रा में दिया जाना चाहिए लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ।

हमारे यहां उत्तर प्रदेश में कुछ डेवलपमेंट निगम बनाए हुए थे और उन को गैस देने की बात थी । वहां उन को गैस मिलेगी तो उन के जरिये लोगों को वितरण होगी । उन्होंने यह समझ कर कि हमें गैस मिलेगी, दो, तीन और चार लाख रुपया खर्च किया रख-रखाव पर लेकिन गैस अभी तक नहीं मिली । इस तरह से उन का सारा पैसा वेस्ट जा रहा है । मैं मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि कुछ न कुछ मात्रा में तो गैस विशेष रूप से उन को भेजनी चाहिए । इस साल आप उस की शुरुआत तो कर दें । अगले साल देने की बात तो आप ने कही है और वह तो सब को देंगे लेकिन इस साल वहां पर आप कुछ न कुछ गैस जरूर दें । यह मेरा आप से निवेदन है ।

यहां पर सिन्दरी का भी जिक्र आया और यह कहा जा रहा है कि उस का नीलाम किया जाएगा । श्री रामावतार शास्त्री जी ने भी उस का जिक्र किया है । एक छोटी सी चीज का नीलाम क्यों करते हो, होम डिपार्टमेंट का नीलाम कर दो, वह भी ठीक से नहीं चल रहा है। जितनी भी पब्लिक सैक्टर की चीजें हैं, उन को अगर आप नीलाम कर देंगे तो बड़े बड़े पूंजीपतियों को ही उन को देंगे । मेरा कहना तो यह है कि आप गवर्नमेंट को ही नीलाम कर दीजिए। यह समझ में आने वाली बात नहीं है । जो खामी है, उन को दूर करना चाहिए ।

इन शब्दों के साथ मेरा निवेदन यह है कि जो ट्राइबल एरियाज हैं, जो दूर-दूर के एरियाज हैं, उन को ध्यान में रखते हुए उन लोगों के लिए वहां पर पैट्रोल डिपो आप को खोलने चाहिएं ताकि जो रेल से पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स मिलते हैं वे उनको वहां मिलें । यह सुविधाएं उनको मिलनी चाहिएं । आप क्या कीमत रखते हैं, किस ढंग से खरीदते हैं, किस ढंग से बेचते हैं इसको भी आपको देखना चाहिए । आज दस रुपये किलो चीनी बिक रही है । आज वे लोग यह कहते हैं कि यह सरकार न आती तो अच्छा था । पहले वे लोग समझते थे कि जनता सरकार ने कीमतें बढ़ा दीं लेकिन इस सरकार के जमाने में तो कीमतें दुगनी और तिगुनी हो गयी हैं । यह सरकार भी जल्दी ही जाने वाली है, मैं ऐसा मानता हूं । आप चीजों की कीमतों को कंट्रोल करें । हम तो यह चाहते हैं कि यह सरकार कुछ दिन टिके ।

श्री राम सिंह यादव (अलवर) : उपाध्यक्ष महोदय, पेट्रोलियम केमिकल्स के सम्बन्ध में जो प्रस्ताव आया है इस के संबंध में मैं निवेदन करना चाहूंगा कि आज किसी भी देश की प्रगति का मापदण्ड यह होता है कि उसके यहां कितनी बिजली, कितनी डीजल, कितनी पेट्रोल की खपत होती है । इस बात को देखा जाता है । अगर इस दृष्टि से हिन्दुस्तान को देखा जाए तो बहुत से देशों के मुकाबले में इस दृष्टि से हम बहुत पीछे हैं । फिर भी यहां पर जो पेट्रोल का कंजम्पशन है उसको देखते हुए हम यह कह सकते हैं हम सारे कंजम्पशन के माध्यम से हम अपने औद्योगिक क्षेत्र के उत्पादन को और कृषि क्षेत्र के उत्पादन को बढ़ावा देते हैं ।

जहां हम इस बात की चर्चा करते हैं वहां इस बात को भी भुलाया नहीं जा सकता कि वर्ष 1979-80 में हमारे यहां कृषि उत्पादन में दस प्रतिशत की कमी हुई और औद्योगिक उत्पादन में 8 प्रतिशत की कमी हुई । इन दोनों बातों को मद्देनजर रखते हुए हम फर्टिलाइजर और केमिकलस जिनको कि हम प्रयोग में ला रहे हैं उनकी कीमतों के निर्धारण के बारे में उनकी सब्सीडी के बारे में सोचें । उसके साथ-साथ देश की इकोनोमी, देश की अर्थव्यवस्था को भी हमें दृष्टि में रखना चाहिए ।

मैं निवेदन करना चाहूंगा कि श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जो संशोधन रखा है कि किसानों के लिए, फार्मर्स के लिए 25 परसेंट सब्सीडी का प्रावधान हमें करना चाहिए, यह उपयुक्त नहीं है । लेकिन इस के साथ-साथ मैं एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि फर्टिलाइजर की कीमत में जो बढ़ोतरी हुई है और जो इस वर्ष बढ़ोतरी हुई है उसको कम करने के लिए हमारे संबंधित मंत्री महोदय को गंभीरतापूर्वक विचार करना चाहिए।

आप आयल सीड्स तथा पल्सेज बाहर से मंगाने के लिए कितना रुपया बाहर भेजते हैं । इस सब का आपके देश के एक्सचेकर पर प्रभाव पड़ता है । आज न केवल हिन्दुस्तान में ही बल्कि सारे विश्व में पल्सेज की कमी है । उस कमी को दूर करने के लिए अब तक हमारे देश में इफेक्टिव मेजर्स नहीं उठाये गये । हमारे खाद्य मंत्री महोदय ने दालों को पैदा करने का प्रोग्राम शुरू किया है । लेकिन वह तभी सफल हो सकता है जब आप किसानों के लिए डीजल की व्यवस्था करें ।

देश में आयल सीड्स की कमी के कारण हम खाद्य तेल विदेशों से आयात कर रहे हैं। देश में उसकी कमी के कारण उसकी कीमतें बढ़ती जा रही हैं । किसानों को सरसों पैदा करने के लिए जो इन्सेन्टिव मिलना चाहिए वह नहीं मिल रहा है क्योंकि राज्य सरकारों ने केश क्राप पर सैस और टैक्स लगा रखा है। इस तरह से किसान के दिमाग में यह बात पैदा होती है कि अगर वह सरसों पैदा करता है तो उसको केश क्राप पर उसको सैस देना पड़ेगा। इसलिए सरसों पैदा करने का उसमें इन्सेन्टिव नहीं होता। हमारी कृषि के क्षेत्र में उत्पादन और औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन में पालिसी के अन्दर जो समन्वय होना चाहिए वह समन्वय नहीं है। आपके जितने भी डिपार्टमेन्ट्स है उनमें समन्वय कायम कर के एक एग्रीकल्चरल प्रोडक्शन पालिसी कायम की जाए।

स्माल फार्मर्स और मारजिनल फार्मर्स को रूरल इन्टेग्रेटिड प्रोडक्शन के लिए सबसीडी देने का जो आपने प्रावधान किया है, जो आपने प्लान बनाया है उसमें भी ब्लाक स्तर पर और जिला स्तर पर इम्प्लीमेन्टेशन प्रभावशाली नहीं है । आप इस वर्ग को, स्माल फार्मर्स को, मारजिनल फार्मर्स को कैसे आइडेन्टिफाई करना चाहते हैं? यह कहीं कर सके हैं अभी तक। गत वर्ष का उदाहरण आपके सामने है, जनता राज का उदाहरण आपके सामने है। मधु दंडवते जी और वाजपेयी जी ने बहुत बातें कही हैं। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि उनके वक्त में 1979-80 में किसान को डीजल के मामले में कितनी तकलीफ उठानी पड़ी थी। इसका कारण यह था कि कभी भी सरकार ने इस बात को नहीं सोचा, कभी भी प्लानिंग डिपार्टमेन्ट ने योजना नहीं बनाई कि आने वाले साल में कितने डीजल की किसान को जरूरत होगी और उसकी उस जरूरत को किस तरह से पूरा किया जाएगा। चूंकि आपके पास पूरे तरीके से प्लान नहीं होता है इस वास्ते आप उस हिसाब से इम्पोर्ट नहीं कर पाते हैं। इस वास्ते किसान को दिसम्बर, जनवरी, फरवरी, मार्च में डीजल के मामले में बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा। चूंकि डीजल नहीं मिला इसलिए पैदावार कम हुई। इस साल भी अग्रिकलचरल प्रोडक्शन दस परसेंट कम हुई है। इसका मुख्य कारण यह है कि किसानों के वास्ते उत्पादन को बढ़ाने के लिए कोई कोआर्डिनेटिड और इंटग्रेटिड प्लान नहीं था। आज भी यही स्थिति है। क्या आपने तहसीलदार को, कलेक्टर को हिदायतें दी हैं कि वे बताएं कि उनके यहां कितने स्माल फार्मर हैं, कितने मार्जिनल फार्मर हैं कितने स्माल होल्डिंग्ज वाले किसान हैं और क्या इन लोगों को कार्ड इश्यू किए गए हैं ताकि इनको सामान आसानी से और जरूरत के मुताबिक मिल सके? क्या कोआपरेटिव बैंक्स को हिदायतें दी गई हैं कि जो कर्जा देते वक्त इस तरह के किसानों को आइडेंटिफाई करके उनको फायदा पहुंचायें और उनकी कर्ज की जरूरतों को पूरा करें? जो भी प्रावधान किए जाते हैं उनका फायदा किसान को मिलना चाहिये, गांवों के लोगों को मिलना चाहिये। यह तभी हो सकता है जब आप क्रियान्विति के ढंग को सही करें।

आपने कीमतें इन पदार्थों की बढ़ा दी हैं। ओपेक कंट्रीज ने कीमतें बढ़ाईं और उन कीमतों के मुकाबले में हमारे देश में इन पदार्थों की कीमत कम रहे यह नहीं हो सकता था । देश के एक्सचैकर पर सब-

[श्री राम सिंह यादव]

सीढी का कितना बोझा डाला जा सकता है, यह भी सोचने की बात है। जो कुछ भी सुविधा आप गांव में किसान को दे रहे हैं छोटे किसान को दे रहे हैं वह उसको मिले, इसको आपको सुनिश्चित करना चाहिये और क्रियान्विति पर आपको अधिक जोर देना चाहिये। यही मेरा आप से निवेदन है।

SHRI A. K. ROY (Dhanbad): We are practically discussing a pre-budget declaration in a post-budget period. We are at the fag end of the session but still it is a useful discussion. Now the question is how to face the price increase by the oil-producing countries. Several solutions have been suggested: one is to increase the subsidy so that price increase of the oil-producing countries does not penalise the consumers in the country. But there is a limit for the politics and economics of subsidy. Subsidy in a way ultimately harms and hurts the people. You may of course compensate the increase from your exchequer in a roundabout way but it amounts to the same thing. Then the question is how to minimise the effect of price increase in our sensitive areas, to our poor farmers, marginal farmers, middle-class farmers etc. This policy has also its limitations. We can only face it by increasing our production. One-third of our total requirement is produced indigenously, i.e. nearly 10 million tonnes. Nearly two-third we import, that is, 20 million tonnes. There also we have certain limitations; over-night we can't increase production at our will. The third alternative is technical or scientific device. Now, Sir, this oil crisis is not only a national problem of this country alone, draining 50 per cent of our foreign exchange, but it is a world-wide phenomenon. Previously the Middle-East countries were under the thumb and toes of western imperialists but now the position has changed. These countries are dictating terms to western countries due to their oil production. In America they are thinking of substituting oil by some other technical device, coal etc. They are trying to explore other methods, other sources of energy.

Sir, the whole industrial structure rests on two legs broadly in this country. One is coal, another is oil. Sir, it is also true that even in other countries, in American and Western countries, oil and coal are like two legs on which the whole industrial super-structure stands. Now, when there is a crisis in the oil producing countries, there is only one alternative that is left, that is, substitute oil wih some other fuel in the industrial sector which consumes nearly 27 per cen to 30 per cent of the oil and find out a device for converting low grade coal into oil. But no policy is followed to come out of this crisis. India is rich in low grade coal and the low-grade coal can be converted into oil. For this, there are two methods—one is Bergius method and the other is Fisher Troup method. The Government of India had appointed a Commission for this purpose, not recently but some 10 years back. It went into the pros and cons how to convert the low grade coal into oil. The Commission's report is rotting in the Department. They did not do anything. It was decided that the project will be started at Dunkuni and Ramgarh. But nothing was done on this project of converting low grade coal into oil by Fisher method. The second problem is how to substitute oil with some other fuel. The Central Research Institute developed a method as to how to convert low-grade coal directly into fertiliser. They produced a research paper, report and everything and they started a pilot plant. But nothing was done. It is also rotting in the Department of Fertiliser and Chemicals. The Department of Fertiliser has become a dumping ground, it has become a museum. All our research papers are rotting and they have become fosses. I want to bring this charge openly, in this Parliament, that there were two currents in the fertiliser industry, one was self-reliant coal-based industry

based on the indigenous technology and the other was foreign oil based technology, western foreign collaborators. The oil lobby and the coal school have fought in the department continuously for the last 20 years. Being a man from the fertiliser industry, I know it. There was time when it was decided administratively which was on the correct path that the industrial sector was one of the bulk consumers of coal and it was decided that the coal should be used as the basic raw material for producing fertiliser in this country. On that basis Sindri was established, on that basis Rourkela plant was started where it started using the coal gas from the coke oven. Though oil was not used, Nangal used to produce cheap electricity. So, they electrolise water and get hydrogen and produce heavy water as a by-product. But now it came into the mind of the original planners that we should have oil, petroleum, that is, imported precious material for which the country will ever be depending on the foreign countries on the basis of our fertiliser production. After sometime in 1970s somehow or other, the Fertiliser and Chemical Ministry went into the grip of those oil lobby, those persons who wanted to serve those budding industry, of those foreigners, the monopolists and the capitalists and ultimately it was decided to start oil-based fertiliser plant and there were so many theories which were propounded that the oil-based plant should be cheaper, oil-based plant should be handy, oil-based plant will only require less number of people. I want to know from you whether it is in the interest of the country, especially here in India unemployment problem is the most burning problem. Should we go in on for capital intensive type of technology for our industries or should we have employment-oriented plants? For a coal-based plant, you will need five to ten thousand people and you will have so many by-products, but for oil-based plant, you will require only two thousand persons. Is there any logic to have oil-based plant at Sindri? Is there any logic to have an oil-based plant at Durgapur? These are wonderful things, and that is why I have put a substitute motion.

I have heard of the new hon. Minister; I do not know whether he understands the implications of selling equipment and selling a plant. These are two things. The Board of Directors cen sell equipment. If a motor has become old, if a pipeline has become old, if a compressor has become old, if a catalyst has become old, you can sell it. But, you are selling ammonia plant, you are selling urea plant and double sulphate plant. This is what you are doing. What are you substituting? I would like to know from the hon. Minister, after the sell-out, if there will be production of fertilizer from the coal based plant at Sindri. Will there be anything in Sindri which will produce fertiliser from coal feedstock? No. You are absolutely selling out the total foundation of a coal based plant which was the first public sector, company in India, not only in Fertilizer Corporation of India. That was inaugurated by Pandit Jawaharlal Nehru along with Sheikh Abdullah, the present Chief Minister of Jammu and Kashmir. What was inaugurated by Pandit Jawahar Lal Nahru is being auctioned by Shrimati Indira Gandhi. What can be more ironical than this. And Shri Patil, very honest and innocent Minister of Petroleum, Chemicals and Fertilizers has to preside over this liquidation of coal based plant. That is why I say that we are going in the opposite direction. If we have to tackle, if we have to face this oil problem and the price increase, we have to face it scientifically. We should scrutinise and re-assess the whole thing, as Prof. Dandavate said, how we consume petroleum, what are the avenues for substituting petroleum and in what way we should proceed. He has talked of using sun rays and other things. I do not want to go into that.

[Shri A. K. Roy]

Sir, coal can be used in multifarious ways and definitely, coal can be used completely for fertiliser industry. They need not use any oil except in some cases like at Bombay, Namrup fertilizers etc. Today, we are practically one of the lowest consumers of fertilizers in the world. In our country, we cultivate 40 crores acres of land and we consume five million tonnes of fertilizers, that is 12-13 kg. per acre. That is the average, and in that, the price increase will hit hard our agricultural and fertilizer industry. On the one hand, we are saying that we cannot afford to give subsidy, we have to increase the price of fertilisers, and on the other hand, you are shutting down a coal based plant and substituting it by an oil-based plant? What a wonderful thing it is! And that is in the heart of his coal field.

My hon. colleague was telling that at Sindri there is no pipeline, and the oil will come through Prof. Dandavate's wagons and these wagons never move.

AN HON MEMBER: Prof. Dandavate is no more incharge of railways.

15 hrs.

SHRI A. K. ROY: But his wagons still move—and that is coming again. You will get oil through the wagons. And today we are short of oil. You will be surprised to know that the whole plant has been closed for auctioning. Auctioning to whom? They are auctioning to one scrap dealer Mr. Ganpatrai Agarwal of Howrah. This gentleman has come with cutters and welding machines, to cut the plant and ship it. And the oil-based plant is also not working, because there is no oil. So, 10,000 workers of Sindri are without work for the last one year. This is the way they are functioning. That is why I want this House to impress on this Ministry and tell them. "If you have to tackle this oil price situation, you have to tackle it scientifically. There should be a scientific and technological emphasis on how to substitute oil, and how to lay down a clear-cut direction, before the industrial expansion of this country."

With these words, I would like to request that the House may consider my substitute motion and support me in this cause.

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा): पैट्रोलियम पदार्थों के सम्बन्ध में जो मोशन प्रोफेसर साहब ने रखा है उसके सम्बन्ध में—

एक माननीय सदस्य : आप समर्थन कर रहे हैं ?

श्री गिरधारी लाल व्यास : विरोध कर रहा हूं और वह इसलिए कि प्रोफेसर साहब का जो शासन था——

प्रो. मधु दंडवते : मैंने तो अपने मोशन में केवल इतना ही रखा है कि हाउस शुड टेक इंटू कंसीडरेशन दि स्टेटमेन्ट। इस में क्या कंट्रोवर्सी है ?

श्री गिरधारी लाल व्यास : मैं निवेदन कर रहा हूं कि जनता पार्टी के शासन में 1979 के मार्च महीने में 55 पैसे तो एक बार बढ़ाए गए और अगस्त में 35 पैसे दुबारा बढ़ाए गए। दो दो बार इनके शासन में पैट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाए गए । उसके बाद भी आज वह कहते हैं कि हमारी सरकार ने 65 पैसे बढ़ा दिए, यह बहुत बड़ा अन्याय हो गया । पैट्रोलियम पदार्थों की जो कीमत मुकर्रर की जाती है वह हमारे देश के अन्दर जो पैट्रोलियम पदार्थ उत्पन्न होता है उसी के आधार पर नहीं की जाती । हम केवल आधा पैट्रोलियम पदार्थ अपने देश में पैदा करते हैं । आधा बाहर से मंगाते हैं । हम बाहर से जितना मंगाते हैं उसकी कीमत का आप अंदाजा लगाएं तो जितने पैसे बढ़ाए गए हैं उससे भी 60 पैसे और बढ़ाने की आवश्यकता थी। यह तो हमारी सरकार की कृपा है कि उसने थोड़े से पैसे बढ़ा करके इस महंगाई के चक्र को ज्यादा बढ़ने से रोका है । इस बात के लिए हमारे प्रो. साहब को सरकार को धन्यवाद देना चाहिये (व्यवधान) इस देश में जितना पैट्रोलियम पदार्थ हमने अपने शासन में पैदा किया था, जब से जनता पार्टी का

शासन आया तब से वह उत्पादन उतना ही रहा । बम्बई हाई से जितना हमने पैदा करने की कोशिश की एक लिटर भी उससे आगे नहीं बढ़ा । अन्य क्षेत्रों में भी चाहे बंगाल की खाड़ी हो या कच्छ में हो या और दूसरे स्थान हों कहीं पर कोई कारवाई नहीं हुई । इस प्रकार की निकम्मी सरकार यहां आ गई और इसके बाद ये इस प्रकार की बात करते हैं । हमें विदेशों से जो पैट्रोलियम पदार्थ मंगाने पड़ते हैं और जिसके लिए हमें ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं और इतने ज्यादा देने पड़े हैं उससे कम पैसे में हम बेचने की कोशिश कर रहे हैं । जनता पार्टी के शासन में अरब देशों से सस्ते दामों में पैट्रोलियम पदार्थ मिलते थे, सर्टेन पर्सेन्टेज का कन्सेशन दे कर जिस भाव में वे अविकसित देशों को देते थे उसी भाव में हम को भी देते थे । लेकिन इन की कृपा हुई, जो इन्होंने इसायल के साथ सम्पर्क स्थापित करने की कोशिश की उस की वजह से अविकसित देशों को जितने पैसे में मिलता था, जो कंसेसन उन को मिलता था वह हम को मिलना बन्द हो गया । इस प्रकार के हालात जनता पार्टी के अयोग्य शासकों ने पैदा किए जिसके कारण इस देश को बहुत बड़ा नुकसान उठाना पड़ा । आप अन्दाज लगाए कि जनता पार्टी के शासन में, 1977, 1978 और 1979 में पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों की मद में कितना पैसा बढ़ा । हर साल पेट्रोलियम पदार्थों के 10–15 परसेंट भाव जो बढ़ रहे हैं उसमें ऐसा लगता है कि आने वाले वर्षों में यह और भी ज्यादा मंहगा हो जायेगा । ऐसी हालत में अत्यन्त आवश्यक है कि अपने देश में ही इसका ज्यादा से ज्यादा उत्पादन किया जाए ताकि अभी जो भारी तादाद में विदेशी मुद्रा हर साल हमें देनी पड़ रही है उसको बचाया जा सके । हमारे पेट्रोलियम मन्त्री को इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिए कि पेट्रोलियम पदार्थों को निकालने के लिए जितना ज्यादा से ज्यादा पैसा वे इन्वेस्ट कर सकेंगे उसी के अनुपात में इस देश में पेट्रोलियम पदार्थों का उत्पादन बढ़ सकेगा। अभी हमारे देश में बहुत सारे क्षेत्र अन-एक्सप्लोर्ड हैं जिनकी ओर ध्यान देकर ज्यादा उत्पादन किया जा सकता है । इसकी ओर मंत्री जी को विशेष तवज्जह देनी चाहिए । इस संबंध में रिग्ज और मशीनों का प्रबन्ध करके सर्वे कराये जायें और जहां भी पेट्रोलियम पदार्थ मिलने की सम्भावना हो वहां पर इन्वेस्टमेंट करके पेट्रोलियम पदार्थों को निकालने की व्यवस्था की जाए ताकि अभी जो 5 हजार करोड़ के लगभग हर साल विदेशों को हमें देना पड़ रहा है उसको बचा करके देश के विकास में लगाया जा सके ।

यह जो पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़े हैं उसकी वजह से हर क्षेत्र में खर्चा बढ़ा है । वह चाहे रेलवे हो या रोड ट्रांसपोर्ट हो, हर जगह इसका असर पड़ा है। लेकिन जो मूल्य वृद्धि शुरू हुई वह उस समय शुरू हुई जबकि जनता पार्टी के शासन में श्री चरणसिंह फाइनेन्स मिनिस्टर थे । उन्होंने इस प्रकार के कर लगाए जिनसे मूल्य वृद्धि होने लगी और आज भी वही स्थिति चल रही है । उन्होंने सारे देश को मिटा दिया । जनता पार्टी की सरकार की गलत नीतियों के कारण इस देश को इतनी हानि और परेशानी उठानी पड़ी है । जनता पार्टी को पांच साल के लिए शासन दिया गया था लेकिन जनता ने आपको पहले ही अच्छी तरह से पहचान लिया । आप लोग यहां पर 12 से एक बजे के बीच में हो-हल्ला करते हैं उसके सिवाल आपके पास कोई भी कांस्ट्रक्टिव बात नहीं है जोकि यहां पर आप कह सकें। पांच पार्टीज को मिलाकर यहां पर आपकी सरकार बनी थी, आप आपस में ही लड़ते रहे । हमारी पार्टी ने नहीं कहा था कि आप छोड़कर चले जाओ । हनुमान और रामचन्द्र आपस में लड़े और इस देश को बर्बाद कर लिया ।

15.09 hrs.

[SHRI CHANDRAJIT YADAV *in the Chair*]

मैं पेट्रोलियम मन्त्री से आग्रह करना चाहता हूं कि वे अपने देश में ही ज्यादा से ज्यादा पेट्रोलियम पदार्थ पैदा करने की कोशिश करें । आपने जो कीमत बढ़ाई है उसका छोटे किसानों के ऊपर बड़ा असर पड़ा है, उस पर बड़ा भारी बोझ आ गया है । जनता पार्टी और लोकदल वाले तो बड़े किसानों, जिनको अंग्रेजी में कुलक कहते हैं, और जो बड़े-बड़े राजे-महाराजे हैं उनके लिए हल्ला मचा रहे हैं लेकिन जहां तक छोटे किसानों की बात है, हमारे कृषि मन्त्री जी ने उनको सबसीडी

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

देने की बात कही है। मुझे आशा है हमारे पेट्रोलियम मन्त्री श्री पाटिल साहब भी छोटे फार्मर्स, मार्जिनल फार्मर्स की ओर विशेष तवज्जह देंगे। उन को सबसिडी देंगे। इस लिये मेरा आप से निवेदन है कि इस का आप ख्याल रखिये। कुलक्स के ऊपर अगर आप थोड़ा-बहुत बढ़ा दें तो इस में कोई दिक्कत की बात नहीं है, क्योंकि जो लोग हजारों बीघे जमीनों पर फर्जी नामों से काबिज हैं, कहीं कुत्ते और बिल्ली के नामों पर, कहीं घोड़े और गधे के नामों पर हजारों बीघे जमीन अपने कब्जे में रखे हुए हैं, उन से चाहे जितना ज्यादा पैसा लिया जाये, उस में कोई दिक्कत नहीं है। इस तरह की व्यवस्था आप को निश्चित तौर से करनी चाहिये।

एक निवेदन मैं कृषि मंत्री जी से करना चाहता हूं। मैंने एक प्रश्न दिया था, मेरे दुर्भाग्य से वह तारांकित नहीं हो सका, अतारांकित प्रश्न के रूप में स्वीकार हुआ। मैंने उस प्रश्न में पूछा था कि जिन-जिन एजेन्ट्स और कोआपरेटिव सोसायटीज के पास कीमतें बढ़ने से पहले खाद का स्टाक था, वे कीमतें बढ़ाने के बाद उस स्टाक की बढ़ी हुई कीमतें वसूल कर रहे हैं। पहले जब यहां पर कांग्रेस की सरकार थी, उस ने जब-जब खाद के दाम बढ़ाये, उन का स्टाक चैक किया गया था और उस स्टाक को कम दामों पर किसानों को बिकवाया था। लेकिन आज यह बढ़ा हुआ पैसा न सरकार की जेब में जा रहा है और न उस का लाभ किसानों को मिल रहा है, एजेन्ट लोग लाखों और करोड़ों रुपये का फायदा उठा रहे हैं। मेरे सवाल का जो जवाब आप की तरफ से दिया गया है, वह बड़ा आश्चर्यजनक है. . . .

कृषि और ग्रामीण पुनर्निर्माण मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह राव): सरकार के पास आ रहा है।

श्री गिरधारी लाल व्यास : आप अपने जवाब में लिखते हैं—पहले जब कीमतें घटाई थीं, तो उस से एजेन्ट लोगों और कोआपरेटिव सोसायटीज को कम कीमतें मिलने से बहुत नुकसान हुआ था, अब जो कीमतें बढ़ी हैं इस से उन को फायदा होगा और उन का जो पहले का नुकसान है, वह बराबर हो जायगा। इस प्रकार का जवाब, मेरा ख्याल है, बिलकुल गलत है। माननीय मंत्री जी, आप के अधिकारियों ने जिस प्रकार का जवाब दिया है, यह बिलकुल गलत है, इस की आप जांच कराइये। इन बिचौलियों ने करोड़ों रुपयों का फायदा उठाया है। यह पैसा सरकार की जेब में आना चाहिये था या किसानों को इस का फायदा मिलना चाहिये था। आप के अधिकारी जिस प्रकार का जवाब दे देते हैं, आप इस को देखिये। इन अधिकारियों के भरोसे पर आप रहेंगे तो ठीक नहीं होगा। इन लोगों को भी आप के इन्हीं अधिकारियों ने डुबो दिया, अगर हम भी उन के भरोसे रहेंगे तो हम भी धोखा खायेंगे। हम को समझ-बूझ कर काम करना चाहिये, हम को देखना चाहिये कि कौन सी व्यवस्था सही है, कौन सी गलत है और सही व्यवस्था को लागू करने की कोशिश करनी चाहिये।

इन्दिरा जी चाहती हैं कि इस देश में गरीब आदमी पनपे, अपने पैरों पर खड़ा हो, उस का आर्थिक उत्थान हो और वह तरक्की के रास्ते पर जाये। जब हमारी नेता इस प्रकार की व्यवस्था चाहती हैं तो उन के नीचे काम करने वाले मंत्रियों, संसद सदस्यों और राज्यों के अन्दर जहां हमारी सरकारें बैठी हैं—सब को इस बात का ध्यान रख कर काम करना चाहिये। जो कुलक लोग हैं, बड़े-बड़े भूस्वामी हैं, सामन्त, पूंजीपति और इजारेदार हैं—आप को देखना चाहिये कि वे गरीबों का शोषण न कर सकें—इस तरह की व्यवस्था आप को चलानी चाहिये. . . . .

सभापति महोदय : व्यास जी, आप ने काफी समय ले लिया है। थोड़ा सा मुख्तसिर कहें, इस लिये कि कई पार्टियों के लोग अभी नहीं बोल सके हैं, मिनिस्टर साहब को भी जवाब देना है और मूवर को भी जवाब देना है। अभी एक दूसरा इम्पोर्टेन्ट सोशन फलड् के बारे में आना है. . .

श्री गिरधारी लाल व्यास : मैं अपनी कांस्टूचूएन्सी की एक बात कहना चाहता हूं।

सभापति महोदय : अब एक मिनट में खत्म कीजिये।

श्री गिरधारी लाल व्यास: मैंने फर्टिलाइजर प्लांट के लिये निवेदन किया था। आज सुबह

एक सवाल आया था, उस के जवाब में मंत्री महोदय ने कहा कि एक फर्टिलाइजर प्लांट राजस्थान को देंगे । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि भीलवाड़ा जिले के दरीबा स्थान में इतना बड़ा राक-फास्फेट का भण्डार मिला है, जहां आप फर्टिलाइजर प्लांट फास्फेट के आधार पर लगायें तो इस से राजस्थान प्रान्त को बहुत फायदा होगा । मैं चाहता हूं कि आप इस के बारे में ध्यान दें और फास्फेट के आधार पर भीलवाड़ा को फर्टिलाइजर प्लांट दें तो आपकी बड़ी कृपा होगी। और भीलवाड़ा जो पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, उस को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके ।

इसी प्रकार से मेरा एक और निवेदन है । मेरी कांस्टीटुयेन्सी में गुलाबपुरा, आसीन और जाजपुर में डीजल न मिलने के कारण लोगों को बड़ी तकलीफ है । इसलिए इन तीन स्थानों पर आप पेट्रोल पम्प लगा देंगे तो गरीब किसानों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी । मैं आशा करता हूं कि आप इस को स्वीकार करेंगे ताकि पम्पिंग सेट्स के लिए लोगों को डीजल मिल सके ।

श्री राम विलास पासवान (हाजीपुर): सभापति महोदय, एक कहावत है:

"एक ही उल्लू काफी था बर्बाद गुलिस्तां को करने ।

हर डाल पे उल्लू बैठे हैं, अंजाम गुलिस्तां क्या होगा । ।"

कोई भी चीज हो, हंसवा का विवाह या खरपी का गीत, कोई चीज हो जाए, पेट्रोलियम के दाम बढ़ जाएं या बाढ़ आ जाए, तो "ये लोग यही कहते हैं कि जनता पार्टी, लोक दल, जनता पार्टी लोक दल" जिम्मेवार है। आप ही लोग नारा लगाते थे हम लोगों के समय में कि सारा का सारा डीजल चरण सिंह पी गया । यही नारा लगा देते थे । अब कौन डीजल और पेट्रोल को पी गया है। इन्दिरा गांधी पी गई है। . . . (**व्यवधान**)... सभापति महोदय, मैंने उसी दिन कहा था । कृषि मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं कि यह नारा लगता था 'जात पर न पात पर, इन्दिरा जी की बात पर, मुहर मारो हाथ पर' । अब नारा यह लगने लगा है । 'न जात पर न पात पर, इन्दिरा जी की बात पर, डीजल बिके 7 पर, चीनी मिले 8 पर' और कुछ दिन बाद 'मुर्दा जाएगा घाट पर और लोग कहेंगे लात मारो हाथ पर' । . . . (**व्यवधान**)... घबड़ाइए नहीं ।

श्री कृष्ण दत्त (शिमला): प्राइममिनिस्टर जी के खिलाफ इस तरह की बात कर रहे हैं। . . . (**व्यवधान**)...

श्री राम विलास पासवान : इसलिए, सभापति महोदय, मैं मंत्री जी से कहूंगा कि आज अन्तिम मुलाकात है । सभापति महोदय, मुझे दुःख होता है कि देहातों में यदि कोई बोले कि बोंडेड लेबर है, तो दूसरी बात है ।**

श्री कृष्ण दत्त : **

सभापति महोदय : श्री राम विलास पासवान जी, इस तरह का शब्द सदन के मेम्बरों के लिए इस्तेमाल हो, यह मैं समझता हूं कि असंसदीय है और यह प्रोसीडिंग्स से एक्सपंज कर दिया जाए ।

श्री राम विलास पासवान: हम ने कहा कि नहीं होना चाहिए ।

सभापति महोदय : ठीक है ।

श्री राम विलास पासवान : सभापति महोदय, मैंने कहा कि सदन के सदस्यों को ऐसा नहीं होना चाहिए, यह कोई आपत्तिजनक चीज नहीं है ।

श्री गिरधारी लाल व्यास : यह इन्होंने गलत बात कही है ।

सभापति महोदय : आप शान्त रहिये ।

Please keep order in the House. In is not the proper way. Let him put his point of view.

श्री गिरधारी लाल व्यास : इन से भी कहिये ।

सभापति महोदय : मैंने उन से पहले ही कहा था ।

श्री गिरधारी लाल व्यास : ये बार-बार दोहरा रहे हैं ।

**Expunged as ordered by the Chair

सभापति महोदय : आप बैठिये । राम विलास जी आप भी बैठिये । मैं देख रहा हूं कि हाउस में बहुत ही गंभीर विषय पर बहस चल रही है और इस पर बहुत गंभीरता से विचार होना चाहिए । कभी किसी ने किसी बात पर थोड़े हल्के ढंग से बात कर ली, तो ठीक है लेकिन हाउस का माहौल बिल्कुल ऐसा बन जाए कि हाउस में गंभीर विषय पर बहस न हो, यह हाउस की मर्यादा के खिलाफ होगा । मैं हाउस से अपील करना चाहता हूं कि जो सदस्य अपनी बात कहना चाहते हैं, उन को कहने दें । अगर कोई आपत्तिजनक बात वह कहेंगे, तो चेयर इस को देखेगी और अगर व्यवस्था का प्रश्न उठेगा, तो उस पर अपना निर्णय देगी लेकिन ऐसे गंभीर विषय पर बिल्कुल हाउस का माहौल ऐसा बन जाए कि गंभीर विषय पर चर्चा न हो सके, तो यह ठीक नहीं है ।

श्री राम विलास जी ।

श्री राम विलास पासवान : सभापति महोदय, 31 मई को चुनाव हुआ था और मंत्री महोदय ने 7 जून को दाम बढ़ाया । असल में इस प्रस्ताव में जो मुख्य मुद्दा है वह यह है कि जब पार्लियामेन्ट का सेशन 9 जून से चलने वाला था तो आपने 7 जून को ही दाम क्यों बढ़ा दिये ? जब आपने 7 जून को दाम बढ़ाये तो चुनाव के पहले भी ये दाम बढ़ाये जा सकते थे । मैं यह कहना चाहता हूं कि यह सारा का सारा राजनीति से ऊपर उठ कर नहीं किया जा रहा है । क्योंकि उस समय आपको डर था । उस समय भी आप यह तर्क दे सकते थे कि विदेशों में पेट्रोलियम प्राइस बढ़ गये हैं इसलिए अपने यहां दाम बढ़ाने की जरूरत है । उस समय भी जनता के सामने यह बात कही जा सकती थी । लेकिन ऐसा नहीं हुआ ।

सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि पेट्रोलियम किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की धुरी होता है । ऊर्जा का स्रोत किसी भी देश के लिए कितना महत्वपूर्ण है इस से इंकार नहीं किया जा सकता है । मंत्री महोदय बतलायेंगे कि इस देश में हमारे पास में कितना पेट्रोलियम पदार्थ उपलब्ध है और कितना हम आयात करते हैं?

अभी जो आम राय आयी है उसमें पहली चीज है कि हम दो तरह से इस संकट का निदान कर सकते हैं । एक तो इसके उत्पादन में वृद्धि की जाए और दूसरे जो इसमें फिजूलखर्ची है उस पर रोक लगायी जाए । मैं पेट्रोलियम की दैनिक खपत देख रहा था । मंत्री जी ने मेरे एक प्रश्न के जवाब में पेट्रोलियम की खपत बतायी है–पेट्रोल की हमारे यहां दैनिक खपत 4300 मीट्रिक टन की है और हाई स्पीड डीजल की 28,600 मीट्रिक टन की है । इनकी मासिक कंजम्पशन–

जनवरी में 1 लाख 23 हजार 2 सौ मीट्रिक टन
फरवरी में 1 लाख 24 हजार एक सौ " "
मार्च में 1 लाख 38 हजार 3 सौ " "
अप्रैल में 1 लाख 29 हजार 9 सौ " "
मई में 1 लाख 40 हजार 4 सौ " "

और डीजल का जो ब्यौरा है वह है 1971 72 में 3 मीलियन टन खपत होता था और अब 11 मीलियन टन खपत होता है।

मैंने उस दिन सवाल किया था कि जो पेट्रोलियम पदार्थ है वह किस किस वर्ग पर कितना खर्च होता है, किसान वर्ग पर कितना खर्च होता है, रेलवे विभाग पर कितना खर्च होता है और आफिसर्स पर, उनकी कार आदि पर कितना खर्च होता है। उस दिन मंत्री जी ने मेरे सवाल के जवाब में कहा कि इस तरह का हिसाब किताब नहीं रखा जाता है। मैंने उस दिन भी चार्ज किया था कि आप इसका हिसाब-किताब रखना भी नहीं चाहते हैं क्योंकि आफिसर्स जिन पर कि आप निर्भर करते हैं, जिनसे कि आप डेटा लेते हैं और जिन पर इतना ज्यादा कंजम्पशन होता है, वह आपको कैसे बतलायेंगे कि उनके ऊपर इसका खर्च बढ़ रहा है ।

8 अगस्त 1980 को अतारांकित प्रश्न संख्या 7451 में पूछा गया था कि––

क्या पर्यटन और नागर विमानन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

"(क) क्या दिल्ली फ्लाइंग क्लब ने 6 जून या इसके आस-पास बहुत बड़ी मात्रा में विमान-इंधन तेल खरीदा था,

(ख) यदि हां, तो क्या यह सुनिश्चित कर लिया गया है कि इतने तेल के भंडारण की क्षमता इसके पास थी,

(ग) यदि नहीं, तो इस इंधन तेल को कहां रखा गया था, और

(घ) क्या यह "इंधन-तेल 8 जून के नये मूल्य पर दिया गया था अथवा पुराने मूल्य पर ?"

इसका पर्यटन और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री चन्दूलाल चन्द्राकर ने इस प्रकार उत्तर दिया--

"(क) जून, 1980 में दिल्ली फ्लाइंग क्लब द्वारा उठाया गया फ्यूएल निम्न प्रकार है:--

2-6-80 1 हजार लीटर

7-6-80 4 हजार लीटर

8-6-80 दो हजार लीटर

11-6-80 चार हजार लीटर

18-6-80 पांच हजार लीटर

एक तरफ जहां आप कहते हैं कि आपके पास आवश्यकता का पूरा तेल नहीं है। जिस किसान पर आपकी अर्थव्यवस्था निर्भर करती है, जो किसान आपको अन्न की प्रोडक्शन कर के देता है, अनाज पैदा कर के देता है जो कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, उसको पहुंचाने के लिए आपके पास डीजल नहीं है, उसके लिए आपके पास तेल नहीं है। दूसरी तरफ आप फ्लाइंग क्लब में जा कर के हवाखोरी करने के लिए चार-पांच हजार लीटर तेल की व्यवस्था करते हैं। यह फिजूलखर्ची नहीं है तो क्या है ? इसको आपको रोकना चाहिये और गंभीरतापूर्वक इस पर विचार करना चाहिये। मैंने उस दिन कहा था कि जो आपके अफसर हैं वह फिजूलखर्ची बहुत ज्यादा करते हैं। आप हम लोगों के समय में बहुत कहते थे, मैं तो कहता हूं कि जो जनता पार्टी और लोक दल की दो, ढाई साल की उपलब्धियां हैं, उन्हें आपने इन 6 महीने में ही खर्च कर दिया है। अगर यही रफ्तार रही तो आगे आने वाला समय जज करेगा कि कौन सा शासन अच्छा था।

हम लोगों ने अपने समय में एक कमेटी बनाई थी और वह देखती थी। आज एक ही चीज, सिर्फ पेट्रोल पर ही फिजूलखर्ची नहीं है, आप प्रशासन में कहीं भी चले जाइये, देखिये किस तरह से टेलीफोन का दुरुपयोग होता है। हम लोग एक ट्रंक काल बुक करते हैं तो सोचते हैं कि कुछ ऐसा करें जिससे कम-से-कम 32 रुपये का बचाव हो लेकिन आप अफसरों के यहां देखिये तुरन्त दिल्ली से लन्दन, कनाडा और पटना की लाइन घूमती है एक मिनट में नम्बर मिलता है। यह फिजूलखर्ची नहीं है तो क्या है ? इसको आपको रोकना चाहिये।

1979-80 में 16.2 मिलियन मीट्रिक टन खनिज तेल का आयात किया गया और उसका मूल्य 2195 करोड़ रुपया है। इसके अलावा 1000 करोड़ रुपये का नाप्था, मिट्टी का तेल, हाई स्पीड डीजल आदि का आयात किया गया। मैं रिपोर्ट देख रहा था, इसमें एक तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग है, वह इन्वेंशन करता है कि कहां-कहां कौन सी चीज मौजूद है, तेल की खोज करता है। लेकिन उसकी एक ही रिपोर्ट हाउस में आ जाती है, कुछ थोड़ा बहुत उसमें अदल-बदल कर दिया जाता है और यहां पर इस तरह से रिपोर्ट पढ़ दी जाती है।

मंत्री महोदय ने अपना स्टेटमेन्ट दिया था, उसमें उन्होंने बतलाया था कि पेट्रोल, हाई स्पीड डीजल और लाइट डीजल की कीमत में 65 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, विभिन्न तरह के लूब्रिकेन्ट तेलों की कीमत में 1 रुपये 10 पैसे प्रतिशत की वृद्धि हुई है। नेप्था जो उर्वरक बनाने के काम आता है उसमें 475 रुपये प्रति टन की वृद्धि हुई है। यूरिया 2,000 रुपये प्रति टन हो गया है, इसमें 40 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

एक तरफ किसान को आप 40 प्रतिशत वृद्धि पर यूरिया देते हैं, उस दिन राव साहब, कृषि मंत्री कह रहे थे कि हमने उसकी उत्पादन की कीमत 95 रुपये से

[श्री राम विलास पासवान]

100 रुपये कर दी है । एक तरफ आप 40 प्रतिशत की वृद्धि करते हैं और दूसरी तरफ 95 से 100 रुपया उसके उत्पादन के मूल्य में वृद्धि करते हैं । आखिर किसान का संबंध खाद से है।

श्री वीरेन्द्र सिंह राव: हिसाब लगाकर करते हैं ।

श्री राम विलास पासवान : हिसाब हमारे पास भी लगा हुआ है । 117 रुपये क्विंटल किसान का कास्ट आफ प्रोडक्शन है और आप 105 रुपये वसूली मूल्य रखते हैं । तो यही आपका हिसाब है । आपकी सरकार का जो फार्मिंग चलता है, उसमें आप कितना लगाते हैं और कितना मुनाफा देते हैं उसकी मंत्री महोदय को जानकारी होगी । जब वह हम लोगों की तरफ से भाषण देते थे, तो उस समय की बात हमको मालूम है। इसलिये वह हिसाब नहीं लगाते ।

एक चीज आपने कही कि जो गरीब गुरबा के उपयोग की चीज है किरासिन तेल, उसकी कीमत में वृद्धि नहीं की है । लेकिन एक बात आपको सोचनी पड़ेगी कि किरासिन तेल और डीजल दोनों के मूल्य साथ-साथ चलते हैं । अगर आपने डीजल का भाव अधिक रखा और किरासिन का भाव कम रखा तो वह किरासिन डीजल में मिलना शुरु हो जाता है और आज धड़ल्ले से मिलावट हो रही है । इसलिये यदि आप चाहते थे कि किरासिन का भाव कम रहे तो आपको डीजल का भाव नहीं बढ़ाना चाहिये था । जब तक डीजल और किरासिन तेल के दामों में समरूपता नहीं रखेंगे तो वह मिलावट बराबर होती रहेगी और खतरनाक स्थिति इससे पैदा होगी ।

दो एजेन्सीज हैं जिनसे आप किरासिन तेल का डिस्ट्रीब्यूशन करते हैं । एक फेयर प्राइस शाप है और दूसरा सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन है। अभी कई साथियों ने बताया कि किस ढंग से वहां पर भ्रष्टाचार व्याप्त है । गांव में कहीं किरासिन तेल मिलता ही नहीं है । यदि किसी गरीब गुरबा के लिये वह तेल भेजा भी जाता है तो वह उसके पास पहुंच नहीं पाता है।

मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं कि कुकिंग गैस का प्राडक्शन कास्ट क्या है । मेरा अंदाज है कि वह नग्ण्य है—निल के बराबर है, लेकिन सरकार ने एक सिलंडर का दाम 36 रुपये कर दिया है । उसका क्या औचित्य है ?

आयल डेवेलपमेंट फंड में करोड़ों रुपये जमा हैं, मगर उसका क्या यूटिलाइजेशन हो रहा है, अभी तक इसका पता नहीं है । जब सरकार उसका यूटिलाइजेशन नहीं कर पाती है, तो उसका क्या औचित्य है ?

मंत्री महोदय के वक्तव्य के पेज 3 पर कहा गया है :—

> "For example, the price of diesel oil at Delhi is less than the imported price by at least 60 paise per litre."

मंत्री महोदय का कहना है कि दिल्ली में डीजल आयल की प्राइस दूसरे स्थानों की तुलना में कम है । दूसरी जगहों की प्राइस क्या है ? सरकार स्वयं किस दाम पर खरीदती है ?

हमारे बहुत से साथियों ने बरौनी पेट्रो-कैमिकल कम्प्लेक्स के बारे में कहा है । सरकार आठ साल से इस मामले को लटकाये हुए है। सरकार की ओर से कभी यह कहा जाता है कि एक कमेटी को भेजा जा रहा है, जो जगह का सिलेक्शन करेगी । जब सरकार के पास सब आंकड़े उपलब्ध हैं, तो कमेटी के वहां जाने का क्या औचित्य है ? बिहार का पैसा बाहर भेजा जा रहा है । बिहार का एरिया सब से अधिक है, लेकिन वहां पर डीजल का कनजम्पशन सब से कम है ।

मैंने शुरू में कहा है कि जब सरकार मूल्य-वृद्धि पर विचार करती है, तो एक तरफ तो उसको प्राडक्शन को अधिक से अधिक बढाना होगा और दूसरी तरफ फिजूलखर्ची पर रोक लगानी होगी । तभी हम इस समस्या को हल कर सकते हैं ।

श्री जयपाल सिंह कश्यप (आंवला) : सभापति महोदय, इसी सदन में मंत्री महोदय ने यह आश्वासन दिया था कि इस देश में एक रोज पेट्रोल और डीजल की बाढ़ आ जायेगी। उन की बाढ़ तो नहीं आ पाई, लेकिन कीमतों में बढ़ोतरी जरूर हुई है । इस

सदन में यह आश्वासन भी दिया गया था कि पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ने से देश के उत्पादन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा । लेकिन सब से पहला प्रभाव वहीं से पड़ना शुरू हो गया, जहां से बाहर से तेल आता है । समुद्र में मल्लाहों और मछुवों को डीजल की कीमत बढ़ जाने की वजह से अपनी नावों को बन्द करना पड़ रहा है । उनका मछली का उत्पादन रुक गया है, जिससे देश को करोड़ों अरबों रुपयों का नुकसान हो रहा है । इस नुकसान के लिए सरकार जिम्मेदार है ।

आज आवश्यकता इस बात की है कि पेट्रोल और डीजल की जो फिजूलखर्ची होती है, है, उसको रोका जाये । हिन्दुस्तान के किसी दफ्तर में चले जाइये, साहबों के घरों में चले जाइये, किस तरह से वहां पर पेट्रोल और डीजल की बर्बादी हो रही है । यह पेट्रोल और डीजल की बर्बादी नहीं, पूरे देश की बर्बादी की जा रही है । आज मनमाने ढंग से काम करने वाले अधिकारी सड़कों पर कारों और जीपों को बेतहाशा दौड़ा रहे हैं । सरकार इस पर क्या पाबन्दी लगा रही है ? सरकार ने अपनी नीति से एक कदम चलना भी मंहगा कर दिया है ।

यात्रियों को आने जाने के लिए ज्यादा पैसा खर्च करना पड़ता है। आज जो हमारे माननीय संसद सदस्य हैं उन को थोड़ी दूर से भी आने पर टैक्सी का ज्यादा भाड़ा देना पड़ता है। कोई ऐसा क्षेत्र नहीं रहा है जिस में आप के इस कदम की वजह से मंहगाई न बढ़ गई हो और इस के लिए आप जिम्मेदार हैं। इसके लिए हमें कोशिश करनी पड़ेगी, जैसा अभी हमारे एक माननीय सदस्य ने कहा हमें इस का आलटरनेट ढूंढना पड़ेगा। इस के लिए हमें जुट जाना चाहिए और हमें कुछ दूसरे तरीके भी अपनाने चाहिए जिस से इस देश का ट्रांसपोर्ट सस्ता चल सके, पैट्रोल और डीजल की कम से कम जरूरत हमें पड़े। इस देश की नदियों को गहरा किया जाए, नहरें बना दी जायें और वाटर बेस्ट ट्रांस्पोर्ट को हम ज्यादा प्रोत्साहन दें जिससे पेट्रोल और डीजल पर निर्भरता घटे और हम इस देश के पानी का सही उपयोग कर सकें। इस के लिए हमें विशेष रूप से ध्यान देना पड़ेगा । यह अगर हम नहीं कर पाए तो इस देश को खेती, ट्रांसपोर्ट, खाद, दवाइयां और बढ़ती हुई कीमतों का क्या होगा, यह हम कुछ नहीं कह सकते हैं । अगर आप ने गवर्नमेंट मशीनरी को ठीक नहीं किया और जो आप का डिस्ट्रीब्यूशन का तरीका है, उस को ठीक नहीं किया तो आगे चल कर बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा । जो आप का डिस्ट्रीब्यूशन का तरीका है कि एक फ्लाइंग क्लब को तो मनमानी डीजल और तेल मिल जाय लेकिन यहां के किसान को लाइन लगानी पड़े, यह कोई अच्छी चीज नहीं है। आज आप फख्र के साथ कह सकते हैं कि आज लाइन नहीं लगानी पड़ती लेकिन आज तो बरसात हो गई है। आगे जब जरूरत पड़ेगी तो फिर हमारे सामने वही समस्या आएगी और उस वक्त फिर से इस पर गंभीरता से सोचना पड़ेगा। इसलिए हम इस विकल्प को ढूंढें।

एक और समस्या जो सब से बड़ी है और जिस को सरकार चेक करने में असफल रही है वह यह है कि बराबर मिलावट की जा रही है। आप के पेट्रोल तक में पानी मिला दिया जाता है। डीजल में पानी मिला दिया जाता है, मिट्टी के तेल में पानी मिला दिया जाता है। एक दूसरी चीजों को मिक्स किया जाता है। इस तरह से जो मिक्स कर के बेचा जा रहा है उस को जगह-जगह रोका जाय और आप मिट्टी के तेल की दूकानों को देखें.... (व्यवधान) पेट्रोल में पानी मिला दिया जाता है, उस से गाड़ी नहीं चल पाती। आप के पेट्रोल पम्पों पर पानी मिलाया जाता है। मिट्टी का तेल- देहातों में जहां बटना चाहिए वहां नहीं बटता है, उस पर आज भी ब्लैक चल रहा है और लोगों को वह मिल नहीं पा रहा है। इस तरह से देश के सामने जो संकट है उस की ओर आप ध्यान दें। जो आप ने वादे किए उस को आप पूरा नहीं कर पा रहे हैं । कहां तक रोएंगे जनता पार्टी और लोक दल के लिए। असली रोना तो चार छः महीने बाद आप अपने ऊपर ले रहे हैं । मैं व्यास जी से कहना

[श्री जयपाल सिंह कश्यप]

चाहता हूं, हम को कोसने से आप किसी समस्या का हल नहीं कर पाएंगे। आप को इन समस्याओं को हल करना पड़ेगा। यही कहते हुए मैं सभापति महोदय का आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने मुझे समय दिया।

श्री मुन्वर शर्मा (जबलपुर): सभापति महोदय, यह एक गंभीर विषय था और गंभीरता के साथ बातचीत हो रही थी, लेकिन न मालूम कहां से और कैसे उड़ते उड़ते उल्लू इस सदन में आ गया और वातावरण कुछ गरम हो गया। उल्लू की चर्चा नहीं होनी चाहिए थी लेकिन वाजपेयी जी को मालूम होना चाहिए कि उधर से ही कहा गया था। गंभीर वार्ता चल रही थी लेकिन ऐसे ही उल्लू का भी जिक्र आ गया था। वातावरण माननीय उपाध्यक्ष जी ने नियंत्रित किया, यह बहुत ही अच्छा हुआ।

श्री वाजपेयी जी ने 25 प्रतिशत कटौती की बात की है लेकिन उन्होंने हिसाब जोड़ कर यह नहीं बतलाया कि किस आधार पर उन्होंने ऐसा कहा। उन्होंने यह कहा कि विदेशों में तेल की मूल्य वृद्धि हो गई है और कुछ आवागमन में जो खर्च बढ़ेंगे उस को मिला कर 25 प्रतिशत कटौती की जाय। कहा गया कि 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यदि उस पर प्रकाश डाला गया होता कि किस आधार पर 25 प्रतिशत की कटौती करने की बात की गई है तो अच्छा होता। इसी प्रकार से श्री रामावतार शास्त्री जी ने 50 प्रतिशत कटौती की मांग की है, उस का आधार क्या है, यह बताते तो शायद मंत्री जी की समझ में यह बात आती कि कौन सा आधार है जिस से 25 या 50 प्रतिशत कटौती की मांग की जा रही है। एक तो यह बहुत ही बढ़िया सुझाव है, यदि विदेशों में दाम बढ़ा है और यदि हम वास्तव में सोचते हैं कि जनता को कष्ट कम हो और इस के लिए कुछ रास्ते अख्तियार किए जायं तो इस सारी चीज को राजनैतिक चश्मे से नहीं देखना चाहिए। जैसा आप लोगों ने कहा है आज अन्तिम दिन है। महंगाई जो बढ़ती है यह चिन्ता का विषय है। फिजूल खर्जी जहां भी हो उस को अवश्य रोकना चाहिए। चोरी जहां होती हो, पेट्रोल और डीजल की, उस के ऊपर ध्यान देना चाहिए। मंत्री महोदय को भी देखना चाहिए कि फिजूल खर्जी और चोरी अवश्य बन्द हो। लेकिन इसके साथ ही इस बात पर भी विचार करना चाहिए कि वास्तविकता क्या है और वर्तमान परिस्थिति में क्या करना चाहिए। अगर आप इधर होते तो क्या होता--इसको भी सोचना चाहिए। अभी मंत्री जी की ओर इशारा करके कुछ कहा गया। श्री वीरेन्द्र पाटिल ने जब चिकमंगलूर से चुनाव लड़ा था, उसका भी यहां पर जिक्र किया गया। उस समय वे विरोध पक्ष वालों की दृष्टि में आए थे, बहुत अच्छे व्यक्ति थे लेकिन आज जब इधर आ गए हैं तब से कुछ ऐसा करने लगे हैं जिससे खराबी आ गई और तेल के भाव बढ़ रहे हैं? मैं समझता हूं ऐसा कहने के बजाय कुछ ठोस सुझाव आने चाहिए कि वर्तमान परिस्थिति में ऐसी स्थिति निर्मित हुई है और इसमें ऐसे मूल्य होने चाहिए। ऐसा न करके केवल अखबारों में प्रकाशित कराने के लिए कि किसानों के सम्बन्ध में कुछ कह रहे हैं, सारी बातें कही जाती हैं।

मैं सिन्दरी के सम्बन्ध में याद दिलाना चाहूंगा कि 1950-51 में लीडर अखबार के विशेष संवाददाता ने लिखा था कि सिन्दरी प्रोजेक्ट गलत स्थान पर बन रहा है, कभी ऐसा समय आ सकता है जब सिन्दरी प्रोजेक्ट के लिए कच्चा माल न मिले और यह कारखाना बन्द हो जाए। इसलिए मेरा सुझाव है कि भविष्य में राजनीतिक आधार पर कोई भी कारखाना न खोला जाए बल्कि कारखाने में काम आने वाली वस्तुयें जहां पर आसानी से उपलब्ध हो सकती हैं, वहीं पर खोला जाए।

मैं अन्त में निवेदन करना चाहता हूं कि यह बहुत गम्भीर विषय है और गम्भीरता के साथ इस पर विचार होना चाहिए। जो रास्ते निकल सकते हैं वह यहां पर बतलाएं जाएं कि इस आधार पर मूल्य बढ़ौती में कटौती की जा सकती है लेकिन बढ़ौतरी अगर अनिवार्यतः ही है तब तो शायद यह सम्भव नहीं हो पायेगा। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

सभापति महोदय: अभी दो तीन सदस्य और हैं जोकि बोलना चाहते हैं। अगर प्रत्येक सदस्य दो तीन मिनट में अपनी बात कह ले तो अच्छा होगा क्योंकि अभी एक और महत्वपूर्ण विषय पर विचार होना है। इस बात को ध्यान में रखते हुए माननीय सदस्य बहुत संक्षेप में अपनी बात कहें।

श्री सत्यनारायण जटिया (उज्जैन): सभापति महोदय, जो प्रस्ताव यहां पर रखा गया है उसका सबस्टीट्यूट प्रस्ताव मैंने दिया है जिसमें मैंने कहा है:

> "....that the prices of fertilisers be reduced by 25 per cent to help the small farmers to increase their production."

वास्तव में जो प्रस्ताव रखा गया है जिस-पर बहस हो रही है वह बहुत महत्वपूर्ण है। जो भाव बढ़ाए गए हैं उसके कारण 600 करोड़ की वृद्धि हुई है। मेरा कहना यह है कि इसमें डेढ़ सौ करोड़ की कमी कर दी जाए जिससे कि जो छोटे किसान हैं उनको राहत मिल सके। इस देश में छोटे किसानों की संख्या बहुत अधिक है और उनकी मदद करना बहुत आवश्यक है। वे लोग इस देश के लिए बहुत कुछ करते हैं लेकिन उनकी माली हालत अच्छी नहीं है। इसलिए जरूरी है कि जो डीजल उनको दिया जाने वाला है वह सब्सिडाइज्ड रेट पर, कम मूल्य पर उनको उपलब्ध कराया जाए। अभी तो कुछ पता नहीं लग रहा है लेकिन अक्तूबर, नवम्बर में, जबकि डीजल की डिमाण्ड होती है, तमाम किसान गांवों से शहर की ओर इस आशा से आते हैं कि उनको डीजल मिलेगा, उनकी खेती लहलहायेगी और उनके जीवन में खुशहाली आयेगी। मैं समझता हूं यह सरकार भी उनको खुशहाल देखना चाहती है। अगर सरकार के पास कोई वैकल्पिक योजना हो तो उसको यहां प्रस्तुत करे। हमारे देश की वैज्ञानिक प्रतिभाओं को उसकी खोज में लगाना होगा। अगर हमारा देश वैज्ञानिक प्रतिभाओं में कमजोर हो तो विकल्प मिलना मुश्किल होगा। इस के कई विकल्प हैं, हमें इन विकल्पों को तय करना चाहिये, अन्यथा मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि आज इस मौके को चेतावनी मान कर सरकार को विचार करना चाहिये कि हम किस प्रकार से किसानों की ज्यादा से ज्यादा मदद कर सकते हैं।

खाद किसानों के लिये बहुत जरूरी चीज है। पिछले दिनों जब किसानों को खाद नहीं मिली, तो उस का परिणाम यह हुआ था कि जिस हिसाब से फसल बोई गई थी, उतना उत्पादन नहीं हुआ और किसानों को बहुत नुकसान हुआ। खाद यदि मिलती है तो डीजल नहीं मिलता। खाद के साथ सिंचाई की बहुत ज्यादा आवश्यकता होती है, अगर खाद डालने के बाद जमीन को पानी नहीं मिलेगा, तो फसल जल जाएगी। ये दोनों एक दूसरे से को-रिलेटेड हैं। इस लिये खाद सस्ते दामों पर मिलनी चाहिये, लेकिन उस के साथ ही डीजल की उपलब्धि भी होनी चाहिये। यदि खाद समय पर देंगे और उसके साथ डीजल भी देंगे तो निश्चित रूप से हमारी पैदावार बढ़ेगी। जहां तक बिजली सप्लाई का प्रश्न है, यह भी एक बहुत समस्या है। हमारा जो इलैक्ट्रिसिटी जैनरेशन का सिस्टम है, उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। कभी बिजली आती है, कभी चली जाती है-ऐसा नहीं होना चाहिये। कोई इस प्रकार की योजना चलानी चाहिये, जिस से इस में सुधार हो।

मुझे विश्वास है, सरकार किसानों के लिये, विशेष कर छोटे किसानों, मध्यम वर्ग के किसानों को सहूलियत पहुंचाने के लिये खाद के भावों को कम करेगी और डीजल समय पर उपलब्ध करायेगी। धन्यवाद।

श्री कमलामिश्र मधुकर (मोतिहारी): सभापति जी, जब यह सेशन शुरू हुआ था, उस समय इस सम्बन्ध में मेरा पहला प्रस्ताव था और मंत्री जी ने बयान देते हुए बहुत सारे आश्वासन दिये थे। आज इस सेशन की समाप्ति हो रही है--डीजल, कैरोसीन और पैट्रोलियम प्रोडक्ट्स की बहस के साथ और संयोग से कृषि मंत्री जी भी इस समय सदन में बैठे हुए हैं, वे स्वयं भी किसान हैं, बड़े किसान हैं....

एक माननीय सदस्य : कलंक हैं।

श्री कमलामिश्र मधुकर: मैं कुलक नहीं कह रहा हूं। आज पैट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ जाने से, उर्वरक के दाम बढ़ जाने से सारे देश में चाहे छोटा किसान हो, गरीब किसान हो, मझोला किसान हो, यहां तक कि कुलक लोगों में भी बैचेनी फैल गई है। हमारे देश में पहले ही अन्य देशों की अपेक्षा उर्वरकों की खपत कम होती है, लेकिन दाम बढ़ जाने से तो बहुत ही ज्यादा कठिनाई पैदा हो गई है, उन के अन्दर असन्तोष फैल गया है। हमारे दोनों मंत्रियों को उन के इस असन्तोष का ख्याल है या नहीं--मैं नहीं जानता। अगर ख्याल होता, तो हमारे दण्डवते जी इस प्रस्ताव को यहां लेकर क्यों आते ? आज यह मांग की गई है कि किसानों को जो खाद सप्लाई की जा रही है, उस पर सबसीडरी दी जानी चाहिये, यह बिलकुल सही बात है। मैं समझता हूं कि इस मांग को मानने में आप को कोई उज्र नहीं होना चाहिये। अन्यथा जैसा रामविलास जी ने कहा है, मैं वैसा तो नहीं कह रहा हूं, लेकिन जनता पार्टी के राज में जब ऐसा हुआ तो जो नारा उन के खिलाफ लगा, उसी तरह का नारा आप के खिलाफ भी लगनेवाला है, इस में अब देर नहीं है। इस लिये मैं आप से अपील करता हूं कि आप किसानों को सब-सिडी दीजिये और ऐसी व्यवस्था कीजिये जिस से किसानों को उर्वरक सस्ते दामों पर मिल सके।

मैं इस बात को इस लिये भी कहना चाहता हूं--यदि आप उर्वरक को पूरी तरह से सब्सीडाइज कर दें तो इस से देश की अर्थ-व्यवस्था में जो मुद्रास्फीति का ट्रेण्ड चल रहा है, उसमें राहत मिलेगी, वह किसी हद तक रुक सकेगी। मैं मानता हूं कि पैट्रोल वाले देशों के दाम बढ़ाने से यह स्थिति पैदा हुई है और इन बढते हुए दामों को रोका नहीं जा सकता, लेकिन मैं ऐसा विश्वास करता हूं कि सब्सीडाइज करने से उस मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति को रोका जा सकता है।

इस का असर दवाइयों पर भी पड़ रहा है। सरकार की ओर से बार-बार घोषणा की गई है कि दवाईयों की कीमतें नहीं बढ़ाई जायेंगी, लेकिन उस के बावजूद भी अंग्रेजी दवाइयों की कीमतें बढ़ती जा रही हैं। वह आम जनता की खरीदने की सीमा के बाहर चली गई हैं। अभी अखबारों में छप रहा है कि दवाइयों की कीमतें बढ़ाई जाएंगी । मेरा यह कहना है आपके जो वायदे जनता से होते हैं, उन को पूरा करना चाहिए और जनता की इच्छा के अनुरूप ही आप का कार्य होना चाहिए। अंग्रेजी दवाओं की जो उपलब्धि है, वह आम जनता को नहीं होती हैं और उन के दाम भी बढ़ते जा रहे हैं। इस ओर आप का ध्यान जाना चाहिए कि आम आदमी को ठीक दामों पर दवाएं मिल सकें।

दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि आप का जो डीजल है, उस में केरोसियन आयल मिलाया जा रहा है । आप ने कहा था कि केरोसियन तेल के दाम इस लिए सस्ते रखे गये हैं कि खेतियर मजदूर के घर में रोशनी हो सके, उस गरीब के घर में भी रोशनी जल सके । वह कैसी जल रही है, या नहीं जल रही है, यह तो आप जानते होंगे। यह बात सही है और बहुत से मित्रों ने भी इस बात को कहा है कि बहुत बड़े पैमाने पर डीजल में केरोसियन आयल मिलाया जा रहा है और ऐसी खबरें अखबारों में भी छप रही हैं । इस की रोकथाम के लिए आप कार्यवाही कीजिए । इस के साथ ही एक बात यह है कि हमारे यहां उत्तरी बिहार में चम्पारण जिले में बेतिया से हमारे पास खबरें आ रही हैं और चिट्ठियां आ रही हैं कि गैस के लिए वहां पर हाहाकार मचा हुआ है । उस की वहां पर आपूर्ति नहीं हो रही है और महीनों से ऐसा चल रहा है । चम्पारण जिले में गैस की आपूर्ति की जाए ताकि लोगों को कुछ राहत मिले ।

इस के अलावा आप का आयल एण्ड नेचुरल गैस कमीशन है, उस की एक टीम मोतीहारी में कैम्प लगाए हुए बैठी है और चम्पारण में भी उस का सर्वे चल रहा है । उस पर बहुत सारा पैसा खर्च हो रहा है लेकिन उस की रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है। कब तक उस की रिपोर्ट प्रकाशित होगी यह पता नहीं है । उस से क्या लाभ होने जा रहा है ? किसानों को सब्सीडी के रूप में डीजल दीजिए और रासायनिक खाद दीजिए ताकि

किसानों को अपनी पैदावार बढ़ाने के लिए प्रेरणा मिल सके । आज वे तबाह हो रहे हैं और एक असंतोष उन में पैदा हो रहा है । उस असंतोष को आप समाप्त कीजिए और उन को कुछ राहत दीजिए ।

श्री चतुर्भुज (झालावाड़) : मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं और यह कहना चाहता हूं कि वर्तमान युग की मांग है और राष्ट्र की यह मांग है कि हमारे मंत्री जी इस प्रश्न के बारे में विचार करें । मैं आशा करता हूं कि हमारे कृषि मंत्री जी और हमारे पैट्रोलियम मंत्री जी इस पर पुनः विचार करेंगे । यह एक गंभीर मामला है और मैं समझता हूं कि इस के ऊपर दोनों पक्षों की ओर से बड़ी गंभीरता से विचार करना चाहिए और आरोप-प्रत्यारोप से कोई काम चलने वाला नहीं है ।

आज राष्ट्र एक मोड़ पर खड़ा है और अगर उस को सही दिशा की ओर ले जाना है, तो हमें इस के बारे में कुछ सोचना पड़ेगा कि आज जो पेट्रोलियम, डीजल और दूसरी सम्बन्धित चीजों के दाम बढ़ रहे हैं उन के लिए क्या किया जाए । रसायनों के दाम बढ़ने से दवाइयों के दाम बढ़ते हैं क्योंकि दवाइयां सारी की सारी इसी पर निर्भर करती हैं । इसलिए मैं पेट्रोलियम मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वे इस के बारे में विचार करें । मैं कृषि मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि आप तो किसानों के बारे में बड़ी गंभीरता से विचार कर रहे हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक किसान को 50, 50 किलोमीटर से तहसील हेडक्वार्टर पर पेट्रोल और डीजल पम्प पर जाना पड़ता है और उस में उस को कितना समय नष्ट करना पड़ता है और कितना उसका धन नष्ट होता है । 10 लीटर डीजल के लिए आवागमन के लिए कितना उस को देना पड़ता है और इतना पैसा और समय नष्ट करने के बाद वह 10 लीटर का पीपा बस में लाद कर ले जाता है । अगर खुद के व्यवहार में यह बात आई होती, तो दर्द महसूस होता । आज इस देश में 75 फीसदी किसान छोटा किसान है । उस के लिए जैसा आप ने शूगर के मामले में दोहरी नीति अपनाई है, इस में भी आप उस नीति को क्यों नहीं अपनाते । किसान के लिए आप डीजल के भाव दोहरे क्यों नहीं करते ? आप बड़े किसानों को डीजल और केरोसीन ऊंची कीमत पर दीजिए लेकिन छोटे किसान को आप को ये चीजें कम कीमत पर देनी चाहिएं ।

आज हमारे देश के अन्दर, केन्द्रीय सरकार की वास्तव में गरीबी की कोई परिभाषा नहीं है । मैं पूछना चाहता हूं कि आपकी गरीब किसान की परिभाषा क्या है ? इसके ऊपर आप विचार नहीं करते । आज जो राजे महाराजे हैं, पूंजीपति हैं वे सारे वहां बैठे हैं और इधर किसान बैठे हैं । इस बारे में आपको गंभीरता से विचार करने की जरूरत है ।

आप कहते हैं कि हम हर बात में विरोध करते हैं लेकिन मैं आपको एक उदाहरण देता हूं कि जब रेगिस्तान में हरियाली पैदा करने की बात सामने आयी तो उसका किस ने विरोध किया? वह हमारे राष्ट्र के सम्मान के लिए जरूरी है। इसी तरह से अगर अरब कंट्रीज हमें पेट्रोल नहीं देती हैं तो हम अपने रेगिस्तान में हरियाली पैदा कर के देश में एक चरित्र पैदा कर सकते हैं, उसका विकास कर सकते हैं । इसलिए मैं आप से कहता हूं कि अगर विश्व के अन्दर कोई राष्ट्र उन्नति करता है तो उसके हमें गुण लेने चाहिएं, दुश्मन के अन्दर भी यदि चरित्र है तो उसके गुणों को लेने में भी हमें कोई आपत्ति नहीं करनी चाहिए । इन सब बातों पर हमारे पेट्रोलियम मंत्री जी विचार करें ।

हम ने किसी कंट्री से कोई लड़ाई नहीं की तो फिर हमारे यहां इसके आयात करने का जो खर्चा पड़ता है उसमें कमी लाने पर विचार करें । मैं कहता हूं कि हमारे देश के अन्दर 55 परसेंट पेट्रोल और डीजल अफसरशाही द्वारा खर्च किया जा रहा है । आप सैकिंड वर्ल्ड वार में ब्रिटेन के अन्दर देखिये, फर्स्ट वर्ल्ड वार में जर्मनी के अन्दर और अन्य योरोपीय कन्ट्रीज के अन्दर देखिये कि किस तरह से इसकी बचत की जाती थी। हमारे देश के अन्दर संकट आ रहा है, देश त्राहिमान कर रहा है फिर भी हम इसकी बचत नहीं कर रहे हैं । मैं समझता हूं कि यदि 6 महीने अगर और इसी तरह से चलता रहा तो गरीब किसी को बख्शेगा

[श्री चतुर्भुज]

नहीं । आप चोरी, डकैती को किसी आधार पर भी बन्दूक की नोक से नहीं रोक सकेंगे । सारे राष्ट्र में विप्लव होगा और न आप बचेंगे और न हम बचेंगे । सारा राष्ट्र आपके पैरों तले कुचला जाएगा । इसलिए आरोप लगाने से काम चलने वाला नहीं है । आप हम पर आरोप लगा दें, हम आप पर आरोप लगा दें इस से काम नहीं चलेगा । हम और आप दोनों जनप्रतिनिधि हैं और जनप्रतिनिधियों के नाते ही हमें और आपको विचार करना और चिंतन करना चाहिए । राष्ट्र की भावना से ओतप्रोत हो कर, हमें पूरी देश भक्ति के साथ चिंतन करना चाहिए । इस में चाहे अफसरशाही की कमी हो, चाहे हमारे सोचने की कमी हो, हम राष्ट्र को सामने रख कर, देश को सामने रख कर, अपने लोकतंत्र को सामने रख कर विचार करना चाहिए । तभी हम इन सारी कमियों पर विजय प्राप्त कर सकते हैं । इसी आधार पर आप को धन्यवाद ।

THE MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILISERS (SHRI VEERENDRA PATIL): Mr. Chairman, Sir, I am happy that hon. Member Prof. Madhu Dandavate has provided an opportunity by moving this Motion to discuss this very serious problem of increase in the prices of petroleum products. Quite a few Members from both sides have expressed their views on this problem, and I am very happy that the discusison, throughout, went on with all the seriousness that was due to it. Many Members have given very useful suggestions. Both long-term and short-term suggestions have come from the Members who have participated in the debate. I would like to assure the hon. Members that, with regard to certain suggestions that have been made here, the Ministry is seriously considering them. The Ministry is considering the short-term plan as also the long-term plan in order to deal with this problem effectively. As the hon. Members are aware, oil problem or the oil crisis is a global crisis. It is not confined to India or any particular country. This is a crisis which the entire world is facing. Even the so-called advanced countries are grumbling and their economy is being shattered because of the steep increase in the prices. The prices are increasing and I do not know what is the limit for this increase. It is very difficult to say because our experience shows that every second month or the third month the prices of oil are increased by 2 dollars, 3 dollars or 4 dollars. Even after my announcement and making a statement here on the floor of the House on the 10th, so far 4 dollars per barrel increase has been announced. So it is going up. The difficulty with this problem is that oil is an exhaustible commodity because wherever there is oil, those countries are very conscious that their oil reserves are limited and they are going to be exhausted sooner or later. Therefore, their anxiety is to live long with the oil and also, at the same time, make as much money as possible because their wells will go dry and they have no other resources at all. Therefore, they want to depend on the oil that is now available and make as much profit as possible. That is their view.

In this background it is very necessary that we have to think of alternative sources of energy. I agree with Prof. Dandavate that sooner or later we have to face this problem. So far as I have understood, some of the oil producing countries have started very seriously thinking of reducing their production. They feel that unless they reduce their production, within the next 25 or 50 years all their wells will go dry and no oil will be available at all. Similarly there are other nations. I am told by the end of 1980 the production is going to be reduced and at that time oil, even if we pay more or even if we pay whatever price they quote, may not be available in sufficient quantity. That is my apprehension. Therefore, sooner or later we have to think very seriously. Of course, the advanced countries are very seriously applying their mind to find out the alternative sources of energy. In our

country also we have to find out alternative sources of energy in order to deal with this problem.

Prof. Dandavate and my hon. friend, Mr. Vajpayee will agree with me that whatever increase in prices we have effected from 7th June, 1980, are inescapable and inevitable. I do not know whether for political reasons they may not agree outwardly from the public platform but had they continued in office for the full term, I am quite sure whatever decision we have taken and whatever decision the present government has taken, the same decision Prof. Dandavate and Mr. Vajpayee would have taken because there was no other go. . . .

AN HON. MEMBER: Shri Agarwal also.

SHRI VEERENDRA PATIL: Yes, everybody sitting on that side.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: We had reduced the prices of fertilisers.

SHRI VEERENDRA PATIL: You have reduced the prices of fertilisers but you have not reduced the price of diesel. You have not reduced the price of petrol.

On the eve of increasing the price of petroleum products, fortunately or unfortunately—I do not know—you had to lay down your office. If you had continued in office, instead of Mr. Charn Singh's increasing the price of oil in the month of August, 1979, you would have increased the price of oil. Whether there was Mr. Charan Singh or anybody else, that is all the difference. When I say that this is a very serious problem, this is not a political problem; this is not a problem concerning only the party in power; this is the problem concerning the entire nation; this is the problem of the entie universe. So, we have to view this problem with all seriousness and not from any political angle. So, I would like to appeal to the hon. Members not to make any political issue out of this problem. (*Interruptions*)

SHRI SATISH AGARWAL It was the Congress Party which explcited the shortage of diesel oil in their elections. The country knows it. (*Interruptions*).

SHRI VEERENDRA PATIL: As regards oil price, I would like to give a little background. In the year 1971-72 the price per barrel was one dollar and 20 cents. To day the price per barrel is ranging from 28 dollers to 37 dollars. There are countries which are charging 28 dollars; there are countries which are charging 35 dollars; there are countries which are charging 37 dollars today.

DR. SUBRAMANIAM SWAMY (Bombay North East): Don't go on saying that the oil price per barrel has gone up. You must also recognise the dollar that has been earned by the Arabs has been utilised to import Indian labour. You know how much of money has been repatriated here? You know how much of money has come from the middle eastern countries? You can subsidise this out of that.

SHRI VEERENDRA PATIL: There is no question of subsidising it. The hon. Member says that so many Indians are working and are settled down abroad are remitting their money here. Therefore we have to subsidise this out of that. Nobody would do that. Of all persons, I never expect such a proposal to come from Dr. Subramaniam Swamy.

Anyway, I was saying that the oil price is mounting up. I can quote the figures. But, I do not want to take much of the time of the House. Everybody is aware of this and every body is alive to the situation. In August 1979 the price of oil per ton was Rs. 1,255 crores. Now it is Rs. 1,943 crores. So, the additional burden is Rs. 2,466 crores. This Rs. 2.466 crores of additional burden we have passed only to the consumers and not on the general taxpayers. I think Shri Shanker Rao Chavan had made a very pertinent point that if we had not passed on this burden to consumers, then what was the alternative left with the Government of In-

[Shri Veerendra Patil]

dia". The only alternative left with them was to resort to deficit financing or by increasing the taxes. Naturally the people who are not making use of the petroleum products would have to pay Rs. 2,415 crores of deficit through their nose. That is why we decided that whatever burden is there because of the increase in the price of oil, that should be passed on only to the consumers and I would like to make it very clear on this occasion that in this petroleum business Government of India is not making any profit. I am making it very clear. Nobody need be under the impression that we are getting oil from outside at a particular price and we are supplying or selling the same to the consumers in our country at a higher price thereby making some profits out of it. That is not so. Whatever additional burden is there, to that extent, that burden is transferred to the consumers. That is all we have done.

Now, the question is...(*Interruptions*).

DR. SUBRAMANIAM SWAMY: Actually the price is 1.25 per litre and the rest is the tax.

SHRI VEERENDRA PATIL: That is with regard to petroleum that you are telling. You know how much it constitutes. It constitutes 5 per cent of the total petroleum consumption. What about the crude price which is indigeneously produced? How much we are charging: We are charging only Rs. 310/- or Rs. 425/-. That is also our resource. As coal is our resources similarly oil produced in our country is our resource. If we had charged at the international price to the consumer then the burden would have been twenty thousand crores more. We are not charging. Whatever we are producing we are charging nominal price. It may be a little more than the actual cost of production. That is why I say that Government in this respect is not making any profit.

Sir, I agree with the hon'ble Member that this problem has to be dealt with effectively. Now, how should we do it? We have to attack this problem from two angles—one is conservation and the other is more production. What ever possible efforts are necessary those efforts should be made in order to find more oil in our country. That we have been doing. We have got two organisations, viz., ONGC and Oil India. Lot of survey and exploration works have been done and drilling works are being done. We have found oil and I have given all the details to this House on several occasions and, as such, I do not want to repeat the same. In addition to that recently we have taken a decision to invite foreign parties in order to help us in the exploration work so that wherever it is possible to find oil we want to locate and identify those areas and extract as much as possible oil. I am not in a position to give any assurance that we are going to be self-sufficient or if going to be self-sufficient by what time. But our efforts are towards becoming self-sufficient as early as possible in the matter of oil. That is one thing we are doing.

About conservation I admit whatever efforts we have done the impact of it is marginal. So far we have not very seriously given our attention to this problem. But we have been doing it. We are already on it. We are trying to conserve petroleum products as much as possible. I would like to tell the House and more particularly Prof. Dandavate that Railways are consuming diesel but that is not my problem. You know how much diesel they are consuming! They are consuming only 10 per cent of the total diesel consumption in the country. That way it is only nominal. I want railways to improve their efficiency.

My problem is that 60 per cent of the total diesel consumption in the country is being consumed by road transport. It is mounting every year. Year before last there was increase of 9 per cent; last year it was 11 per cent and this year there is 12.6 per cent more demand. You know even cement, steel, fertilisers and foodgrains are moved by road transport.

Road movement is increasing by leaps and bounds. 60 per cent of the total diesel oil that is consumed in the country is consumed only by the road transport. Therefore, our effort should be to discourage the road movement and encourage the rail movement more and more. That is possible only if we lay more railway lines, if we electrify more of our railway lines, so that, whatever load is there today on the road movement could be shifted to rail to a great extent. Then only we can save oil. That is one thing. Another attempt that we have been making is this. We have taken policy decision that hereafter we do not like to establish any fertiliser plant based on naphtha. I have made this very clear. We do not want to establish any fertilizer plant—either based on naphtha or based on fuel oil; we don't want to do that. The first preference is gas. Fortunately we have been able to produce more gas in our country. We have found more gas in Bombay High. There, the gas production is 21 million cubic metres per day. In order to utilise that gas, we have appointed a Committee, Satish Chandra Committee. That Committee said that in order to utilise the Bombay High Gas in full it is possible for us to establish ten fertilizer plants. So we have planned for the establishment of 10 fertilizer plants. That is why I said that my first priority so far as fertilizer plant is concerned is to have gas-based fertilizer plants. After exhausting the entire gas then we could go in for coal-based fertilizer plants. Several hon. Members suggested, why not we take up coal-based fertilizer plants. Mr. A. K. Roy said we have scrapped coal-based fertiliser plant and we have sold that plant, we have auctioned that plant. I will come to this point a little later. Our second preference is coal-based fertilizer plants. We have already set up two coal-based fertilizer plants, one is in Ramagundam and the other is Talcher. But unfortunately, although the plant is ready mechanically, it is completed, and we are in a position to commission the plant, but, power is not available. In this connection I had correspondence with the Chief Minister of Andhra Pradesh. I had correspondence with the Chief Minister of Orissa. In fact in Orissa plant is running now, trial run is going on, because they have provided the power. I do agree with my friend Mr. Satyanarayan Rao that I should take up the matter with the Chief Minister, Andhra Pradesh. If necessary I am prepared to go to Hyderabad with my friend Mr. Satyanarayan Rao to meet the C.M. and make an appeal to C.M. saying, whatever may be his difficulty, for God's sake, let him give us power, whatever we require, in order to commission Ramagundam plant; we are very eager to commission these two. (*Interruptions*) Every time, whenever I go to my State, I have to pass through Hyderabad. Therefore I need not make a special trip to Hyderabad. Via Hyderabad I can go; I can get down at Hyderabad for a day and then next day I can proceed. There is no difficulty. What I am telling you is this: So far as these two plants are concerned they are about to be commissioned but we do not have any experience of these two projects. Supposing we gain experience by commissioning these plants then it is possible for us to think of coal based fertiliser plants and after utilising the entire gas that is available now and that is going to be available in future we will think of only coal based fertiliser plants in future, not the fertiliser plants based on naphtha. That is how we want to save naphtha; what is how we want to save petroleum product also. So, this is the programme which we are thinking of.

Sir, Prof. Madhu Dandavate made a point that kerosene rate is kept low; we have not increased it, although, the rate of diesel has gone up by 65 paise. So, naturally, there is a temptation for adulteration because for every litre, I think, the pump-wallah or somebody there will get a

[Shri Veerendra Patil]

net income of one rupee or more than one rupee. So the temptation is there. Now the question is what to do. I dd agree that kerosene price has not been increased. I also agree that because the price of diesel has been increased by 65 paise, this adulteration is going on. I have been receiving complaints. Now, the question is what is the way out. That he has not suggested. If you suggest that I should increase the price of kerosene to the level of the price of diesel oil.....

PROF. MADHU DANDAVATE (Rajapur): I do not suggest that.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur): To one of my supplementaries recently, I asked you whether you are going to construct a coal-based fertiliser plant in Ranigunj. You said 'No.' At that time your reply was 'No'. Now you are going to construct coal-based fertiliser plant in future. So, I would like to know whether you are going to construct a coal-based fetriliser factory in Ranigunj in future, after gaining experience from Talcher and Ramagundam.

SHRI VEERENDRA PATIL: I am very sorry that the hon. Member, Mr. K. C. Halder did not follow what I said. I said that in future after gaining experience from Ramagundam and Talcher coal-based plant, if we feel that coal-based plants are successful or going to be successful, then we can think of having a coal-based plant. That is what I said. It is dependent upon the experience that we are going to gain from Talcher and Ramagundam.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: I followed you, but I asked you for the future.

SHRI VEERENDRA PATIL: In future, our first preference is gas-based fertiliser plant and the second preference is coal-based fertiliser plant provided we gain rich experience. If those two projects run successfully, then we can think of only coal-based plant because fortunately we have got abundant coal. It may be low-grade coal, but we have got abundant coal. We have to consider this and we have to think of having more projects based on coal. But I would only say that let me gain experience and after gaining the experience we will go to that point.

With regard to the adulteration, no Member has made any suggestion. Every Member has said that adulteration is going on. I also know that to some extent adulteration is going on. There is more demand for kerosene than diesel oil. It is because kerosene is going for adulteration. Now, the question is: what is the remedy for this?

SHRI SATISH AGARWAL: Give some colouring.

SHRI VEERENDRA PATIL: I have been discussing this point with our officers and I am saying why not we dye kerosene or why not we colour kerosene. They say that it is not possible. Even if we dye kerosene and colour kerosene, it evaporates and the colour goes. That is the experience so far. If any country in the world does colouring of kerosene—it is only in our country that there is adulteration, excepting developing country I do not know whether any know-how is developed in any other country for colouring kerosene—I am prepared to pay for it at any cost and get the knowhow and see that kerosene is dyed or coloured. Till that time, I think it is very difficult to do that because our technicians, our experts say that even by mixing 20 per cent or 30 per cent or 50 per cent kerosene, it is not possible for anybody to detect whether and what percentage of kerosene has been adulterated in diesel oil.

16.24 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*]

श्री भीम सिंह (झुन्झुनू): सैकण्ड वर्ल्ड वार के समय में मिलटरी को जो पैट्रोल दिया जाता था, वह सफेद होता था और सिविलियन्ज के लिए जो पैट्रोल दिया जाता था, वह रेड-कलर का था और वह इवापोरेट नहीं होता था ।

SHRI VEERENDRA PATIL: One was less refined and the other which the army used was more refined petrol. That is my feeling. That is why I say that I have been discussing very seriously this problem with the experts. If any knowhow is available in any part of the world, I am prepared to buy that knowhow in order to see that kerosene is coloured or dyed and the adulteration is stopped completely. I am prepared to take any step that is possible within our capacity.

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: If colour is any problem, why not consult the Minister of Information & Broadcasting?

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: You can also provide some colour; you are very colourful.

SHRI VERRENDRA PATIL: With all seriousness, I say that this problem is going to assume more seriousness in future, if we do not deal with it effectively. Our estimates and calculations show that in the case of diesel oil, the growth of demand is 12 per cent or 12-1/2 per cent every year and on an average, the growth in demand of petroleum products is going to be 5 per cent to 7 per cent. At this rate by the end of 1984-85, our demand will be 43 million tonnes of crude oil and 6.9 million tonnes of crude oil and 6.8 million tonproduction would be as it is today. However, if we, fortunately, find more oil, then it would, of course, be different. Our production would be 22 million tonnes and we will be short by 21 million tonnes in diesel oil and 6.8 million tonnes of petroleum products. At today's price, it will mean more than Rs. 6500 or nearly 7000 crores. Whtaever we earn by exporting—I think, today it is 69 per cent of the total—then it becomes hundred per cent or even more than that. We do not know what to to do under these circumstances.

In view of this, my suggestion is that we must make all efforts and create a climate to see that in future, petroleum consumption is limited only to transport and petro-chemicals.

PROF. N. G. RANGA (Guntur): Have rationing.

SHRI VEERENDRA PATIL: Rationing is not going to help solve the problem. It will go underground and blackmarket will have upper hand. Therefore, petroleum consumption should be confined only to transport and that too more for railway transport than for goods transport, and petro-chemicals.

In order to have alternative source of energy, as the hon. Member has suggested, we can think of solar energy and in that we are still in the initial stages. Even the advanced countries are in the initial stages. We can think of tapping hydel power. My own feeling is that we have not harnessed 60 per cent of the total hydel electric power potential that we have today in the country. Similarly, we have got huge coal resources and we would like to use that and have more thermal plants and produce more electricity. Similarly, we can think of gobar gas. Nuclear energy is another one.

As I said, we are already short of oil and the Assam agitation has added to our difficulties. Upto the end of June, we have lost 2 million tonnes of oil from Assam with the result that several refineries have been closed down. Whatever was there we were supplying from those refineries to our fertilizer projects. The fertili-

[Shri Veerendra Patil]

zer projects have also either not been working to the full capacity or they have been completely closed and there is a huge loss to the country because of the Assam agitation. I do not wish to go into the details, but as I said, we are losing hundreds of crores. Nearly by this time, we must have lost nearly seven hundred to eight hundred crores both in petroleum products and fertilizer products put together. It may be even more than that. And what about the indirect losses—I cannot say anything about that.

My hon. friend, Shri A. K. Roy suggested, why not we think of producing oil out of coal. This is not a new idea and let him not be under the impression that we have not applied our mind at all and the report that has been submitted—I do not know when it was submitted, I have not gone through that report—has been lying in the cold storage. I must tell this for the information of the hon. Member. I must tell the hon. Member that producing oil out of coal is a very exorbitantly costly affair. The cost will be too much. Today we are getting it at $32 to $35. If we want to produce oil out of coal, it may not be less than $50 to $60 per barrel. After all, coal is there; we can use coal and produce oil at any time. When it becomes very uneconomical to import oil from outside, then at any time we can switch on to oil produced out of coal. So, that proposal is there. Not that we have shelved that proposal, But as it is, to day it is not worthwhile and it is not in the interests of the country to think of this proposal,

Drilling operations are going on. I have said this on so many occasions. Shri A. K. Roy and some other Members accused the present Government that we have sold out a plant for a song to a business man in Calcutta. I think he had put that question; and in reply to that, I had given detailed information: under what circumstances we had to do that. This Sindri fertilizer plant was one of the oldest plants in this country; and it was uneconomical and it was unsafe. The engineers came to the conclusion that it was uneconomical and unsafe. Only in order to provide alternative employment to the workers there, and also to see that the production of fertilizer did not suffer, Government spent nearly Rs. 200 crores for modernization of the Sindri plant and for rationalization of those plants, When these two plants came, naturally the old plant became obsolete. It became of no use to us. Naturally we then thought that when one plant was replaced by another plant, that old plant had to be disposed of. We cannot keep it on, like that. I would like to make it clear that we have not sold the plant as such, but only its parts. I do not want to provoke the hon. Member when I say that this was the decision which was, if I am correct, taken by the Janata Government, and not by us. And I am not blaming the Janata Government also for this because I feel they have taken a right decision and a correct decision. Even if we had been in that position, we would have taken the same decision.

SHRI A. K. ROY: I would like to point out to the Minister that the decision was taken by no Government. I received the reply from the same Minister that the decision was taken only by the Board of Diretcors. My point is that such a vital decision should be taken by some Government; and some technical committee should go into the details—whether after spending Rs. 200 crores, it had really become old, or not. There was no report, no committee, no study, and no Government was consulted. A mere Board of Diretcors should not have that power to sell a fatcory, calling it old. That is my point.

SHRI VEERENDRA PATIL: I agree with the hon. Member that the Board has taken this decision to dispose it of, and it was disposed of in the month of January; but before taking the decision to dispose it of,

I think—I have not looked into the file—this must have been done with the knowledge of the Government. No Board of Directors would take such a decision without keeping the then Government informed about it. Therefore, I am not finding fault, but I have made it very clear that before dismantling this plant—the plant is being dismantled—every public sector unit in the entire country was asked whether any part of the plant which was going to be dismantled, was required by them. Whatever items were required by them, and whatever euipments were required by them, were reserved and retained; and whatever were not required by them, were disposed of. Not that the entire plant was disposed of. Therefore, it is not correct to say that the entire plant was disposed of, and that the plant worth Rs. 60 crores was disposed of only for Rs. 4.5 crores. I don't think there is any point in this.

With regard to this hon. Shri Vyas.....

MR. DEPUTY-SPEAKER: He has replied to you, Mr. Roy. Discussion is not on that point. Please sit down.

SHRI VEERENDRA PATIL: The hon. Member Shri Vyas wanted to know—is it a fact that the stockists who had huge stocks at the time of announcing the increase in price have made huge profits? They have not made huge profits. Whatever stock was there, Government has record of that. Whatever profit they have made that was counted and they have been asked to deposit the entire money with the Government. Therefore, there is no question of their making any profit. That is the impression I got after discussing with the Agriculture Ministry. If it is otherwise, it is for you to discuss with the Agriculture Ministry.

श्री गिरधारी लाल व्यास: आप जैसा कह रहे हैं, वह नहीं है, कोई भी स्टाक किसी एजेन्ट से नहीं लिया गया और जो आपने प्राइस बढाई है, उस पर उनको माल बेचने दिया गया है।

श्री वीरेन्द्र सिंह राव: फालूत पैसा ले लिया जाता है। वह बेचेंगे एक ही कीमत पर, लेकिन उनसे पैसा लिया जाता है।

SHRI VEERENDRA PATIL: That is going to be deposited and that is going to be realised. That is what the Agriculture Minister is saying.

With regard to substitute Motion moved by hon. Shri Vajpayee I can only say that this is the matter which pertains to the Agriculture Ministry. The Agriculture Minister has said on many occasions how and in what way the relief is being provided to the marginal farmers and small farmers.

1. Subsidy to small and marginal farmers in drought affected areas will continue during 1980-81.

2. Under SFDA/DPAP/IRD schemes, small farmers get 25 per cent subsidy on phosphatic and potassic fertilisers. Marginal farmers get 33 1/3 per cent subsidy. Scheduled Tribes get 50 per cent subsidy.

3. Fertilisers will now be delivered to Block Head-Quarters. The additional cost will be borne by the Government. This will help the small and marginal farmers to get fertilisers near farm gates.

This is the position.

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: Procurement price will be revised.

SHRI VEERENDRA PATIL: We will take hardship into consideration. I have said this so many times. We have discussed these problems on the floor of the House. That is what I wanted to say and I once again appeal to the hon. Members and particularly Prof. Madhu Dandavate....

श्री राम विलास पासवान: मेरे बरौनी पैट्रो-केमिकल्स, कूकिंग गैस और फिजूलखर्ची की बातों का कोई जवाब नहीं दिया ।

SHRI VEERENDRA PATIL: The demand has been there for a long time of Barauni Petro Chemical complex. The demand has been there since 1961-62. Unfortunately, we cannot think of any Petro Chemical Complex without having sufficient quantity of naphtha. We must have naphtha for Petro-Chemical Complex. What happened is this. At the time of establishing Barauni Refinery naphtha was committed to different fertiliser factories. It is being supplied to Kanpur, Gorakhpur and other factories. When there is no naphtha at all, on what basis we have to establish Petro-Chemical complex. That is what we are considering. If it possible by some other method to save naphtha, we can consider it. That is why recently, in the month of May I have appointed a Site Selection Committee. I do not know whether the Site Selection Committee had been to Bihar to consider this question. After their coming back, they will report to me. In the light of the report, I will take a decision and while taking a decision I will bear in mind the representation that has been made here and also I will decide about the need for establishing a Petro-Chemical Complex in Bihar.

About cooking gas I have said that to-day we are producing only 4.2 lakh tonnes of cooking gas. After L.P.G. Separation Units are established near Uran, Mathura Refinery and Koyali, it will be posible for us to produce L.P.G. in 1981-83. The other day I made an announcement in the House that by February or March, I will start giving extra one lakh connections every month for the next few years. It will be possible for us, because we would be getting enough gas. Therefore, there would not be any difficulty at all about the price, I do not have the details with me. If he wants to know the exact price we are charging and what is the actual cost of production, I will supply that information with to the hon. member. I do not have that information me at the moment.

श्री गिरधारी लाल व्यास: दरीबा, भीलवाड़ा में राक फासफेट का बहुत बड़ा भंडार मिला है। क्या उसके आधार पर खाद का कारखाना स्थापित करने के बारे में विचार किया जायेगा ?

SHRI VEERENDRA PATIL: Rajasthan is fortunate in having rock phosphate and also pyrite deposits. By using rock phosphate and pyrite deposits, it is possible for us to establish phosphatic fertiliser plants. We are short of phosphatic fertilisers and we are thinking very seriously about it. But whatever rock phosphate is being produced in Rajasthan, it is all committed. The other rock phosphate is of low quality. So, to improve its quality, they have started beneficiation plant, which will be completed by 1984-85. Before that time, we will think of establishing a rock phosphate fertiliser plant either in Rajasthan or elsewhere. Most probably it will be in Rajasthan.

श्री कमला मिश्र मधुकर: आयल एंड नैचरल गैस कमीशन के द्वारा चम्पारन में गैस का सरवे हो रहा है। उस पर कितना खर्च हुआ है और वहां पर क्या सम्भावना है?

SHRI VEERENDRA PATIL: How can I reply to anything that is asked? The motion is about increase in oil prices. If the hon. Member wants to know any particular information, let him write to me and I will give.

PROF. DANDAVATE (Rajapur): Sir, when I moved the motion. I did it with a definite purpose. If we go through the wording of the motion, it merely, says, "That this House do consider the statement made by the Minister of Petroleum, Chemicals & Fertilizers...." etc. By and large the debate went on in such a manner that politics was not inducted into the discussion and every member tried to say, what should be the solution to solve the problem on a

long-term basis. Deliberately while moving the motion. I split up the entire observations into two parts, one concerned with the immediate problem and the other more important part concerning the problem which has a distant perspective. I could well imagine that a time may come when it will not be possible for India to have adequate import of oil and we will get into difficulty. Not only we, but some of the developed countries of the world also who are not having adequate oil resources will get into difficulty. As a result of that, I had suggested certain specific alternatives. I wanted to know the reaction. I anticipated the discussion that is likely to take place and I raised a number of points which were touched upon by members from both sides. There were two important aspects, to which you also made refeernce. The crux of the problem in relation to oil is the problem of production and the problem of conservation. As far as the problem of production is concerned, there are obvious limitations and I am happy that the Minister has given the assurance to the House that in future. When fertiliser projects are set up, the gas-based and coal-based projects will be given priority. Whatever has happened in the past, you cannot change it with retrospective effect. Therefore, it is only about the future that we can say. I am glad at least that assurance has come.

There is another aspect. There is a coursory reference to it in your statement, but I would like you to concentrate on it. Not only you, but the External Affairs Minister and the Minister in charge of Commerce will have to assist you, i.e. the question of petro dollars being made available to the developing countries like India, so that we can build up our own resources for developing the oil resources of the counfry. Unfortunately, as far as petro-dollars are concerned. the developed countries are adopting an attitude which is really an attitude of patronage. I think a big brotherly attitude is there. Unless we persuade the developed countries to give up this attitude, unless these petro-dollars are made available to the developing countries, we will not be able to develop our oil resources.

He raised one controversial problem and that is the question of utilisation of diesel for transport purposes. He said that the Railways are not able to utilise diesel in an adequate measure.

SHRI VEERENDRA PATIL: I said that the Railways consumption is only 10 per cent of the total diesel consumption in the country. I will be happy if they consume more because to that extent, consumption of diesel by trucks will be less.

PROF. MADHU DANDAVATE: His stress wa sbetween motor transport and railway transport, it is the motor transport which is consuming diesel more. That was his point. Here I may like to point out that as far as Railways are concerned because they are lifting up social burdens of a very high order, it is all the more necessary that more allocation should be made by the Planning Commission, to see that more lines are allowed to be developed more diesalisation is allowed to take place, more electrification is allowed to take place. And more than dieselisation in the present context because of constraints of diesel resources, it is more electrification and more electric traction that will have to be gone through. Therefore, he may academically give that proposition but obviously there are difficulties. I myself gave the relative fuel structure of steam, diesel and electric tractions. Electric traction is the cheapest. But the obvious difficulty is that the initial investment per kilometre being Rs. 10 to 14 lakhs it is very

[Prof. Madhu Dandavate]

difficult for the Railways to undertake electrification on a larger scale. Therefore, adequate research will have to be conducted to see that we are able to bring down the entire investment per kilometre of electrification of the route and unless we are able to go in for that, it will not be possible for us to conserve the diesel resources.

There is a third point to which I would like to make a reference. The hon. Minister has already given the explanation regarding Sindri Plant. As far as this project is concerned, I have already seen the reply that the hon. Minister has given. If he goes through his reply again, he said that we had not dismantled the entire plant. He has asked as to which are the parts which were treated as scrap material and which were discarded. That list is so big that if you have an arithmetical addition of all those parts which were discarded, really speaking, it is very difficult to decide as to which is the part and which is the whole. I do not want to cast any aspersion. But I dislike in the debate the tendency to save the Ministers and throw the entire blame on the officers saying that the officers are responsible. Ultimately, the officers are supposed to implement the policy that the Cabinet and the Ministers formulate. It is not possible for them to come to Parliament and explain the position. Therefore, I would never draw the officers of the bureaucracy into the picture as far as the debate is concerned. But I would like the Minister to go into it in depth as far as this problem is concerned though the auction has taken place. By saying that only the scrap material has been given up because it has become obsolete it will not serve the purpose. Very often when we were told that certain workshop and projects had become obsolete—to give an analogy—in the Railways, even then from the World Bank we had got a loan of $ 95 million and a substaantial portion of that was to be utilised for the modernisation of workshops. Therefore, I would join Mr. A. K. Roy in demanding that once again through the export study, try to go into this problem in depth and try to find out really whether that plant has become obsolete and deserves to be scrapped as scrap material or whether it can be modernised. That particular aspect can be gone through. There are other problems which I have raised, on which quite a good number of hon. Members have expressed their full agreement. But one of the hon Members got up and said "I oppose the motion". I do not know what he was opposing, because even the Minister has not opposed my motion. If you are opposed to my motion, which says that "the Minister's statement should be taken into consideration", it indirectly means that you are opposing the Minister's statement. Of course, he did not mean it. Perhaps, it has happened that he has not carefully gone through the motion, or probably he has gone through the substitute motion and he has misunderstood the substitute motion as my motion and that is how the confusion has arisen.

श्री गिरधारी लाल व्यास: हम मोशन का विरोध नहीं कर रहे हैं, आपने जो विचार प्रकट किए हैं उनको विरोध कर रहे हैं।

PROF. MADHU DANDAVATE: Anyway, I do not want to take much time on this. I am happy that the discussion that has taken place has thrown a number of suggestions. I hope and trust that the Government, which is today in power—tomorrow it may be some other Government—

SOME HON. MEMBERS: No, no.

PROF. MADHU DANDAVATE: What is this "no, no"? After all, it is a fact that we were also in the Government. You say "no, no" but it is a reality. That we have disappeared is also a reality. If he says "no, no" when we say we were in power, which is a reality, I disagree with him....

(Interruptions)

I do not want the debate to degenerate to that level that even when we are discussing national problems of economic interest, we discuss them in terms of Congress and Janata.

MR. DEPUTY SPEAKER: Even if you want it, I will not allow it.

PROF. MADHU DANDAVATE: I will not throw that responsibility on you at all; I will take it on myself. Therefore, I am happy that from both sides of the House a number of suggestions have come forward. I only hope and trust that the Government will keep all these constructive proposals and alternatives in mind so that, because of the position that has been taken by the oil producing and exporting countries, in future we will not face trouble in the year 2,000 AD. Otherwise, we will be in again for a bigger crisis and whatever be the party in power, that will not be able to face that crisis. Therefore, in the national interest. I hope that whatever concrete proposals have emerged in the discussion, Government will take note of them.

PROF. N. G. RANGA: I hope and trust when these proposals are placed before the House, all sections of the House would stand by them and support them.

PROF. MADHU DANDAVATE: You must have noticed in this House a large number of Bills are passed without controvessy.

PROF. N. G. RANGA: I appreciate that.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I will now take up Substitute Motion No. 1.

No. 1. Are you withdrawing it?

SHRI ATAL BIHARI VAJPAYEE: No, I am pressing it.

MR. DEPUTY-SPEAKER: All right. I will now put Substitute Motion No. 1 to the vote of the House.

[*Substitute Motion No. 1 was put and negatived.*]

MR. DEPUTY-SPEAKER: I will now put Substitute Motion No. 2, moved by Shri A. K. Roy to the *and negatived.*]

[*Substitute Motion No. 2 was put and negatived.*]

MR. DEPUTY-SPEAKER: I will now put Substitute Motion No. 3, moved by Shri Ramavatar Shastri to the vote of the House.

[*Substitute Motion No.* BC *was put and negatived.*]

16.55 hrs.

MOTION *RE* FLOODS IN VARIOUS PARTS OF THE COUNTRY

श्री रामलीला सिंह (सलेमपुर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि:—

> "यह सभा देश में आयी हाल की बाढ़ों से उत्पन्न स्थिति के बारे में 22 जुलाई, 1980 को सिंचाई मंत्री द्वारा सभा में दिए गये वक्तव्य पर विचार करती है"

कुछ कहने से पहले, मैं अध्यक्ष जी को धन्यवाद देना चाहता हूं, उन्होंने ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर, जिस के लिए दोनों पक्षों के लोग काफी दिनों से अनुनय-विनय कर रहे थे, विचार-विमर्श के लिये, स्वीकृति प्रदान की है।

इस बाढ़ के प्रकोप से यों तो समूचा भारत ही बेचैन है और 22 जुलाई को बाढ़ से सम्बन्धित माननीय सिंचाई मंत्री जी ने जो बयान दिया, उस बयान से भी साफ प्रकट है कि बिहार, असम, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, पंजाब, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दिल्ली, आदि सारे प्रदेशों में बाढ़ की विभीषिका है। जो रिपोर्ट उस दिन माननीय मंत्री जी ने दी और जो हालत आज है, उस में बहुत बड़ा अन्तर हो गया है। मैं अन्य प्रदेशों के बजाय सब से पहले उत्तर प्रदेश को लेता हूं, माननीय मंत्री जी को जो रिपोर्ट उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में मिली है, उस को देखने से स्पष्ट होता है कि वह बहुत पुरानी है। माननीय मंत्री जी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि उत्तर प्रदेश का जो प्रभावी क्षेत्र है वह 1.93 लाख एकड़ है, प्रभावित जनसंख्या 1 लाख 66 हजार है और मरने वालों की संख्या के बारे में उन्होंने कहा था कि 80 व्यक्ति मरे हैं। इस रिपोर्ट से ऐसा मालूम होता है कि यह रिपोर्ट उस समय की है जब बाढ़ का भयंकर प्रकोप नहीं था, आज जो रिपोर्ट आ रही है - वे बड़ी चिन्तनीय है। हाल के ताजा अखबारों से ऐसा ज्ञात होता है -- मैं समझता हूं हमारे बहुत से साथी अपने-अपने प्रदेशों के बारे में कहेंगे, इस लिये मैं हर प्रदेश की बात को न कह कर केवल उत्तर प्रदेश की ही बात आप के समक्ष और सदन के समक्ष रखना चाहता हूं -- मैं कह रहा था कि अभी-अभी जो अखबार हम को मिले हैं, उन के अनुसार उत्तर प्रदेश में 430 व्यक्ति मरे हैं, जब कि आप की रिपोर्ट के अनुसार केवल 80 व्यक्ति मरे थे। मेरे पास जो अखबार है, इस में एक चित्र भी है, ऐसा मालूम होता है कि एक समुद्र बह रहा है और इस समुद्र में एक किसान अपनी चारपाई और गठ्ठर अपने सिर पर उठा कर जा रहा है। इस चित्र में न यह दिखाया गया है कि उस के बचाने के लिए कोई नाव है या कोई और साधन है। यह चित्र उस जगह का है, जहां का मैं रहने वाला हूं। संयोग की बात ऐसा है कि मेरा घर गण्डक के किनारे पड़ता है और मेरा निर्वाचन क्षेत्र घाघरा नदी के किनारे पड़ता है। दोनों ही नदियां ऐसी हैं कि शायद ही वहां कोई ऐसा हो जो इन की विभिषिका से बचा हो।

17 hrs.

मान्यवर, इस के पहले भी मैंने नियम 377 के अन्तर्गत सिंचाई मंत्री जी को सूचना दी थी कि बूढ़ी-गण्डक बहुत तीव्र गति से कटाव कर रही है। किनारे पर बसे "अमवा" गांव के 900 घर कट चुके हैं। मुझे इस बात से बहुत तकलीफ हुई कि आज तक उस के बारे में मंत्री महोदय ने कोई जवाब नहीं दिया। यह बड़ी खुशी की बात है—कम से कम आप ने तो हमें अपनी विपत्ति रोने का अवसर दिया है। ठीक उसी तरह से बलिया जनपद की हालत है। बलिया जनपद में घाघरा तूतीपार से लेकर जय प्रकाश नगर के उस पार तक चरम सीमा पर है, और जयप्रकाश जी का जहां घर है वहां जो पुल बन रहा है वहां सारा गांव समुद्र सा दिखाई दे रहा है। तूतीपार के पार जो बांध है, उस का कुछ पोर्शन कट चुका है और कुछ बाकी है लेकिन वहां पानी का तूफान सा आया हुआ है। यह प्रकृति प्रकोप है। और चाहे कोई भी शासन हो, उस के लिए इस का मुकाबला करना आसान नहीं है। यह दोष किसी व्यक्ति का नहीं है, यह प्रकृति की देन है लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि आज के वैज्ञानिक युग में प्रकृति के ऊपर भी इन्सान कब्जा करता हुआ चला जा रहा है। सुनने में आया है कि आज ऐसे भी वैज्ञानिक हैं जो इस बाढ़ का मुकाबला कर लेते हैं। जब हम छोटे थे तब यह पढ़ते थे कि हवांगहू को चीन का शोक कहा जाता था किन्तु आज हम यह देखते हैं कि उस नदी को वहां की सरकार ने कन्ट्रोल कर लिया है। हम ने सुना है कि अमेरिका में भी ऐसी ही

बाढ़ें आया करती थीं किन्तु वहां भी उन्होंने उन को कन्ट्रोल कर लिया है । हमारे यहां जिस तरह से कन्ट्रोल करना चाहिए था, संयोग से कन्ट्रोल नहीं हो सका है। इस में किसी एक व्यक्ति का दोष नहीं है। जो साधन हम को चाहिए, बुद्धि चाहिए, जो तकनीकी ज्ञान चाहिए, मैं समझता हूं कि उस का अभाव रहा है । कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि हमारे उत्तर में जो हिमालय है, अधिकांश नदियां वहां से गुजरती हैं । वहां पर पहले जंगल थे लेकिन दिनोंदिन उन को काटा जा रहा है और जब नदी आगे बढ़ती है, तो उस पानी की तेज धारा को रोकने वाला कोई नहीं है । इतनी तेज धार उस की होती है कि उस से कटाव होता है । आज से बहुत दिनों पहले जब गंडक में बाढ़ आई थी, तो सारा दियरिया जल-पल्लावित हो गया था । उस समय एक वैज्ञानिक ने कहा था कि बूढ़ी गंडक की सतह इतनी ऊंची हो गई है कि जब तक उस को गहरा नहीं किया जाएगा, तब तक केवल बांध बनाने से काम नहीं चलने वाला है । मेरे कहने का अभिप्राय यह है कि यह कोई प्रतिष्ठा का प्रश्न नहीं है । अगर हमको तकनीकी ज्ञान का अभाव खटकता है तो उसके बारे में मैं यह कहूंगा कि बाहरी विशेषज्ञों से इस सम्बन्ध में राय लेना कोई अनुचित नहीं होगा । अगर आप इतिहास को देखें तो पाएंगे कि शुरू से ही बाढ़ें आया करती हैं, पहले भी बाढ़ें आती थीं और आज भी बाढ़ें आती हैं और उन से बचाव के लिए सुधार भी किये जाते हैं। कुछ आंकड़े हम ने देखे हैं । उन आंकड़ों के अनुसार ऐसा मालूम होता है कि 27 साल में 70 अरब 75 करोड़ रुपये की सम्पत्ति जो है वह बाढ़ों से बर्बाद हुई है । हर साल बाढ़ों से बचाव के लिए शासन द्वारा रुपया खर्च किया जाता है और आज तक 7 अरब 47 करोड़ रुपये बाढ़ों के बचाव में खर्च हुआ है। हर पंच-वर्षीय योजना में बाढ़ों से बचाव के लिए धनराशि रखी जाती है । पहली पंचवर्षीय योजना में 14 करोड़ रुपये, दूसरी पंच-वर्षीय योजना में 41 करोड़ रुपये स्वीकृत हुए थे । तीसरी पंचवर्षीय योजना में 61 करोड़ रुपये और चौथी पंचवर्षीय योजना में 115 करोड़ रुपये और पांचवीं में 345 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। मान्यवर रुपया तो इतना खर्च हुआ लेकिन मुनाफा कितना हुआ, लाभ कितना हुआ । देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि इस से 25 नदी घाटी परियोजनाएं लागू कीगई हैं । समूचे देश में जो पानी बहता है, उसके बारे में यहां के वैज्ञानिकों का कहना है कि वह समूचे देश की नदियों में 45 करोड़ हेक्टेअर फुट पानी बहता है और इतना रुपया खर्च करने पर भी हम केवल 13 करोड़ फुट हेक्टेअर पानी को पांचवी पंचवर्षीय योजना तक बांध सके हैं । हम 13 करोड़ हेक्टेअर फुट पानी को ही रोक पाये हैं । इस तरह से 90.93 परसेंट पानी उसी तरह से बह रहा है, उसे हम रोक नहीं पाये हैं । ये आंकड़े जो हमारे पास हैं वे मैं आपके समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं ।

ये आंकड़े मैं इसलिए प्रस्तुत कर रहा हूं कि ऐसा आभास होता है कि जितना रुपया हम इस पर खर्च कर रहे हैं उस रुपये का जितना लाभ हम को मिलना चाहिए वह नहीं मिल पा रहा है। इसी सब पर हम ने एक लेख में देखा कि आज के पहले बाढ़ से समूचे देश में 125 करोड़ रुपये की बर्बादी होती थी और आज पांच-छः सौ करोड़ रुपये की बर्बादी हो रही है । इसका मतलब यह नहीं है कि जो पहले बर्बादी होती थी उस से आज अधिक बर्बादी हो रही है । उस समय के रुपये के मूल्य में और आज के रुपये के मूल्य में बहुत बड़ा अन्तर है । अगर देखा जाए तो ऐसा मालूम होगा कि जो बर्बादी पहले होती थी, ठीक उतनी ही बर्बादी आज भी हो रही है । उसमें कोई अन्तर नहीं पड़ा है । आंकड़े देखने से हम को यह कहना पड़ा कि यह न आभास हो जाए कि आज जब पांच-छः सौ करोड़ रुपये की बर्बादी हो रही है तो यह बर्बादी पहले से ज्यादा हो रही है । पहले जितनी बर्बादी होती थी, लगभग उतनी ही बर्बादी आज भी हो रही है ।

हमारे इस पर इतने रुपये खर्च हो रहे हैं, हमारे यहां इतने तकनीशियन इस काम में लगे हुए हैं, इतना हम प्रयास कर रहे हैं लेकिन फिर भी इस पर हम कंट्रोल नहीं कर पा रहे हैं । प्रकृति पर कंट्रोल करना कोई आसान काम नहीं है । इंसान चाहे कि इन चीजों पर कंट्रोल कर ले, वह आसान बात नहीं है ।

[श्री राम नगीना मिश्र]

साथ ही मैं निवेदन करूंगा कि इस सदन में पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्य बैठे हैं। यहां इस पर बहस इस आधार पर होनी चाहिए कि देश का भला हो, राष्ट्र का भला हो। केवल आलोचना करने के लिए आलोचना करने से कुछ नहीं होता है। इसलिए मान्यवर मैं यह कहूंगा कि मैं जिस दल में हूं, वह सत्ता पक्ष है और हमारे सत्ता पक्ष को यह मान कर चलना पड़ेगा कि हमारे विरोधी दल बिखर चुके हैं। एक कहानी है कि मरे को मारना बेकार है। मान्यवर मैं इसलिए कहता हूं कि अगर हमारे विरोधी दल के लोग यहां कुछ कहते हैं तो हमें उन पर नाराज नहीं होना चाहिए**

श्री हरिकेश बहादुर:**

श्री रामनगीना मिश्र : मान्यवर मैं इस पर कहता हूं कि आज जो देश में हुकूमत बनी है, इसको देश का विशाल बहुमत प्राप्त है।

श्री कमला मिश्र मधुकर (मोतीहारी) : मेरा प्वांट आफ आर्डर है। अभी इन्होंने कहा** जो इन्होंने बात कही है, इसको कार्यवाही से निकाला जाना चाहिए। यह सही उदाहरण नहीं है।

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री (सैदपुर) : माननीय सदस्य अपनी स्पीच दे रहे हैं। उन्होंने कहा है किबाढ़ की जो प्राबलैम है इसको अत्यन्त मानवीय ढंग से देखा जाना चाहिए और कुछ कनक्रीट कार्य किया जाना चाहिये। साथ ही उन्होंने कहा कि इसकी योजना बनानी हम शुरू कर रहे हैं। इसी के बाद उन्होंने तुरन्त विरोधी दल पर आरोप करना शुरू कर दिया और वह कहना शुरू कर दिया**

यह** शब्ध उन्होंने शायद अपने लिए इस्तेमाल किया और** शब्ध उन्होंने इस सदन में बैठे हुए माननीय विरोध पक्ष के सदस्यों के लिए इस्तेमाल किया। मैं निवेदन करूंगा कि नियमानुसार इस शब्द को या तो वापिस लें या फिर इसको कार्रवाई से निकाल दिया जाए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I will go through the proceedings. If there is anything unparliamentary or casing any aspersion on the Opposition, this side or that side, I will expunge that.

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री: यह अन-पार्लियामेंटी शब्द नहीं है क्या ?

SHRI HARIKESH BAHADUR (Goralchpur): One day, the word** was used by the Minister, Shri C. M. Stephen, and it was expunged from the proceedings of the House. Today also, it should be expunged.

श्री मुन्दर शर्मा (जबलपुर) : इससे पहले एक माननीय सदस्य ने यहां कहा था**

इसको भी देख लिया जाए कि ये शब्द रहेंगे या नहीं ?

MR. DEPUTY-SPEAKER: He should have used any other simile giving the same meaning without saying, that by nature he is a gentleman, I know.

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: That is more easily understood. The Minister of Agriculture and Rural Reconstruction. That is why he said it.

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) इसको भी एक्सपंज किया जाए।

श्री राम नगीना मिश्र : विरोधी साथियों से मैं यह कहूंगा कि सच बात तो यह है कि मेरे दिल में इस तरह की कोई भावना नहीं थी और जानबूझ कर मैंने ऐसे शब्द का इस्तेमाल नहीं किया है जिससे आपका अपमान हो। सच बात तो यह है जिस भाव से पहले मैंने कहा उसी भाव से फिर कह रहा हूं कि मैं कोई बहुत बड़ा विद्वान नहीं। एक मुहावरा था इसलिए वह मेरे मुंह से निकल गया। जानबूझ कर अपमान आपका करने की भावना से मैंने इसका इस्तेमाल नहीं किया। इसलिए आपको तकलीफ नहीं होनी चाहिये। मैं किसी के वास्ते कोई अपशब्ध कहना नहीं चाहता। मैं कोई साहित्यकार नहीं हूं। किसी ने सीधे कह

**Expunged as ordered by the Chair.

दिखा जब देखा सूखा हुआ काष्ठ खड़ा है 'शुष्कम काष्ठम अग्रेत तिष्ठत:' । लेकिन कई ऐसे विद्वान लोग भी होते हैं वाजपेयी जैसे उन्होंने इसको इस तरह से कह दिया :

नीरस तरवर विकसित पुरत:

अब भाव एक ही है । शब्दों में मधुरता का अन्तर है । सिर्फ इतना ही अन्तर है कि मैंने धीरे धीरे कह दिया ।

सरकार ने बाढ़ से बचाव के लिए 1954 में एक राष्ट्रीय स्तर पर बाढ़ नियंत्रण को स्कीम लागू की। उस पर करीब 566 करोड़ खर्च हुआ और उस खर्चे से केवल 80·60 लाख हैक्टर भूमि का बचाव हो सका । शेष जमीन को बचाया नहीं जा सका । इस में दो पक्ष हैं । बाढ़ नियंत्रण पर सरकार की तरफ से खर्च होता है वह युद्ध स्तर पर जो काम होता है उस पर होता है । किन्तु उस में कहीं न कहीं बुनियादी अन्तर रह जाता है । मैं फिर दोहरा रहा हूं । हमारे विरोधी साथी इसको दूसरे रूप में न लें । मैं सरकार से कहूंगा कि आज के पहले सामन्त लोग होते थे जो अपने बचाव के लिए और गरीबों को तंग करने के लिए लठधारी, बदमाश और गुंडे रखते थे । सामन्तवाद समाप्त हो गया है । किन्तु हमारे देश में सामन्तवाद से भी अधिक दूसरी शक्ति बढ़ रही है और उसका नाम है ठेकेदार । कोई भी सरकारी काम ऐसा नही होता है जो बिना ठेकेदारों के होता हो । ठेकेदारों की हालत यह है कि उनके साथ जितने असामाजिक तत्व हैं वे जुड़े रहते हैं । इतना ही नहीं बड़े बड़े अधिकारी और हम पोलिटिकल लोग भी कहीं कहीं मजबूर हो जाते हैं । देखने से प्रतीत होता है कि बाढ़ के समय में शासन की तरफ से जो रुपये खर्च होते हैं--दूसरी जगह का तो मुझे अनुभव नहीं है किन्तु देवरिया का अनुभव है--बूढ़ी गंडक की जब बाढ़ आती है और लाखों करोड़ों खर्च होता है तो जिन के घर पर छप्पर तक नहीं था अगर उन्होंने ठेकेदारी शुरू कर दी तो उनकी आलीशान कोठियां बन गईं ।

17.15 hrs.

[SHRI SOMNATH CHATTERJEE *in the Chair*].

सारा पैसा, अगर 10 लाख खर्च होता है, तो मैं समझता हूं कि उसमें से आधा रुपया भी सही काम में खर्च नहीं होता । यहां तक देखने में आया है कि जब काम का ठेका होता है तो पहले काम नहीं होता है, जब बाढ़ आती है तो काम होता है और रिपोर्ट दे दी जाती है कि इतने लाख का पत्थर डाल दिया और वह बह गया । मैं चाहूंगा कि इस पर सब को सोचना चाहिये ।

मैं अपने दूसरे पक्ष के भाइयों से कहना चाहता हूं कि हमारे यहां बाढ़ आई तो उसकी विभीषिका को देखने के लिये श्रीमती इन्दिरा गांधी गई थीं । वहां की हालत वह थी कि जितना सीमेंट सिंचाई विभाग, इरिगेशन डिपार्टमेंट को दिया गया था, उसमें से आधा सीमेंट ब्लैक में बेच दिया जाता था । उस वक्त जनता पार्टी का शासन था । शासन की तरफ से जो राहत मिलती थी, हमने देखा है कि वहां पर अगर चना, गेहूं जाता था तो उसे अधिकारी बेच देते थे । एक केस हमने खुद पकड़ा और उसमें चूंकि सारे अधिकारी उससे मिले रहते थे, उसमें कुछ भी नहीं हुआ ।

चोरी डकैती लोग करते हैं लेकिन जो कफन चुराता है वह सबसे ज्यादा गुनाहगार होता है । जब बाढ़ की विभीषिका में लाखों लोग कराह रहे हों, पानी में अपना गुजारा कर रहे हों, शासन की ओर से उनको चना, नमक और खाने का सामान जो मिलता था, उसमें भी चोरी हो तो यह अपराध क्षम्य नहीं है । इस पर सख्त निगरानी होनी चाहिये और जो भी अधिकारी दोषी पाये जायें, उसके लिये कठोर दंड की व्यवस्था होनी चाहिये ।

मैं चाहता हूं कि काम ठेके पर न हो। जितना रुपया खर्च हुआ है, गांव की भलाई के लिये, बाढ़ के बाद सड़कों की मरम्मत हुई है, यह सब काम ठेके के द्वारा होते हैं । मैं अदब के साथ मंत्री जी से कहूंगा कि इस बाढ़ के कामों पर राजस्व का जो लाखों करोड़ों रुपया खर्च हो रहा है उसका सही इस्तेमाल होना चाहिये ।

इसके दो पहलू हैं। मुझे एक घटना याद है, मैं एक कहानी पढ़ रहा था । भगवान कृष्ण की हम सब पूजा करते हैं, जिस वक्त

[श्री राम नगीना मिश्र]

मथुरा में बाढ़ आई तो कृष्ण को भी कहना पड़ा कि मथुरा के लोगों को इस बाढ़ से मैं अकेला नहीं बचा सकता, आप सब लोग मेरे साथ चलें । तो उस समय लाखों, करोड़ों मथुरा को वासी गये और उस कथा में यह लिखा है कि सब ने मिलकर गोवर्धन पर्वत को उठाया था । कहने का भाव यह है कि केवल शासन ही चाहे कि इस विपत्ति से छुटकारा हो तो वह संभव नहीं है, उसमें हरेक नागरिक, हरेक दल का सहयोग जरूरी है ।

यह मैं इसलिये याद दिला रहा हूं कि जनता पार्टी के समय में हम कांग्रेस के कार्यकर्ता अफसरों के पास जाते थे, कहते थे कि अमुक गांव में बाढ़ की विभीषिका प्रबल है, लोग डूब रहे हैं, वहां नाव की व्यवस्था कर दें, उनके खाने के लिये दें दें तो वहां यह हिदायत थी कि किसी विरोधी पार्टी के वर्कर को साथ मत लो, कोई सहयोग मत दो ।

श्री हरिकेश बहादुर: यही बात इस समय हो रही है ।

श्री राम नगीना मिश्र: उस समय इस तरह के भेदभाव को देख कर हमें बहुत आश्चर्य हुआ था । मैं बहुत प्रसन्न हूं कि हमारे दल ने सारी पोलीटिकल पार्टियों और देश के सब लोगों का आह्वान किया है कि वे एकजुट हो कर मानवता के नाम पर बाढ़ की विभीषिका से त्रस्त लोगों के प्राणों की रक्षा करें । होना भी यही चाहिए । मैं पुनः निवेदन करूंगा कि इस काम को सहयोग की भावना से युद्ध-स्तर पर करना चाहिए । हम सब का यह फर्ज है कि हम मिल कर इस विपत्ति से देश को छुटकारा दिलायें।

इस समस्या के दो पहलू हैं। एक तो यह है कि आज जो लोग बाढ़ के कारण संकट में पड़े हुए हैं, उनका बचाव कैसे किया जाये। दूसरा यह है कि भविष्य में कौन सा ऐसा प्रयास किया जाये, जिससे इस तरह की भीषण बाढ़ न आने पाये । मैं समझता हूं कि मौजूदा बाढ़ के सम्बन्ध में शासन को जितनी फिक्र है, शायद हमारे साथी उसकी कल्पना भी नहीं कर सकते हैं । अभी-अभी देखा गया कि उत्तर प्रदेश की बाढ़ की विभीषिका के बारे में सुन कर इस तूफान, बदली और बारिश में भी हमारे देश की प्रधान मंत्री दौरा करने के लिए गईं । अधिकारियों ने मना किया कि हैलीकाप्टर या हवाई जहाज नहीं जा सकता है । लेकिन फिर भी वह बलिया, गोरखपुर, जौनपुर, आजमगढ़ और देवरिया जहां बाढ़ का भयंकर प्रकोप है । यदि किसी वजह से वह कहीं न जा सकीं, तो उन्होंने सब अधिकारियों को बुला कर सचेत किया कि जितने भी रुपये की जरूरत होगी, केन्द्रीय सरकार देगी, एक भी आदमी की जान नहीं जानी चाहिए और युद्ध-स्तर पर काम होना चाहिए ।

हमें वे दिन भी याद हैं, जब विरोधी दल के लोग बजारत की कुर्सियों पर बैठे हुए थे, हमारे यहां बाढ़ आई थी, त्राहि-त्राहि मची हुई थी, लेकिन किसी मंत्री ने वहां जा कर लोगों की दशा को देखने की तकलीफ गवारा नहीं की। उन्होंने हवाई जहाज से उड़ कर देख लिया होता । उस समय विरोधी दल की कुर्सी पर बैठने वाली श्रीमती इन्दिरा गांधी गईं ।

श्री हरिकेश बहादुर: जनता पार्टी के शासन के समय में इतने मंत्रियों ने गोरखपुर डिविजन का दौरा किया कि मुझे यह बयान देना पड़ा कि उत्तर प्रदेश सरकार के सारे मिनिस्टर गोरखपुर में डेरा डाले हुए हैं, यह काम बन्द होना चाहिए। माननीय सदस्य अपने स्टेटमेंट को करेक्ट कर लें ।

श्री राम नगीना मिश्र: मैं अपने साथी को इस सदन में चैलेंज करता हूं कि यदि वह साबित कर दें कि जिस वक्त मधुबनी का बांध कटा था और देवरिया के लोग त्राहि-त्राहि कर रहे थे और हाहाकार मचा हुआ था, उस समय इन्दिरा जी के जाने से पहले एक भी मंत्री वहां गया, तो मैं उनकी बात मानने के लिए तैयार हूं । मंत्री कब गये? जब इन्दिरा जी वहां गईं और मोटर तथा जीप पर बैठ कर सारे बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण किया, वहां पर दुखी लोगों की स्थिति को देखा, उसके बाद इन लोगों की हुकूमत थर्राई और हुकूमत के पाये डगमगाये, और तब मंत्री भागने लगे। क्या यह बात सत्य नहीं है ? अगर माननीय सदस्य अब भी चैलेंज करते हैं, तो मैं उसे स्वीकार करता हूं ।

यह सरकार इस बारे में बिलकुल सचेत है कि जिस तरह से हो सके, बाढ़ की विभीषिका से लोगों को बचाया जाये। शासन लोगों को बाढ़ से बचाने के लिए अपनी पूरी शक्ति का प्रयोग कर रहा है। हमें फिक्र है भविष्य के बारे में। क्या आये-दिन जब भी बाढ़ आयेगी, तब हम इस सदन में उसके बारे में चर्चा करते रहेंगे ? क्या कोई ऐसा प्रयास नहीं किया जा सकता है कि इस तरह की भीषण बाढ़ न आए ? इस पर बहस होनी चाहिए। मैं समझता हूं कि इस के पहले भी कुछ कमीशन बनाए गए हैं। अभी एक कमीशन बना था दो चार साल पहले श्री जयसुखलाल हाथी के नेतृत्व में और यह भी मालूम हुआ है कि उस कमीशन ने समूचे देश की स्थिति से अपने को अवगत कर के, कैसे इस बाढ़ से देश को बचाया जाय इस के ऊपर अपनी रिपोर्ट भी शायद प्रस्तुत कर दी है। लेकिन केवल इस रिपोर्ट से ही हमें संतोष नहीं होता क्योंकि हम ने तो देखा है, माफ करेंगे हमारे इंजीनियर साहबान, ऐसी जगह बंध बनाए जाते हैं जहां ये इंजीनियर कहते हैं कि यही स्थान उचित है और वह बांध साल भर में कट जाता है। एक पढ़े-लिखे सज्जन अपने परिवार के साथ चले जा रहे थे। उन के साथ में कुछ बच्चे भी थे। रास्ते में एक नदी आई। उन्होंने पानी लट्ठे से नापा और हिसाब किताब जोड़ा तो हिसाब से आया कि तीन फीट पानी है। फिर उन्होंने सारे लोगों की लम्बाई का हिसाब जोड़ा और उस से हिसाब आया कि हम लोग साढ़े तीन फीट पड़ रहे हैं। लेकिन जब क्रास करने लगे तो बच्चे जो थे वह डूबने लगे। तो एक कहावत आती है कि लेखे जोखे थाही, लड़िका बूड़िले काही। इस तरह का हिसाब है इन लोगों का। मैं तो यह कह रहा हूं कि आज तक देश की आजादी के बाद हम किसी एक भी नदी को रोक नहीं पाये। इस में हमारे वैज्ञानिक फेल हुए हैं....

श्री हरिकेश बहादुर, तीन साल की हुई है।

श्री राम नगीना मिश्र: सरकार आप की भी रही है।

श्री हरिकेश बहादुर: तीस साल आप की सरकार रही है।

श्री राम नगीना मिश्र: माफ कीजिए, यही तो आप छोड़ रहे हैं। आज तो हम अभी बैठे हैं, आप के समय में तो हमारे यहां वह बाढ़ आई थी कि जो हमारे जीवन में कभी नहीं आई। इतना ही नहीं, आप जिस जगह के हैं, हम भी वहीं के हैं। जिन ठेकेदारों की मैं चर्चा कर रहा हूं, हमारे गोरखपुर और देवरिया के ऐसे ऐसे ठेकेदार हैं जिन के साथ सौ सौ बन्दूकें चलती हैं, न आप की हिम्मत है न हमारी कि एक शब्द बोल सकें। और इसीलिए मैंने आगाह किया कि जब उन को ठेके मिलते हैं तो कोई दूसरा हिम्मत नहीं कर सकता है ठेका लेने का। अगर एक लाख का काम है तो एक लाख 25 हजार में वे लेते हैं। अफसर भी खामोशी लगा लेते हैं और नेता भी चुप रह जाते हैं कि कहीं गोली न मार दें। यह उस जगह की बात है। हम उस के भुक्तभोगी हैं।

यह तो मैं पहले कह चुका हूं। अब मैं आगे की बात कह रहा हूं कि इस देश में उत्तरी भारत की जितनी नदियां हैं सब हिमालय से आती हैं और जितनी हमें तकलीफ यह उत्तर की नदियां देती हैं, उत्तरी इलाके में, मैं कहता हूं कभी कभी तो स्वर्ग का भी सुख देती हैं लेकिन कभी कभी ऐसा दुख देती हैं कि जीवन भर नरक ही नजर आता है। आज उन नदियों के किनारे मचानपर लोग पड़े हुए हैं। **(व्यवधान)**... हम को कहने दिया जाय। बड़ी मुद्दत के बाद आप ने मौका दिया है।

MR. CHAIRMAN: You have taken more than half an hour. There are many other hon. Members. Please try to conclude.

श्री राम नगीना मिश्र: उस मचान के ऊपर वे अपना जीवन निर्वाह करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आज उस बाढ़ से बचाव के लिए विदेशी वैज्ञानिकों से भी मदद लेनी चाहिए, इस में कोई संकोच नहीं होना चाहिए और अपने देश के वैज्ञानिकों को भी इस के बाद यह सोचना चाहिए कि समूचे

[श्री राम नगीना मिश्र]

देश में उन लोगों की हंसी हो रही है। ये नदियों को बांध नहीं पा रहे हैं। उन को अपने पुराने तरीके को छोड़ कर ऐसे नये तकनीकी उपाय ढूंढने चाहिए जिस के जरिए से हम इन नदियों को रोक सकें।

कुछ साधारण सुझाव भी मेरे हैं जो कि अकसर बड़े लोग भी कहा करते हैं कि बाढ़ से बचाव के लिए क्या क्या प्रयास करने अत्यावश्यक होते हैं। एक तो राष्ट्रीय स्तर पर एक ऐसा आयोग गठित होना चाहिए विशेषज्ञों का जो जितनी देश की नदियां हैं उन का एक ऐसा नक्शा बनाए और उस के लिए ऐसी योजना बनाए कि एक दूसरे से लिंक कर के उस पानी की ऐसी निकासी हो सके कि वह पानी और जगह न फैलने पाये। दूसरे जहां पर बाढ़ आती है वहां पर हमने देखा है वाटर-लागिंग हो जाती है, पानी भर जाता है और पानी निकलने का कोई रास्ता नहीं होता जिस से हजारों लाखों एकड़ जमीन बर्बाद हो जाती है और लोग भी बर्बाद हो जाते हैं। इसलिए उस पानी की निकासी के लिए व्यापक सर्वे कराना चाहिए और पानी निकालने की व्यवस्था होनी चाहिए।

हिमालय में लगातार जंगल कटते रहे और आज वहां जंगल बहुत कम रह गए हैं। हमारे यहां जब ट्यूबवेल चलता है तब उसकी नाली में अगर कोई गन्ना पड़ जाता है तो पानी रुक जाता है इसलिए सीधा हिसाब है, आप वैज्ञानिकों की बातें छोड़ दीजिए, पर्वत से जब नदियां निकलती थीं तो जंगल उनको रोकते थे और अब जंगल कट गए तो नदी की धारायें तेज हो गईं और उसी से बाढ़ आती है। इसलिए जरूरी है कि उत्तराखण्ड में जो जंगल कटने से बच गए हैं उनको बचाया जाए और जहां पर कट गए हैं वहां पर फिर से जंगल लगाया जाए ताकि पानी के बहाव को रोका जा सके।

इसके अलावा उत्तर की अधिकांश नदियां ब्रह्मपुत्र, गंगा, गण्डक इत्यादि– नेपाल से होकर आती हैं। हम बहुत दिनों से नेपाल में ज्लकुण्डी और न जाने कौन कौन सी योजनाओं की बातें सुनते आ रहे हैं, जब बाढ़ आती है तब यह बातें सुन लेते हैं और जब बाढ़ चली जाती है तो हम खामोश हो जाते हैं। मैं सरकार से आग्रह करूंगा कि नेपाल की सरकार से ठीक प्रकार से चीत की जाए और वहां पर ऐसे जलाश्य बनाने की व्यवस्था की जाए जिससे कि नदियों के पानी को आसानी से रोका जा सके।

इसके अलावा पुरानी परम्परा के अनुसार नदियों के किनारे शहर बसे हुए हैं। आज जौनपुर बह रहा है, लखनऊ को खतरा है, दिल्ली के लिए भी खतरा है, कानपुर के लिए खतरा है और बलिया के लिए खतरा है। इन शहरों को बचाने के लिए जरूर कुछ बांध बनाये जाने चाहिए। इसके साथ ही यह भी देखा गया है कि नदी की तलहटी में जो गांव बसे हुए थे उनको उत्तर प्रदेश में उंचा करने की योजना चली थी जिससे लाभ भी हुआ था लेकिन उस स्कीम को छोड़ दिया गया। मैं शासन से निवेदन करूंगा कि नदी के किनारे बाढ़ में जो गांव डूबते हैं उनको अगर उंचा कर दिया जाए तो उससे काफी राहत मिल सकती है। यहां पर सिंचाई मंत्री जी नहीं हैं, शायद कृषि मंत्री जी जवाब देंगे किन्तु सिंचाई मंत्री जी जहां के रहने वाले हैं मैं भी वहीं का रहने वाला हूं, उन्होंने बाढ़ की विभीषिका को देखा है। आज बाढ़ के कारण बिहार का उत्तरी हिस्सा और उत्तर प्रदेश का पूर्वी हिस्सा संकट में है। मंत्री जी ने इसके पहले जो आंकड़े दिए हैं उनसे हमें संतोष नहीं है इसलिए हम चाहेंगे कि मंत्री जी जब जवाब दें तो बतायें कि वास्तव में कितने लोग बाढ़ से उत्तर प्रदेश में प्रभावित हैं, कितने लोग बाढ़ से मरे हैं, कितनी सरकारी सहायता दी गई है तथा कितनी सरकारी सहायता की तुरन्त आवश्यकता है। क्या मंत्री जी संतुष्ट हैं कि जो बाढ़ प्रभावित लोग हैं उनकी हिफाजत हो रही है या और अधिक हिफाजत की उनको जरूरत है?

इन शब्दों के साथ मैं आपका बहुत शुक्रगुजार हूं और विरोधी सदस्यों का भी शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने शांति से हमारी बात को सुना और मुझे आशा है कि भविष्य के लिए वे अच्छे सुझाव देंगे जिससे कि देश को बचाया जा सके।

डा. ए. यू. आजमी (जौनपुर): सभापति महोदय, बाढ़ का प्रश्न बहुत बड़ा प्रश्न है, बड़ी गम्भीर समस्या है, इस पर घन्टों बात की जा सकती है, सजेश्चन्ज दिये जा सकते हैं। अभी हमारे आनरेबिल मेम्बर ने एक लम्बा भाषण दिया और उस में बहुत से आंकड़े आप के सामने पेश किये। चूंकि हाउस के पास वक्त की कमी है और मेरे पास भी वक्त कम है, इस लिए मैं चन्द जरूरी बातें कह कर अपनी बात खत्म कर दूंगा।

सभापति महोदय, पूरे देश को मालूम है कि देश के कई प्रदेशों के साथ उत्तर प्रदेश इस वक्त जबरदस्त बाढ़ की चपेट में आ गया है। करोड़ों रुपये की प्रापर्टी बरबाद हो गई है, सैंकड़ों लोग अपनी जिन्दगी खो बैठे हैं। रोजाना अखबारों में आ रहा है कि फलां शहर का तीन-चौथाई हिस्सा पानी के अन्दर है, फलां गांव पानी से घिर गया है और जबरदस्त खतरे में है। लोग ये ''हैडिन्ज'' और खबरें फैशन के तौर पर बड़ी दिलचस्पी से पढ़ते हैं, एक दूसरे को सुनाते हैं, ह्रास करते हैं और भूल जाते हैं। ये खबरें हर साल नहीं तो हर दूसरे साल जरूर सुनी जाती हैं और अगर ऐसा ही चलता रहा तो हर साल ये खबरें सुनी जायंगी खुदा न करे ऐसा हो और सरकार व नेता लोग बयान-बाजियां कर के गल्ला, कपड़ा वगैरह बटवाने में एक-दूसरे से बाजी ले जाने की अफसोसनाक कोशिश करेंगे और जब देख लेंगे कि इलैक्शन का माहौल बन गया तो आराम की नींद सो जायेंगे।

मेरा क्षेत्र जौनपुर भी दूसरे जिलों की तरह इस वक्त गोमती और सई नदियों की जबरदस्त बाढ़ की चपेट में है और इस से पहले भी कई बार इस से भी बड़ी बाढ़ की मुसीबत झेल चुका है। इर्रीगेशन मिनिस्टर साहब के 22 जूलाई के स्टेटमेन्ट में इन नदियों का जिक्र नहीं है। मैंने पहले भी जौनपुर जा कर तमाम क्षेत्र का दौरा किया था और अब फिर दौरा कर के कल 11 जूलाई को वापस आया हूं। जौनपुर का तीन-चौथाई हिस्सा पानी में है। खेतियां बरबाद हो गई हैं, गरीबों के मकानात बहुत से तो बिलकुल तबाह हो गये हैं और बहुतों को काफी मरम्मत दरकार है। लोग कैम्पों में मुसीबत के दिन बेबसी के साथ गुजार रहे हैं और सरकारी गेहूं, माचिस, तेल वगैरह पाते तो हैं, लेकिन फिर भी तरसते हैं।

मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ रहा है कि दूनिया के बहुत बड़े आजाद देश हिन्दुस्तान के आजाद बाशिन्दे इस बात के आदी होते जा रहे हैं कि कैसे ज्यादा गल्ला हासिल कर लें। इस की वजह से वह हर बात भूल गये हैं कि देश क्या है, देश से उन का रिश्ता क्या है, देश के लिये उनकी ड्यूटी क्या है, देश पर उन का हक क्या है। एक मुट्ठी गल्ले के पीछे दौड़कर इस प्राबलम का सौल्यूशन नहीं निकाला जा सकता। यह सस्ता और घटिया तरीका छोड़ कर हमें संजीदगी के साथ सोचना पड़ेगा कि दरियाओं की बाढ़ की इस असल बीमारी को कैसे दूर किया जाय। मेरी राय है कि इन दरियाओं को साफ कराया जाय, उन्हें गहरा किया जाय, दरियाओं के किनारे बांध बांधे जांय, अगर हो सके तो इन दरियाओं को कई हिस्सों में बांट कर पानी के बोझ को हल्का कर दिया जाय, ताकि बाढ़ का जोर कम हो सके। और मेरी मांग है कि मेरे क्षेत्र जौनपुर (उत्तर प्रदेश) के लोगों के नुकसान का पूरा-पूरा मुआवजा दिया जाय, लगान माफ की जाय, कर्जों की वसूली मुलतवी कर के माफ किया जाय। स्टूडेन्ट्स की फीस पूरे साल की माफ की जाय। बाढ़ का पानी उतरने के बाद फैलने वाली बीमारियों से बचाने की पूरी कोशिश की जाय। जब तक दूसरी फसलें तैयार न हो जायें उन्हें रोजाना की जिन्दगी गुजारने की पूरी सहूलियतें मुहिया की जांय। मसलन खाना, कपड़ा वगैरह दिया जाय।

[डा. ए. यू. आजमी]

सभापति महोदय इन मांगों के साथ मैं आप का शुक्रियाअदा करता हूं कि आप ने मुझे बोलने का मौका दिया और मेम्बरान का भी शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने खामोशी और दिलचस्पी से मुझे सुना ।

प्रो. सत्यदेव सिंह (छपरा): सभापति महोदय, माननीय सिंचाई मंत्री श्री केदार पांडे जी ने अपने 22 जुलाई के वक्तव्य में कहा है कि बिहार के बाढ़ पीड़ितों की राहत के लिये प्रतिवर्ष 461 लाख रुपये दिये जाते थे, अब उसे बढ़ा कर 1308 लाख रुपये का राहत कार्य के लिये आवंटन किया गया है। राहत कार्य के मद में प्रतिवर्ष इतनी बड़ी राशि लगाना वांछनीय नहीं है और बाढ़ रोकने के लिये सरकार अपेक्षाकृत काफी सचेष्ट और तत्पर हो--यह श्रेयस्कर है। बाढ़ नियन्त्रण के कार्य सही ढंग से किये जायें तो न केवल राहत कार्य की राशि की बचत होगी, बल्कि जनसाधारण को, बाढ़-पीड़ितों को, अनन्त यातना से बचाया जा सकेगा। इस लिये मेरी दृष्टि में सरकार का यह सब से महत्वपूर्ण कदम होना चाहिये।

सिंचाई मंत्री जी ने अपने 22 जुलाई के वक्तव्य में यह भी बतलाया है कि बिहार सरकार के प्रतिवेदन के अनुसार 7 जुलाई तक बाढ़ नहीं है फिर भी जपला और कोइलवर के पास सोन नदी खतरे का निशान पार कर चूकी है और पटना के पास गंगा नदी भी खतरे का निशान पार कर चुकी है। बिहार सरकार का यह बाढ़ सम्बन्धी प्रतिवेदन 7 जुलाई का है और आज 12 अगस्त है--36 दिनों के बाद इन दोनों नदियों, सोन और गंगा, की बाढ़ का भयावह और प्रलयंकर आज रूप दिखाई दे रहा है। जिस का हवाई सर्वेक्षण गत 10 जुलाई को माननीय सिंचाई मंत्री श्री केदार पांडे ने किया है। एक अत्यन्त महत्वपूर्ण और आश्चर्य की बात यह है कि बिहार की जनता सरकार ने भोजपुर जिले की सोन और गंगा नदियों की बाढ़ से सुरक्षा के लिए बक्सर से कोईलवर तक गंगा के दक्षिण में तटबन्ध की व्यवस्था कर दी परन्तु गंगा, सोन और सरयू नदी के उत्तरी तट पर बसे सम्पूर्ण सारन जिले को इन नदियों की बाढ़-विभीषिका से जूझने के लिए भाग्य भरोसे छोड़ दिया और यहां के नागरिकों का जीवन अत्यन्त संकटमय बन गया है। प्रति वर्ष सारन जिले के नागरिकों का जीवन भयावह खतरे से बराबर संकटग्रस्त बना रहता है। एक तरफ तटबंध का केवल उत्तर में निर्माण हो रहा है जबकि होना यह चाहिए था कि गंगा के दोनों तरफ उत्तर और दक्षिण में यह तटबंध बनता परन्तु इंजीनियरों की अवैज्ञानिकता और अदूरदर्शिता का यह ज्वालन्त प्रमाण है जब उन्होंने एक तरफ भोजपुर को सुरक्षा प्रदान करने के लिए तटबंध की व्यवस्था कराई और दूसरी तरफ सारा का सारा बाढ़ का पानी सारन जिले में प्रवेश करने के लिए दरवाजा खोल दिया, मार्ग प्रशस्त कर दिया जिस से इस जिले में जल-प्लावन का दृश्य बराबर बना रहा। वहां की जनता को बाढ़ के कारण अपार कष्ट, अनन्त नारकीय यातना का सामना प्रति वर्ष करना पड़ता है और करोड़ों रुपयों की सम्पत्ति और फसल प्रति वर्ष नष्ट होती है तथा असंख्य पशुओं और नागरिकों के जीवन का अन्त हो जाता है। सारन जिले के छपरा सदर प्रखंड की नंनीचेबर की जल निकासी की लगभग एक करोड़ रुपये की योजना कई वर्षों से बिहार सरकार के अधर में लटकी हुई है, यह प्रान्तीय सरकार की फाइलों में है, जिस से हजारों एकड़ जमीन में जल निकासी न होने के कारण धान या रबी की फसल नहीं हो पा रही है। विगत 20 वर्षों से यहां की जमीन में कोई अन्नोत्पादन नहीं होता फिर भी सरकार लगान वसूल करती है। यह कितनी क्रूरता है और कैसी निमर्मता है। किसान भूखा है, आफत का मारा है और फसल न होने पर भी उस को लगान देना पड़े। लगान तभी सरकार ले जब किसान की सुखसुविधा की व्यवस्था हो और कृषि कार्य के लिए सरकार अनुकूल अवसर प्रदान करे, बाढ़ से सुरक्षा प्रदान करे और खेतों से अन्नोत्पादन करने के लिए किसानों को समर्थ बनावे । बिहार में पिछली जनता सरकार के सिंचाई मंत्री श्री सच्चिदानन्द सिंह जी, सांझी एक क्षेत्र के तत्कालीन विधायक श्री राम बहादुर सिंह को खुश करने के लिए क्योंकि वे श्री कर्पूरी ठाकुर के गुट में नहीं थे, बिना किसी कार्यक्रम के अचानक छपरा पहुंच गये और उन्होंने बिना किसी प्राक्कलन के, बिना किसी योजना के एकमा क्षेत्र की जल निकासी

की गई योजनाओं के निर्माण-कार्य का उद्घाटन किया और एकमा क्षेत्र की जल निकासी योजनाओं को कार्यान्वित कराने के लिए उन्होंने अपने मंत्री पद का दुरुपयोग किया और इस तरह से बेईमानी की क्योंकि यह मारा का सारा पानी छपरा सदन के नैनीचेवर में, नैनी बांध के पश्चिम में आएगा, जहां पहले से जल निकासी योजना विगत 20 वर्षों से बन कर बिहार सरकार की फाइल में भगवान शंकर की जटा के समान उलझी पड़ी है। इसलिए यह बहुत गलत काम उन्होंने किया है। अगर एकमा क्षेत्र की जल निकासी योजना नैनी बांध के पश्चिमी चेवर में आ गई तो यह सारा क्षेत्र बराबर झील बना रहेगा। भूतपूर्व जनता सरकार की इस बेईमानी के पूर्व निर्णय को हमारी प्रदेश की लोक प्रिय कांग्रेसी सरकार और केन्द्र की नई सरकार अविलम्ब रोके तथा छपरा सदर क्षेत्र के नागरिकों को शीघ्र न्याय प्रदान करें। एकमा क्षेत्र का पानी कई मील तक नैनी बांध के पश्चिम के नैनीचेवर में नहीं ला कर उस से और पश्चिम में ही रिविलगंज थाना के ग्राम इनई के नहर से सरयू नहीं में गिराने की व्यवस्था की जाए तो इस से नैनीचेवर झील नहीं बनगी। इस तरह छपरा सदर के नागरिकों को जो अपार कष्ट और नारकीय जीवन का सामना करना पड़ रहा है, वह नहीं करना पड़ेगा। छपरा सदर प्रखंड नैनीचेवर की जल-निकासी योजना कई वर्षों से प्रदेश सरकार की फाइलों में पड़ी हुई है, बिहार सरकार की फाइलों में पड़ी हुई है उसी जनहित की दृष्टि से अविलम्ब हमारी नई सरकार कार्यान्वित करें जिससे वहां पर किसान पानी निकलने पर खेती कर सके।

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: There is no Cabinet Minister here.

MR. CHAIRMAN: The hon. Minister should be present.

SHRI HARIKESH BAHADUR: It is a serious matter. Lakhs of people are affected. It is a very serious matter. Discussion is going on....

MR. CHAIRMAN: I think a Cabinet Minister should be present. I think it will be communicated to the hon. Minister.

प्रो. सत्यदेव सिंह : सभापति महोदय, मैं माननीय सिंचाई मंत्री श्री केदार पांडे जी जो हमारे प्रदेश के पुराने लोकप्रिय नेता हैं, बड़े न्यायप्रिय हैं, कर्मठ और ईमानदार हैं, उनसे मेरा सादर आग्रह है कि भोजपुर जिला की बाढ़ से सुरक्षा के लिए गंगा नदी के दक्षिण तट पर बक्सर से कोइलवर तक तट बन्ध बनाने के साथ ही साथ (एक ही साथ) सारन जिला की भी बाढ़ से सुरक्षा के लिए गंगा, सोन और सरयू नदियों के उत्तर में दरौली से सोनपुर तक तटबन्ध की व्यवस्था अवश्य ही कराएं। नैनी चंवर की अटकी, उलझी 1 करोड़ की जमाने से पड़ी जल निकासी योजना को क्षान्तीय सरकार से या अपने स्तर से शीघ्र कार्यान्वित कराने की कृपा करें। यह योजना बिहार की जनता सरकार के सिंचाई मंत्री की मनमानी और अन्याय के कारण रुकी रही। एकमा थाना की जल निकासी योजना पश्चिमी छपरा सदर थाना के नैनी बांध के पश्चिम चंवर में नहीं ला कर सिविलगंज थाना के इनई नहर से निकालने की व्यवस्था करें और छपरा के लोगों को न्याय दिलाने की कृपा करें जिससे नयी सरकार में उनकी जनता की आस्था और आशा और अधिक सुदृढ़ हो सके। (इति)

*SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER (Durgapur): Mr. Chairman, Sir, with your permission I will like to speak in my mother tongue, Bengali. Sir, today we are discussing here the terrible floods that have occurred in various parts of our country like Uttar Pradesh, Bihar, Haryana, Assam, Gujarat, Kerala, etc. This discussion is based on the statement made in this House by the hon. Minister of Irrigation on 22-7-1980. We are having this discussion although the Minister of Irrigation is not present in the House.

Hon. Member Shri Ram Nagina Mishra, who initiated this discussion, had in his speech stated that we should rise above party interests and party

*The original speech was delivered in Bengali.

[Shri Krishna Chandra Halder]

view points while discussing this problem. But the very next moment we found that he created such a flood in the House through his remarks that the Opposition was about to be flushed away. I do not wish to make such contradictory speech like him and I do not wish to speak from the party angle. It has been said here with the help of statistics that in this year's floods in U.P. about 430 persons lost their lives. In Gujarat about 20 persons in 125 villages have lost their lives. There have been terrible floods in Karnataka. There has been damages to the tune of Rs. 8 crores in Kerala. There has been untold destruction in Bihar and U.P. in this year's floods. So we see that even after 33 years of self rule we have not been able to control these rivers properly. As has already been mentioned by the mover of the motion, the Chinese people have successfully controlled the Yang Si river which was called their "river of sorrow". This and other major rivers have been tamed and contolled by them as a result of which these rivers are helping them in their prosperity and have turned into "rivers of happiness." They have built up multipurpose projects on these rivers for flood control, generation of Hydel power and irrigation etc. We should also follow their example. We have gained from the experience and expertise of U.S.A., France, U.K. and West Germany in matters of flood control. Similarly we can also profit by exchange of expertise from China. They were also a backward and underdeveloped country like ours and our conditions were almost similar. But they have today succeeded in contolling the floods. So we should try to profit from their experience and expertise. In our country in one State alone about 2 million hectares of land has been damaged, over 500 people have lost their lives, there has been a loss of nearly 130 crores of rupees. Now this is a recurring loss every year. We are not only suffering a huge loss through destruction of crops and houses and loss of human lives but this is also striking at the very roots of our national economy and is retarding our progress.

Therefore, Sir, today we shall have to take up the flood control problem with a national outlook so as to combat the floods successfully. We should frame a national policy for the utilisation of our water wealth so that they may be used for the prosperity of the whole nation. Such an comprehensive national outlook and national policy is lacking at present. Of course, there is one Central Water Commission in existence but their working has not been very effective. The Central Government has stated that by 2000 A.D. about 110 million hectares can be brought under irrigation. This can be possible if we proceed with a national out-look and with a national policy on utilisation of water resources.

We know that every year due to floods a huge quantity of water flows in the Sea and goes waste. If that flood water can be stored in properly constructed reservoirs, then during the lean periods they can be used for irrigation, navigation etc. This excess water can also be taken to the drought prone areas for the prosperity of the nation. We should work on multipurpose schemes for flood control, irrigation, navigation and generation of hydel power in a planned way. As we need a national outlook for flood control, similarly we need to identify the flood prone areas. We know the areas of Haryana, Delhi, U.P. Bihar etc. in the North which are susceptible to floods. West Bengal and the tributaries of the Brahmaputra, the rivers of the east-coast are also flood prone. First, we should adopt a national angle and then we should adopt flood control and irrigation measures on the zonal rivers. Efforts should be made to inter-link the rivers. We have discused the Brahmaputra River Board. Now what we need is a link between the Brahmaputra and the Ganges. This will help in making available 40,000 cusecs of water during the lean months

which is esential for keeping alive the Calcutta Port. We should conduct proper study of the water resources of the important rivers like the Maanadi, the Godavari, Krishna, Cauvery etc. and try to develop the water resources through proper research. If we can work a link up of these rivers tken we will be able to control floods. provide irrigation facilities and generate hydel power through construction of dams. Similarly we should try a comprehensive plan to link up of the Ken Betwa and Chambal rivers between U.P. and Madhya Pradesh for prosperity of these States. These schemes will cost about 1800 crores of rupees. Thereby we will be able to provide irrigation to about 10 million hectares of land. The underground water resources in those areas can provide furter irrigation to 5 million more hectares. About 4 million K.W. of hydel power can be generated.

Sir, in the annual report of the Ministry of Irrigation it has been stated that the Ganga Flood Control Commission was set up in 1972. But today even after 8 years the Commission does not appear to have any significant achievement to its credit. It is working at a leisurely pace and at this speed it will require several generations to control floods effectively. You know Sir. the Ganga is the only river of north-eastern India for drainage of water. The Jumna, the Burhi Gandak, Sone, Damodar, Ajoy etc. all rivers fall in the Ganges/Hooghly. Large areas of north and eastern India are inundated every year by floods. Therefore, I will urge upon the Ganga flood control Commission to sit up and work more vigorously. In this report it has further been stated that flood control schemes for the Sunderbans, Mayurakshi, Ajoy basin, Damodar System, the Bhagirathi etc. are in progress. I will request that this work may be completed speedily and in right earnest.

Now I will draw the attention of the Hon. Minister to D.V.C.

I will request him to reconsider the whole project. We have seen that in the lower Damodar devastating floods are occurring every year. To control the floods the expansion scheme of the Mython Dam should be speedily implemented. To control the Damodar floods effectively another big reservoir has got to be constructed. The multipurpose projects on the Ajoy basin has to be implemented soon. The irrigation Minister of West Bengal has demanded that for a successful project on the Lower Damodar it is necessry that the Rupnarayan river be dredged properly from the point it joins the Damodar river upto Neokhali. Unless this dredging of the Rupnarayan river is done, the floods cannot be controlled. I will therefore demand that dredging operations of the Rupnarayan river may be undertaken immediately. I will further demand that the lower Kansabati project may also be implemented speedity.

MR. CHAIRMAN: Mr. Halder, you can have one minute more.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: You can take the opinion of the House, about its sitting beyond 6 p.m. Then I can continue my speech.

MR. CHAIRMAN: Is it the pleasure of the House to continue beyond 6 p.m.?

श्री कृष्ण चन्द्र पांडे (खलीलाबाद): दो घंटे के लिए बढ़ा दिया जाये ।

SHRI BIRENDRA SINGH RAO: A time limit should be fixed—at the most one hour more.

MR. CHAIRMAN: Is it the pleasure of the House to sit for one more hour?

SOME HON. MEMBERS: Yes.

श्री दौलत राम सारण (चरु) : यदि मेम्बरों को बोलने का अवसर नहीं दिया जायेगा, तो क्या फायदा होगा ?

MR. CHAIRMAN: We will continue till 7 p.m. Let us see; we will try to regulate. Mr. Halder, please conclude.

श्री कृष्णचन्द्र पांडे : जिन सदस्यों के नाम आपके सामने हैं, उनको बुला लीजिए ।

MR. CHAIRMAN: Hon. Members who are now asking for time to speak, should have sent in their names a little earlier. Anyway, instead of taking time in interruptions, let us give Mr. Halder time to conclude. Mr. Halder.

SHRI KRISHNA CHANDRA HALDER: Mr. Chairman, Sir, many previous speakers have spoken about the floods in U.P., Bihar, etc. I will therefore not enter into those again.

I will urge upon the Irrigation Ministry to have proper coordination and report with the Ministry of External Affairs and to establish contacts with the Nepalese and Chinese Governments so that suitable schemes may be chalked out for controlling those rivers that originate in Nepal and China with the cooperation of those Governments. It is necessary that we hold talks with those Governments for effectively controlling the floods in those Himalayan rivers.

18 hrs.

Sir, I will conclude by saying that as stated earlier, we should try to develop our water resources with an overall national outlook. All the flood control schemes must be implemented on a war footing, so that the colossal loss every year in human lives, property, crops and cattle may be prevented. We should have a national policy on utilisation and control of our water resources.

श्री गिरधारी लाल व्यास (भीलवाड़ा) : सभापति महोदय, हिन्दुस्तान में हर साल बाढ़ से जो करोड़ों रुपयों का नुकसान होता है, उसको रोकने के लिए विशेष तौर पर प्रयत्न किया जाना चाहिए । जब से देश आजाद हुआ है, तब से सरकार ने इस सम्बन्ध में काफी काम किया है, इसमें दो राय नहीं हैं, लेकिन ब्रह्मपुत्र, कोसी, नर्वदा, गोदावरी, सतलुज, व्यास, गंगा और यमुना आदि जो बड़ी बड़ी नदियां हैं, उनमें हर साल बाढ़ आती है और उससे करोड़ों अरबों रुपयों का नुकसान होता है। इस लिए सरकार को ऐसी योजना बनाई जाये, जिसके अन्तर्गत इन बाढ़ों को रोक कर इस पानी को रेजरवायर के जरिये से देश की असिंचित जमीन को सिंचित किया जा सके और देश का उत्पादन ज्यादा से ज्यादा बढ़ सके ।

पिछले दिनों सिंचाई मंत्री ने एक स्टेटमेंट दिया था कि एक इंजीनियर ने देश की तमाम बड़ी बड़ी नदियों को एक दूसरे के साथ लिंक करने के लिए एक योजना बनाई थी । उन्होंने कहा था कि अगर 15,000 करोड़ रुपये की व्यवस्था हो सके, तो इस योजना को कार्यान्वित किया जा सकता है। इतनी बड़ी रकम और इतनी बड़ी व्यवस्था हम एक-दम नहीं कर सकते । बड़े बड़े इंजीनियर्ज ने उस योजना को फीजिबल नहीं बताया है । लेकिन जिस तरह ब्रह्मपुत्र घाटी के लिए एक बोर्ड की स्थापना की गई है, कोसी के सम्बन्ध में कुछ व्यवस्था की गई है और दामोदर घाटी योजना बनाई गई है, उसी तरह यदि देश की अन्य बड़ी नदियों पर बांध बना कर उनके पानी से ज्यादा से ज्यादा जमीन को सिंचित किया जाये, तो उससे बहुत लाभ होगा ।

यह तो सुझाव है सारे देश के लिए। अब मैं खास तौर से राजस्थान के बारे में कुछ निवेदन करना चाहता हूं । हमारे यहां एक साल सूखा पड़ता है और दूसरे साल बाढ़ आती है । इन दोनों प्राबलम्ज से हम लोग भयंकर तकलीफ में है। जब सूखा पड़ता है, तब भी लोग बहुत बड़े संकट में पड़ जाते है और जब बाढ़ आती है, तब भी बहुत बड़ा संकट हमारे सामने आ जाता है । हमारा आधा प्रान्त ऐसा है, जहां बिल्कुल रेगिस्तान है । रेगिस्तान में पिछले सौ पचास सालों में कभी बाढ़ आती नहीं देखी, जैसलमेर में आठ आठ, दस दस साल तक एक एक दो दो इंच बारिश नहीं होती लेकिन ऐसे स्थानों में भी पिछले सालों में अकाल आया और बाढ़ आई। तो ऐसे स्थानों में अगर हम रिजर्वायर बना दें जिस से बाढ़ के समय के पानी को रिजर्वायर में रोक सकें तो उस के जरिए सैं इरीगेट भी कर सकते हैं और उस रेगिस्तानी एरिया को हरा भरा बना सकते हैं । इस तरह से

उस से हम ज्यादा से ज्यादा प्रोडक्शन भी कर सकते हैं । तो इस प्रकार की व्यवस्था वहां करना नितान्त आवश्यक है ।

दूसरा मेरा निवेदन है कि हमारे यहां पंजाब की तरफ से जो पानी आता है गंगा नगर जिले के हनुमानगढ़ इलाके में जिसको नाली एरिया बोलते हैं, उस की वजह से भयंकर नुकसान होता है । उस पानी को वहां पर बड़े बड़े बांध बना कर रोका जा सकता है। वहां पर बड़े बड़े टीले हैं उन के अंदर उस को जज्ब करें और उन्हों का रिजर्वायर बना कर उस पानी का उपयोग करें तो उस से उस क्षेत्र की सिंचाई हो सकती है और बहुत बड़ा लाभ उस क्षेत्र का हो सकता है ।

इसी तरह भरतपुर का एरिया है । माननीय मंत्री महोदय बैठे हैं, इन्हीं के प्रदेश से पानी उधर गुजरता है। उस पानी को निकालने की कोई व्यवस्था नहीं होती है । छः महीने तक वह पानी पड़ा रहता है । उस की वजह से कोई फसल वहां पैदा नहीं होती है और बहुत बड़ा नुकसान उस क्षेत्र के लोगों को होता है । वहां पर भी रिजर्वायर बनाने की बात कही जा चुकी है । अगर उस का आउटलेट बना दिया जाय जिस के जरिए से जो पानी वहां इकट्ठा होता है वह निकाला जा सके तो जो हजारों लाखों बीघा जमीन उस से खराब हो जाती है उस को बचाया जा सकता है और बहुत बड़ा लाभ वहां के किसानों को हो सकता है । वहां के किसान ज्यादा से ज्यादा उत्पादन बढ़ा सकते हैं। इसलिए इस प्रकार का प्रयत्न निश्चित तरीके से किया जाना चाहिए ।

इसी प्रकार से अन्य क्षेत्रों में भी जहां पर बाढ़ आती है, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर इत्यादि, इन जगहों के अंदर भी इस का इंतजाम किया जाना चाहिए । पिछले सालों में क्या हुआ कि बाढ़ आई उस के बाद भारत सरकार एक टीम भेजती है जो जा कर देखती है कि कितना नुकसान हुआ कितना नहीं हुआ । उस का एस्टीमेट करती है । दो महीने बाद जब वह अपनी रिपोर्ट देती है तब भारत सरकार उस पर कुछ सैंक्शन करती है । मगर वह सैंक्शन होने के बाद दूसरी स्थिति पैदा हो जाती है और वह सैंक्शन ज्यों का त्यों पड़ा रहता है और जितने बन्धे, मकान, नाले वगैरह टूटते हैं अथवा अन्य प्रकार से जो नुकसान होता है उस के अंदर कोई सहायता नहीं पहुंच पाती। इसलिए इस प्रकार की व्यवस्था होनी चाहिए जिस में जो पुरानी परम्परा चली आ रही है कमेटी भेजने की और जांच करने के बाद रिपोर्ट करने की, उस के बाद कुछ उस के लिए प्रावधान करने की, उस के बजाय फौरी तौर पर कोई व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिससे जिन लोगों को माली नुकसान हुआ है, जानवरों का नुकसान हुआ है या मकान का नुकसान हुआ है, आदमी मरे हैं, उन को तत्काल राहत मिल सके । इस प्रकार की व्यवस्था की जाय तब जा कर उन को कुछ लाभ हो सकता है ।

इसी तरह से राजस्थान कैनाल की बात आप देखें । आज सारा का सारा पानी बह कर पाकिस्तान जा रहा है । उस पानी को हम रोक नहीं पा रहे हैं । उस में ज्यादा पानी आता है तो वह राजस्थान के अंदर भी गंगा नगर क्षेत्र में आता है। अगर राजस्थान कैनाल को हम पूरा बना दें और जैसलमेर तक पहुंचा दें तो लाखों एकड़ जमीन सिंचित होगी और बहुत बड़ा लाभ इस देश को उत्पादन के क्षेत्र में होगा । इसलिए इस के लिए ज्यादा से ज्यादा पैसा दिलवाइए और ऐसी व्यवस्था कीजिए जिस से बाढ़ से भी बचा जा सके और सिंचाई की एक अच्छी व्यवस्था हो सके । इसलिए मैं मंत्री महोदय का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहता हूं कि इस प्रकार के जो कान्ट्रीज स्टेंसिस मैंने दिए हैं उन की व्यवस्था आप को करनी चाहिए ।

जनता पार्टी के कुछ भाई अभी बात कर रहे थे । पिछले साल दिल्ली के अंदर बाढ़ आई। उस समय यहां इन की सरकार थी लेकिन वह कुछ नहीं कर सके । इंदिरा गांधी जी ने जगह जगह जा कर व्यवस्था की, वहां सामग्री सप्लाई की, कपड़े दिलवाये, खाने का सामान दिलवाया । जनता पार्टी की जो सरकार थी वह कुछ भी नहीं कर पायी। इसलिए मैं उन से कहना चाहता हूं कि कुछ करो, बाढ़ की समस्या को हल करने

[श्री गिरधारी लाल व्यास]

में कुछ सहयोग करो और सब मिलजुल कर इस बाढ़ की समस्या को हल करें जिस से देश में कुछ कल्याणकारी काम हो सके ।

श्री रोतलाल प्रह्लाद वर्मा (कोडरमा): सभापति महोदय बाढ़ एक राष्ट्रीय विपत्ति है। यह आज का नहीं बल्कि वर्षों का एक इतिहास है कि बाढ़ के द्वारा देश में काफी क्षति पहुंची है। इस प्रदेश में अभी तक इस सम्बन्ध में कोई नियन्त्रणकारी सफल कदम नहीं उठाए गए हैं । बहुत से आयोग और कमेटियां बनाई गई लेकिन हर वर्ष जिस तरह से बाढ़ आती है उसके साथ-साथ बाढ़ योजनाओं का करोड़ों अरबों रुपया भी बह जाता है । यदि उस पैसे का सही रूप में सदुपयोग किया जाए, ठीक से नियंत्रण हो तो हर वर्ष जो बाढ़ से बर्बादी होती है उसमें धीरे-धीरे कमी आ जाए । अभी ब्रह्मपुत्र नदी के सम्बन्ध में नियन्त्रण बोर्ड बनाया गया । यह असम की समस्या है और वहां पर और भी कई नदियां हैं । उत्तर बिहार में कोसी नदी एक अभिशाप के रूप में है, उस पर कुछ नियन्त्रण हुआ है । इसी प्रकार से दक्षिण में दामोदर तथा अन्य नदियों में भयंकर बाढ़ें आती हैं लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है । दामोदर घाटी को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया है ताकि बंगाल और बिहार को बचाया जा सके, पानी को रोकने के लिए डैम बना दिया गया लेकिन जो पानी जमा हो जाता है उसको नहरों के द्वारा सूखे क्षेत्रों में बांट दिया जाए तो न केवल बाढ़ की विभीषिका को ही टाला जा सकता है बल्कि कभी कभी जो बांध टूटने से व्यापक बर्बादी का डर होता है वह भी दूर हो जायेगा। सारी जगहों पर यही स्थिति है। गुजरात में भी यही स्थिति है। वहां पर 46 मध्यम सिंचाई योजनायें हैं और 227 लघु योजनायें हैं । वहां भी पानी भर जाता है । इस पानी को नहरों के द्वारा सिंचाई के काम में लाने की व्यवस्था की जानी चाहिए ।

जो केन्द्रीय बाढ़ नियन्त्रण आयोग है, पता नहीं इतने वर्षों से क्या कर रहा है ? अभी हाल में उसकी रिपोर्ट आई है लेकिन इससे काम होने वाला नहीं है । इस सम्बन्ध में कारगर कार्यवाही होनी चाहिए । बिहार में कोसी नदी पर बालू निकालने की योजना पर अरबों रुपए खर्च किए गए लेकिन ठेकेदार और इंजीनियर आज के नये पूंजीपति बन गए हैं, उनके मकान और सम्पत्ति की जांच की जाए तो पता चलेगा कि वह पैसा कहां चला गया । अगर सही अर्थ में काम हो जाए तो देश को लाभ पहुंच सकता है । जिस नदी में बार-बार बाढ़ आती है उसके पानी को इकट्ठा करके नहरों के द्वारा सूखे क्षेत्रों में बांटने की व्यवस्था होनी चाहिए । साथ ही आज जो पैसे का अपव्यय हो रहा है उसकी जांच-पड़ताल होनी चाहिए ताकि सरकारी पैसे का गबन, बर्बादी, अपव्यय और गोलमाल न हो। इंजीनियर और ठेकेदार मिलकर जो गोल-माल करते हैं उस पर रोक लगनी चाहिए ।

SHRI CHINTAMANI JENA (Balasore): Mr. Chairman, Sir, I am grateful to the Mover of this Motion, Mr. Mishra, that he has brought this Resolution before the House. I am specially grateful to the hon. Speaker that he has admitted this Motion, because it gives us an opportunity to speak on the flood problem. In this modern age, when our younger generation is trying to go to the moon and stay there, a national calamity like flood is a big challenge to our nation, to our Government and this generation also, specially in a developing country like ours. It is the first and foremost duty of the popular Government to control the floods, to eradicate the flood problem in our country, which is an agricultural country, where 80 per cent of the people depend on agriculture. This biggest problem that faces us every year has to be solved for ever.

As you know, every year thousands of people loss their lives due to floods. This year also, in UP alone 430 persons have lost their lives, leave alone the other States. The Minister has given a detailed statement on this, but there is no time with me to read out the figures.

MR. CHAIRMAN: The problems are known. You give your valuable suggestions, which can be considered. Because, the time is very limited.

SHRI CHINTAMANI JENA: Apart from the loss of human life, every year we are losing many development-

al projects like roads, schools, hospitals, Government institutions, public institutions as well as many dwelling houses, which may cost some hundreds of crores of rupees.

In the early days, even before independence, Government had set up so many expert committees to suggest solutions to control floods. So many suggestions have been given by the expert committees, like the K. L. Rao Committee. But very few of them are implemented yet. It may be because flood control is a State subject. The States with their meagre financial resources cannot afford to implement those recommendations. So, my suggestion is that the Union Government may seriously consider whether flood control can be brought directly under the Union Government. Otherwise, poor States like Orissa will find it difficult to implement those schemes. As most of the members know, Orissa is the poorest State where 71 per cent of the people are below the povertyline. Such poor States cannot implement the flood control schemes recommended by expert committees.

MR CHAIRMAN: He should conclude now. His time is over.

SHRI CHINTAMANI JENA: I will only mention some projects which the Minister may look into. Suvarnarekha is an inter-State project. During the Janata regime the three States have signed an agreement to implement the flood control as well as irrigation scheme. But the work has not yet been taken up because States like Bihar, West Bengal and Orissa are not able to finance the implementation of the scheme. The hon. Minister may kindly look into it.

Similarly Bhim Kund is a hydel project. It will not only produce energy but it will also control the floods in Brahmani and Baitarani rivers. The Government of India is agreeable to finance only for the implementation of hydel project, but not the flood control schemes. I would submit to the hon. Minister that at least 50 per cent of the flood control scheme should be financed by the Union Government. Apart from that, there are one or two or three more rivers like....

MR. CHAIRMAN: You just mention the rivers, because there is no time.

SHRI CHINTAMANI JENA: With this, Sir, I would request the Union Government to kindly pay attention to the control of these floods specially in poor States like Orissa, Assam, Bihar etc. which are undeveloped and backward States.

श्री भीम सिंह (झुनझुनू): सभापति महोदय, फ्लड्स के बारे में मैं एक निवेदन करना चाहूंगा। ये जो फलड्स आते हैं इन के दो खास कारण हैं । एक तो बाढ़ इसलिए आती है कि जो बंधा होता है, वह टूट जाता है और टूटने में उस का पानी तेजी से आता है और वह बाढ़ का स्वरूप ले लेता है। दूसरा कारण यह है कि बड़ी-बड़ी नदियों में इतना पानी आ जाता है कि उनके किनारे जो गांव हैं या जो इलाके होते हैं, उन में पानी भर जाता है और इसलिए बाढ़ आ जाती है । उस की रोकथाम के लिए एक निवेदन करना चाहूंगा कि जो बांध बांधे जाते हैं, उन बांधों पर जितना रुपया और जितने अच्छे मैटीरियल और टेक्नीकल चीजों की जरूरत होती है, वे उस में काम में नहीं लाई जाती हैं । डिजाइन के अच्छे न होने के कारण और माल खराब लगने के कारण बांध टूट जाते हैं । इस के बारे में मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि जो स्टेट गवर्नमेंट्स हैं, वे इस काम को संभालें और जितना रुपया उस में लगना है, वह यह देखें कि उतना उस में लगा है या नहीं और टेक्नीकली वे साउंड बने हैं । यह स्टेट गवर्नमेंट के लेविल पर संभाले जाने की आवश्यकता है ।

दूसरी बात मैं यह निवेदन करना चाहूंगा कि जो बड़ी-बड़ी नदियां हैं, उन के बारे में राष्ट्रीय लेविल पर एक बोर्ड बनाया जाए और वह बोर्ड पूरे देश के अन्दर सर्वे कर के प्लान बनाए । जिस तरह से एक होशियार काश्तकार अपने खेत को पानी से बचाने के लिये ड्रेनेज का ले-आउट बनाता है, उसी

[श्री भीम सिंह]

तरह से सारे मुल्क का ड्रेनेज का ले-आउट बनाया जाए कि किस नदी का पानी किस नदी में जाएगा और जितना एक्सेस वाटर होगा, वह समुद्र में बह कर निकल जाएगा । इस से जो बाढ़ें आती हैं, उन से लोगों को बचाया जा सकता है । पेपर्स में यह बात आ जाती है कि हवाई जहाज से लोगों को सामान डाप करवा दिया या फौज को बाढ़ की रोकथाम के लिये भेजा है । ये बातें तो अखबारों में पढ़ने को आ जाती हैं लेकिन जितना इस काम के लिए खर्च रखा जाता है, उस का आधा ही खर्च होता है । यह स्कीम नहीं बनाई जाती है कि इस ज्यादा पानी को कहां डाइवर्ट करें । मैं एक कान्क्रीट मिसाल आप को देना चाहूंगा। सतलुज से पानी हर साल राजस्थान के अन्दर घग्गर बेड में आ जाता था और वह जो पानी फैलता था, उस से बहुत नुकसान होता था । उस पानी को नागौर और दूसरे जिलों में रेगिस्तान में डाईवर्ट करने की बात आई, तो पंजाब ने उस पानी को पिक-अप किया और उस में काम लेने लगे और नतीजा यह हुआ कि राजस्थान के घग्गर बेड में जो बाढ़ आती थी, वह बाढ़ रुक गई। खाली शिवालिक लेक हिल्स का जो पानी आती है, उस को हम जरूर यूज करना चाहेंगे । इसी प्रकार से एक निवेदन यह करना चाहूंगा कि यमुना के पानी से जो फ्लड आता है, उस से भरतपुर में पानी पहुंच जाता है । उस को अलवर, झुनझुनू, सीकर और नागौर में डाइवर्ट कर दें और लिफ्ट इरीगेशन द्वारा उस का सदुपयोग किया जाए, तो जो बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है, वह नहीं होगा और किसानों को भी उस से फायदा होगा। लेकिन वह जो स्कीम थी, वह बनी की बनी रह गई । उस के बाद गंगा के पानी को डाइवर्ट करने के लिए स्कीम बनी कि इस पानी को अलवर, सीकर, झुनझुनू और नागौर के लिए इस्तेमाल किया जाए लेकिन वह स्कीम भी वैसी की वैसी पड़ी हुई है । मैं चाहूंगा कि मंत्री जी इस को देखें कि राष्ट्रीय लेविल पर एक बोर्ड बने जो ऐसे पानी के सदुपयोग के लिए प्लान बनाए । जैसे हमारी पंचवर्षीय योजना है, उसी तरह से इस योजना को लागू किया जाए तो यह जो नुकसान बाढ़ों से होता है, इस को लाभ के लिए परिवर्तित किया जा सकता है ।

श्री राम सिंह यादव (अलवर): मैं जिस प्रान्त से आता हूं, मेरा जो निर्वाचन क्षेत्र है, उस में इस प्रकार की एक ऐसी नदी है, जिस से राजस्थान को ही नहीं बल्कि दिल्ली को भी नुकसान होता है । गत वर्ष साहिबा नदी ने दिल्ली के अन्दर कैसी आपत्ति पैदा कर दी थी, वह आप जानते हैं । इस नदी में जो विशेषताएं हैं, उन में एक यह है कि इस में तीव्र की गति है और जिस गांव से, जिस इलाके में से हो कर यह बहती है, उस के ऊपर बड़ा दुष्प्रभाव पड़ता है लेकिन कुछ लोग इस तरह के अभ्यस्त हो गये हैं कि इतने वर्षों के बाद भी आज तक उस नदी को बांधा नहीं गया है । अब प्रयत्न किया गया है और सेन्ट्रल वाटर एण्ड पावर कमीशन ने उस के लिए कोई प्रोजेक्ट रिपोर्ट बना कर भेजी है, जिस को हरियाणा ने प्रेषित किया है । उस ने 35.96 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट बनाया है । और आज हरियाणा के मसानी गांव के पास में एक बहुत बड़ा डेम कन्स्ट्रक्ट किया जा रहा है । वह माननीय कृषि मंत्री जी का निर्वाचन क्षेत्र है । उनके ही क्षेत्र में यह प्रोजेक्ट बनाया जा रहा है । इस प्रोजेक्ट से राजस्थान के 15-20 गांव जलमग्न होंगे। उन गांवों के लोगों को बसाने की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही है ।

अभी 29 जुलाई को एक अतारांकित प्रश्न के द्वारा मैंने जानकारी मांगी थी और लिखित उत्तर में मुझको इस सदन में जानकारी दी गयी कि इस प्रोजेक्ट को हरियाणा गवर्नमेंट बना रही है । जो लिखित जवाब आया उसमें ऐसा मालूम होता है कि राजस्थान गवर्नमेंट को इस के बारे में विश्वास में नहीं लिया गया । जो राजस्थान के गांव इस प्रोजेक्ट के बनने से प्रभावित होंगे, जिनकी जमीन, जिनके मकान, जिनकी सारी सम्पत्ति जलमग्न हो जाएगी, उसके बारे में कृषि मंत्री जी ध्यान दें । माननीय कृषि मंत्री जी से मैंने सदन के बाहर भी इस बारे में चर्चा की थी और निवेदन किया था कि यह 35.96 करोड़ रुपये का जो बहुत बड़ा डेम बन रहा है उससे पड़ोस के राजस्थान के गांवों पर प्रभाव पड़ेगा । उनको मुआवजा देने की कोई व्यवस्था नहीं की गयी है । मैंने माननीय मंत्री जी से वहां की आबादी के बारे में भी कहा था और कहा था कि इस डेम को बनाने के बारे में राजस्थान सरकार को अभी तक कोई सूचना तक नहीं दी गयी। ऐसी सूरत

में, जबकि इससे राजस्थान के बहुत से गांव और उनकी आबादी प्रभावित होने वाली है ।

मैं कृषि मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि यह उनके क्षेत्र से मसला संबंध रखता है । इस प्रोजेक्ट को ओपन वेरज रखा जाए । इससे जो जलप्लावन होने वाला है वह बच जाएगा और उसके आसपास के गांव आकोली, लालपुर, उझाली, जमालपुर, जोखावास, करोरीवास, धाकावास आदि के रहने वाले लोगों को रिलीफ मिलेगा । इस प्रावलम के ऊपर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए ।

माननीय मंत्री जी ने यह भी कहा है कि इस प्रोजेक्ट को प्लानिंग कमीशन के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया है। इस से यह अर्थ निकलता है कि इसे अभी तक स्वीकृति नहीं मिली । किन्तु हरियाणा गवर्नमेंट ने यह काम शुरू कर दिया है और राजस्थान सरकार को बिना विश्वास में लिये यह काम शुरू कर दिया है । मैं समझता हूं कि यह उचित नहीं है । प्रभावित होने वाली स्टेट से स्वाकृति लेना, अनुमति लेना बहुत आवश्यक है ।

इस सम्बन्ध में मैं चन्द लाइनें अर्ज करना चाहूंगा–

> "The Government of Haryana have forwarded to the Central Water Commission for examination, a project report, for the construction of a barrage on the Sahibi river near village Masani in Haryana at an estimated cost of Rs. 35.96 crores. The project report is yet to be accepted by the Planning Commission for implementation. In the meanwhile, the Haryana Government is proceeding with the construction of the barrage since 1977-78.
>
> The Rajasthan Government has informed that so far no action has been initiated for acquisition of land and properties in Rajasthan."

This is a very serious matter affecting ilivestock as well as human lives as also their holdings, belongings and properties. They have no other occupation, and therefore, the matter has to be considered very seriously by the Agriculture Minister and the Irrigation Minister.

The Flood Control Commission in its report submitted in March, 1980, has recommended that there should be a project on the Sahibi river so that the villages affected may be saved. That should be taken into consideration by the Government of India, and there should be follow-up action. That report should be submitted to the Planning Commission for their approval.

SHRI BHOGENDRA JHA (Madhubani): At the fag end of the session we are discussing the problem of floods. In order to save time, I shall not go into the damage that has been caused in terms of human lives, cattle, properties and crops. I will try to deal with the causes, some durable solutions and immediate relief. Amongst the causes, according to me, the most important cause is that most of our rivers come from the Himalayas or from other hills. The swift flow from the Himalayas, the sweeping currents of the river passing through soft alluvial soil cause large scale inundation and formation of silts and these rivers deposit those very silts in their former course and then change their course. The rivers thus block one route and take some other route. This has been going on, the rivers have been changing their course during the preceding decades. This inundation, silting, blocking and changing of course, etc. have been a major cause of floods. When these rivers become shallow due to the depositing of silts in their beds, they cause floods and also drought. When the rains come, they cause floods and when the rains cease for a few days or weeks, they drain the entire water into the Ganga or the sea and so there is drought. The deforestation is one other problem, although, I do not think, it is a very major problem, but a problem none-the-less. One minor factor has been the blocking of the natural flow by the rail-roads, and roads because then the length of the

[Shri Bhogendra Jha]

bridges is lessened and so due to the lack of passing of adequate water, the flood water gets accumulated and is spread over a larger area and the damages are caused. That means, only the flood-prevention measures cause more losses due to floods than what they prevent. That is because the concentrated and accumulated water within the embankments flows into another river and that river overflows and due to that, the floods from North Bihar have been exported to South Bihar, Patna has been submerged several times because of the embankments in the North, on Gandak, Kosi, Kamla and other rivers. Only the flood prevention measures are no solution, according to me, in our situation.

I suggest that some durable solutions have to be found. These durable solutions, in the first place, are multipurpose high dam projects on Brahmaputra, when this river falls from the hills to the plains, on Kosi near Barhkshetra, on Kamla at Sisapani, on Banumati at Nunthar, on Gandak when it falls down the Pokhra valley. These dams will store the water during the rainy season by allowing only a part of it to flow and silting will be almost eliminated and that very water will come during the lean months. They will give not only water for irrigation, but hydel power also. Side by side, I would say that river Kosi can give one lakh cusecs of water for our Calcutta port, which requires only 40,000 cusecs of water during the lean months i.e. April and May. Besides that, it will become navigable for steamers, upto Barhkshetra because the river beds will become fixed. These are the gains, which have to be attempted. Another minor thing is about dredging of the rivers or what is called, desilt-If you dredge them, they would not be allowed to become shallow and they will flow through the fixed course and also become capable of carrying more water. For smaller rivers, along with this dredging, there must be embankments on both sides and sluice gates at short intervals, as a part of flood prevention-cum-irrigation schemes, because the people require water for irrigation also.

In several areas, the bridges have been broken and they do not allow us to operate the relief measures—for example, in the district of West Champaran, the river Gandak swept away the railway line between Chittouni and Begaha, the river Kosi swept away the railway line between Nirmali and Bhabtiaghi and they are yet to be reconnected. This is the condition in many areas and that affects the relief operations also. I think, by these measures, you can eliminate major floods for a durable period.

With regard to immediate relief measures, my first suggestion is,—that is for the whole country,—in all the States, there should be popular all-party relief Committees at the block and district levels. I think, the ruling party should initiate it. Otherwise, there is not only corruption, nepotism but even a proper distribution of the relief measures does not take place.

In the flood-affected areas, the requisite number of boats are not found. The adequate supply of foodgrains, kerosene, fodder, salt, sugar, medicines, cloth, house-building material where houses have fallen, all these things are required. I am talking of relief in terms of kind because cash does not reach the villages.

Another thing that I suggest is, from the Haryana side, in the flood-affected areas, even now, the Central Government should undertake the task of keeping ready the paddy seedlings. The paddy seedlings should be kept ready, because after the floods recede, if the fertile soil gets seedlings in time, there will be an abundant production of paddy.

According to me, the cash grant should come in the last because a major portion of that will be devoured before it reaches the villages.

श्री कृष्ण चन्द्र पांडे (खलीलाबाद): माननीय सभापति महोदय, मैं आपको हार्दिक धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे समय दिया। देश में कभी एक तरफ सूखा पड़ता है और दूसरी तरफ बाढ़ आ जाती है। सूखा उन्हीं क्षेत्रों में पड़ता है जिनमें बाढ़ आती है।

श्री सुन्दर सिंह (फिल्लौर): सभापति जी, मेरा प्वाइन्ट आफ आर्डर है। पंजाब के मुताल्लिक कोई बात नहीं आई है, वहां भी इंदियाओं ने तूफान मचा रखा है। हमें भी समय मिलना चाहिए।

MR. CHAIRMAN: This is not a point of order. Very valuable time of the House is being taken up in this way. Please continue your speech.

श्री कृष्ण चन्द्र पण्डे: उन्हीं क्षेत्रों में बाढ़ आती है, जिन क्षेत्रों में हर बरस सूखा भी पड़ता है। मैं सिंचाई मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि जो बाढ़ का पानी है, उसको रोकने के लिए इंतजाम किया जाना चाहिए। सिंचाई के समय में बाढ़ के पानी का उपयोग हो सके, इसकी व्यवस्था की जानी चाहिए।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में पं. जवाहर लाल नेहरू ने एक पटेल आयोग का निर्माण करवाया था जिसकी रिपोर्ट भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार दोनों के पास है परन्तु वह रिपोर्ट पुस्तकालय तक ही सीमित रह गई, उस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया और कोई कार्यवाही नहीं की गई। मैं सिंचाई मंत्री से आग्रह करना चाहता हूं कि बाढ़ नियंत्रण के लिए अगर पूर्वी उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में जो पटेल आयोग की रिपोर्ट है, उस पर अगर सरकार ध्यान दे तो कम-से-कम 4 जिलों की रक्षा की जा सकती है।

इस समय पूरे उत्तर प्रदेश और देश के कोने-कोने में बाढ़ आई हुई है जिससे अरबों रुपये की क्षति हो रही है। पशुओं का भी नुकसान हो रहा है, वह मर रहे हैं। चारे का भी अभाव है। मैं कृषि मंत्री से अपील करना चाहता हूं कि पशुओं के चारे की व्यवस्था, जिन क्षेत्रों में बाढ़ आई हुई है, वहां पर की जानी चाहिए।

जो मकान गिरे हुए हैं, उनको अनुदान देकर, जैसी कि उत्तर प्रदेश सरकार ने घोषणा की है, कि जो मकान गिरे हैं उन्हें 200 से 500 रुपये तक दिया जायेगा, लोगों की मदद की जानी चाहिए।

सौभाग्य की बात है कि राष्ट्र नेता श्रीमती इन्दिरा गांधी ने पूर्वी उत्तर प्रदेश का बाढ़ पीड़ित क्षेत्र का व्यापक दौरा किया और प्रदेश सरकारों का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया। लेकिन केन्द्रीय सरकार की जिम्मेदारी प्रदेश सरकारों से कहीं अधिक है। तीस साल तक हमारी पार्टी की सरकार रही। बाढ़ को रोकने के लिए कोशिशें की गईं, लेकिन अभी तक बाढ़ पर काबू नहीं पाया जा सका है। मैं मंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूं कि बाढ़ पर काबू पाने के लिए ठंडे दिल और दिमाग से कोई योजना बनाई जानी चाहिए।

18.41 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair.*]

बाढ़ से प्रति-वर्ष अरबों रुपयों का नुकसान होता है। एक पंच-वर्षीय योजना के दौरान बाढ़ से जो नुकसान होता है, अगर उतनी धनराशि को बाढ़-नियंत्रण पर लगा दिया जाए, तो मुझे आशा है कि बाढ़ पर नियन्त्रण किया जा सकेगा।

देश में पानी का अभाव है। देश के कोने-कोने में ट्यूबवैल लगाये जा रहे हैं। मैं कृषि मंत्री और सिंचाई मंत्री से आग्रह करना चाहता हूं कि बाढ़ के पानी को नियंत्रित कर के जल-कूंडी योजना बना कर उसको सिंचाई के लिए प्रयुक्त किया जाये। इस समय सरजू नदी बस्ती जिले को तहस-नहस और बर्बाद कर रही है। मैंने एक ध्यानाकर्षण-प्रस्ताव के द्वारा कृषि मंत्री का ध्यान इस ओर आकृष्ट किया था। सरजू नदी बस्ती जिले की खलीलाबाद तहसील के गूलरिहा और छपरा पूर्वी ग्रामों और बनिया जिले के अनेक ग्रामों को काट रही है। इसलिए वहां ठोकर बनवाने की व्यवस्था अविलम्ब की जानी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार को केन्द्र से एड दी जाए, जिससे ठोकर जल्द से जल्द बनवाई जा सके।

मैं समझता हूं कि बांध बांधने से बाढ़ पर काबू कतई नहीं पाया जा सकता है। उत्तर प्रदेश में बहुत पहले एक योजना लागू

[श्री कृष्ण चन्द्र पाण्डे]

की गई थी कि गांवों को ऊंचा किया जाये। जो गांव ऊंचे किये गये थे, वे लाख बाढ़ आने पर भी बच जाते हैं। उसके बाद इस योजना को पूरे देश में छोड़ दिया गया और नदी के किनारे बांध बांधना शुरू हो गया। परिणाम यह है कि जब बाढ़ आती है, तो बांध कट कर नदी में चला जाता है और नदी का पानी चारों ओर फैल जाता है। मेरा आग्रह है कि गांवों को ऊंचा कर के उन्हें बचाया जा सकता है और वहां के नागरिकों तथा पशुओं की रक्षा की जा सकती है।

जिन क्षेत्रों में बाढ़ आती है, वहां पानी के हट जाने के बाद नाना प्रकार के रोग फैल जाते हैं। मैं मंत्रीगण से प्रार्थना करना चाहता हूं कि वे स्वास्थ्य विभाग का भी सहयोग लें और स्वास्थ्य मंत्री से सलाह कर के उन गांवों में दवाओं का छिड़काव किया जाये, जो पानी में डूबे हुए हैं। बाढ़ के खत्म होते ही वहां पर क्रश प्रोग्राम शुरू किया जाये। अगर ऐसा नहीं किया जायेगा, तो बड़ी व्यापक भूखमरी फैलने का अंदेशा है।

आज पूर्वी उत्तर प्रदेश में ही नहीं, बिहार, आसाम, गुजरात आदि अनेक राज्यों में बाढ़ आ गई है। आज सारे गरीब मजदूर परेशान हैं। केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रदेशों को अधिक से अधिक अनुदान देना चाहिए। केन्द्रीय सरकार, प्रदेश सरकारों और प्लानिंग कमीशन को मिल कर बाढ़-नियंत्रण के उपायों पर विचार करना चाहिए। मुझे आशा है कि मंत्री महोदय इन सुझावों पर ध्यान देंगे और बाढ़ पर नियंत्रण कर के देश की रक्षा करेंगे।

श्री हरिकेश बहादुर (गोरखपुर): उपाध्यक्ष महोदय, हमारे देश के विभिन्न भाग मुख्यतः केरल, कर्नाटक, गुजरात, मणिपुर, आसाम, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरयाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, कश्मीर, राजस्थान, सिक्किम, अंडमान निकोबार द्वीप समूह आदि सभी बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। साथ साथ तामिलनाडु में भी बाढ़ का काफी प्रभाव रहा है जैसा कि माननीय सदस्य सूचित कर रहे हैं, शायद वह मुझसे छूट गया। जो लोग मरे हैं उन की संख्या करीब 2 हजार से भी अधिक है। पिछले 33 वर्षों में 30 वर्ष तक तो कांग्रेस पार्टी का शासन था और ढाई तीन साल तक इस पार्टी का शासन था। मैं यह नहीं कहना चाहता कि किसने क्या किया लेकिन यह बात सही है कि जिस पार्टी का शासन काल बहुत थोड़ा था वह बहुत कम काम कर सकती थी, लेकिन उस पार्टी ने बहुत काम करने की कोशिश की।

पूर्वी उत्तर प्रदेश में बाढ़ से रोक थाम के लिए तमाम प्रभावशाली कदम उठाए गए थे लेकिन तीस वर्षों में काम जिस तरीके से किया जाना चाहिए था, जिस प्रभावशाली ढंग से किया जाना चाहिए था उस ढंग से नहीं किया गया जिस का नतीजा है कि आज देश के अंदर लाखों और करोड़ों की संख्या में लोग हर साल बाढ़ से तबाह होते हैं। किसी भी राज्य की बाढ़ की समस्या को इस सरकार ने आज तक के अपने शासन काल में खत्म नहीं किया है। हर साल राहत में कई करोड़ रुपये खर्च होते हैं। अगर एक सुनियोजित ढंग से कोई योजना बनाकर उस का कार्यान्वयन ठीक ढंग से किया गया होता तो आज शायद इस समस्या का समाधान बहुत हद तक हो गया होता। बाढ़ आयोग की यह रिपोर्ट है। नेशनल कमीशन आन फ्लड्स की रिपोर्ट में यह लिखा गया है:

> "We have indicated that the five major flood-prone States, namely, Uttar Prades, Bihar; West Bengal, Orissa and Assam account for 66 per cent of the total affected area and 61 per cent of the aggregate damages in the years 1971—78."

यह रिपोर्ट चूंकि 78 तक की बाढ़ की स्थिति को देख कर बनाई गई है इसलिए उन्होंने तब तक की बात लिखी है और इसमें विशेष रूप से इन राज्यों का उल्लेख किया गया है जिन का कि नाम मैंने अभी-अभी लिया है। इस के साथ जो इस में डाटा दिया गया उस में एन्युअल एरिया अफेक्टेड का एक चार्ट दिया गया है:

The annual area affected from 1966—78.

	The average annual area affected in lakhs ha.
Utttar Pradesh	26.20
Bihar	17.27
West Bengal	11.98
Assam	8.98

इसी तरह से एेन्युअल पापुलेशन अफेक्टेड का चार्ट है:

	Annual population affected in 1976-78 Average.
Uttar Pradesh	89.42
Bihar	85.43
West Bengal	48.05
Tamil Nadu	30.55

इस तरीके से हम देख रहे हैं कि खास तौर से उत्तर प्रदेश, बिहार, वैस्ट बंगाल, उड़ीसा, आसाम और आन्ध्र प्रदेश ये प्रदेश हर साल बाढ़ से बहुत ही अधिक प्रभावित होते हैं । इस कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में दिया है कि फर्स्ट प्रायरिटी इन-इन स्टेट्स को दी जानी चाहिए–बिहार, उत्तर प्रदेश, वैस्ट बंगाल, उड़ीसा और आसाम। सेकेंड प्रायरिटी में गुजरात, आन्ध्र प्रदेश, राजस्थान, केरल, हरियाना और तमियनाड, आते हैं । इस तरीके से इस रिपोर्ट के अंदर बहुत सी बातें कही गई हैं । सरकार को चाहिए कि इन सब पर तत्काल ध्यान दे कर कोई एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम बनाएं जिससे कि बाढ़ की रोकथाम की जा सके ।

कैप्टेन दस्तूर की गारलैंड कैनाल की एक योजना आई थी । इस में यह कहा गया है कि पिछली सरकार ने भी उस पर कुछ कार्यवाही करने की बात कही थी । यह सरकार भी गारलैंड कैनाल की योजना के बारे में कुछ सोच रही है । अभी हाल ही में सरकार का एक वक्तव्य आया था जिस में कहा गया था कि अगर उस योजना को लागू किया गया तो लगभग 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्च होगा । शायद सरकार उस दिशा में सोच रही है। मैं चाहूंगा कि अगर वह योजना फीजिबल हो तो उसे लागू करना चाहिए। उस से जहां सिंचाई के साधन बढ़ेंगे, वहीं बाढ़ रुकेंगी, बिजली का उत्पादन होगा, उस से औद्योगिक विकास होगा तथा बेरोजगारी काफी हद तक दूर हो सकेगी । बाढ़ की रोकथाम से एक सबसे बड़ी समस्या हमारी यही हल होगी कि बेरोजगारी को दूर करने में इस से बहुत बड़ी मदद मिलेगी ।

हमारी नदियों की जो बेड्स हैं उस में सिल्ट जमा हो जाने के कारण इन की गहराई हर साल कम होती जा रही है । बराबर इस बात की चर्चा होती है कि सिल्ट को हटाया जाना चाहिए । हमारे उत्तर प्रदेश में एक योजना चलाई गई थी जिस में गांवों को ऊंचा किया जा रहा था और गांवों को ऊंचा करने की वजह से बाढ़ आने के बावजूद वह गांव बाढ़ से बच जाते थे । अगर नदियों के बेड्स से सिल्ट को हटा दिया जाये और गांवों को ऊंचा किया जाये तो काफी हद तक हम बाढ़ से बच सकते हैं ।

लेकिन इसमें उस काम को करने के लिए बहुत बड़ी संख्या में लोगों की आवश्यकता होगी । इसके लिए सरकार को लैण्ड आर्मी की बात सोचनी चाहिए । मुझे उम्मीद है इस पर भी मन्त्री जी ध्यान देंगे।

बाढ़ रोकने के लिए नदियों के किनारे जो बांध बनते हैं, ऐसा देखा जा रहा है कि अधिकांश बांध टूट जाते हैं । बनने के एक दो साल बाद ही बांध टूट जाते हैं, बांधों में दरारें आ जाती हैं जिससे हजारों एकड़ जमीन डूब जाती है, तमाम गांव बह जाते हैं और बहुत से लोगों की जानें चली जाती हैं । इसलिए वह बांध किस तरह से बनाए जाते हैं और किस तरह से टूट जाते हैं---इस की पूरी जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए (व्यवधान) आपकी सरकार उन लोगों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं

[श्री हरिकेश बहादुर]

करेगी---यह मैं जानता हूं क्योंकि भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देना ही आपका काम है।

वनों के विकास से भी बाढ़ की समस्या को रोक-थाम हम कर सकते हैं।

अन्त में मैं उत्तर प्रदेश के सम्बन्ध में कुछ कहना चाहता हूं। केवल उत्तर प्रदेश में बाढ़ से लगभग 1 हजार व्यक्तियों की मृत्यु हुई है। उत्तर प्रदेश के 37 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं जिनके 12 हजार गांव बाढ़ में डूबे हुए हैं। 70 लाख से अधिक जनसंख्या इस समय उत्तर प्रदेश में बाढ़ से प्रभावित है और जन धन की जो हानि हुई है उसकी तो कल्पना करना ही मुश्किल है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में बहुत सी नदियां एक साथ बहती हैं और उन सभी में बाढ़ आई हुई है। गोरखपुर में राप्ती, घाघरा, बड़ी गण्डक, रोहिन, आमी, कुवानू – 6 नदियां बहती हैं और इन सभी नदियों में आज बाढ़ है। राप्ती के किनारे बांध बनाए जाने की योजना चली थी लेकिन उस बांध को भी अभी तक पूरा नहीं किया गया है। कई बार इस समस्या को मैंने उत्तर प्रदेश सरकार के सामने भी उठाया, उनके अधिकारियों से भी कहा लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। राप्ती के एक किनारे बस्ती जिले की तरफ तो बांध बना दिया गया है लेकिन गोरखपुर जिले के किनारे की तरफ लगभग 44 किलोमीटर जगह छोड़ दी गई है। उसमें 32 किलोमीटर लम्बा बांध बनाने की योजना थी जिसको बड़या कोठा बांध कहते हैं। अभी तक उस बांध को पूरा नहीं किया गया है। कोठा रिगौली बांध को भी अभी तक पूरा नहीं किया जा रहा है। मैं चाहता हूं कि केन्द्रीय सरकार उत्तर प्रदेश सरकार से कहे कि शीघ्र उस बांध को कम्प्लीट किया जाए यानी रिगौली से लेकर कोठा तक 44 किलोमीटर बांध की जो आवश्यकता है उसको बनाया जाए। इससे लगभग 116 गांवों को बाढ़ से बचाया जा सकेगा तथा जो जन धन की हानि होती है वह भी रुक सकेगी। मैं मन्त्री जी से विशेष रूप से कहना चाहता हूं कि ब्रह्मपुत्र बोर्ड की तरह से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में बाढ़ नियन्त्रण के लिए बोर्ड की स्थापना की जाए।

बाढ़ से बचाव के लिए बहुत से कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए योजना आयोग से बातचीत करनी चाहिए। बाढ़ से जब बचाव करेंगे तो सिंचाई के साधनों का निर्माण होगा, विद्युत का उत्पादन होगा, उससे औद्योगिक विकास होगा, लोगों को बेरोजगारी दूर होगी।

इस समय जो देश में बाढ़ है उसके संबंध में मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं। सरकार खाद्य सामग्री पर्याप्त मात्रा में वितरित कराए, मिट्टी का तेल, नमक दियासलाई बाढ़-पीड़ितों को दी जाए, उन किसानों का लगान माफ किया जाए जिनकी भूमि पानी में डूब गई है, छात्रों की फीस माफ की जाए और जिनके मकान गिरे हैं क्षतिपूर्ति के लिए पैसे दिये जाएं ताकि वे अपने मकान बनवा सकें। महामारी से बचाने के लिए दवा का वितरण कार्य किया जाए। साथ ही फूड फार वर्क प्रोग्राम, जिसको सरकार ने बन्द करने की बात सोची है उसको तत्काल शीघ्रता से लागू किया जाये वरना बहुत से लोग बेरोजगारी के शिकार हो जायेंगे। इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं और उम्मीद करता हूं कि मन्त्री जी ठीक ढंग से इन बातों का जवाब देंगे ताकि हमको संतोष हो और देश की जनता का लाभ हो सके।

चौधरी मुलतान सिंह (जलेसर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, यह बाढ़ नियन्त्रण का जो सवाल है वह हर साल लोकसभा और राज्यसभा में उठाया जाता है। 30-35 साल हो गये हैं लेकिन अभी तक बाढ़ पर कोई नियन्त्रण नहीं हो सका है और न ही बाढ़ नियन्त्रण के सम्बन्ध में कोई स्थायी योजना लागू हुई है। जहां भी कुछ रुपया खर्च किया गया है वह टेम्पोरेरी कामों पर खर्च किया गया है। हरयाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कुल मिलाकर जितना रुपया हर साल बाढ़ नियंत्रण पर खर्च किया जाता है उससे ज्यादा रुपया अकेले दिल्ली में खर्च हो जाता है। इसी तरह से पूरे उत्तर प्रदेश में 11 करोड़

लोगों पर बाढ़ के नियन्त्रण के संबंध में जो बज्ट होता है उससे अधिक अकेले लखनऊ पर खर्च हो जाता है। अरबों रुपया खर्च होता है अरबों का नुकसान होता है बस एक ही जवाब इन के पास है कि ढाई साल जनता पार्टी ने कुछ नहीं किया । मैं पूछता हूं—तुम ने 32 साल तक क्या किया?

समय बहुत कम है, इस लिये मैं कुछ सुझाव देना चाहता हूं । मेरे क्षेत्र में सरसा, सेंगर, ईसन, करबन और जमना —ये पांच नदियां बहती हैं । बुलन्दशहर से अलीगढ़, अलीगढ़ से मथुरा मथुरा से एटा, एटा से मैनपुरी, मैनपुरी से इटावा, इस तरह से ये जा कर कालपी के पास इटावा में जमना में गिरती हैं। मैं निवेदन करूंगा कि सरसा, सेंगर और ईसन—इन तीन नदियों को एक नदी बनाकर गहरा खोदा जाये, डूने का रूप दिया जाये और सेंगर नदी में इटावा में डाल दिया जाय ।

दूसरा सवाल यह है कि जितने दरिया हैं, ये हमेशा अपना रास्ता बदलते हैं, 50 हजार बीघा जमीन कभी इधर मार देते हैं और कभी उधर मार देते हैं । जो भी दरिया बहता है उस का रास्ता एक ही होना चाहिये, वह अपने रास्ते को न बदले।

चम्बल का जहां तक सवाल है, चम्बल में इतना पानी आता है जिस का कोई हिसाब नहीं है। वह बहुत गहरी नदी है । उस के ऊपर कोटा से ले कर कालपी तक दसियों बांध बन सकते हैं, डैम्ज बन सकते हैं, जिन से सिंचाई भी हो सकती है और बिजली भी पैदा की जा सकती है । लेकिन आज तक इस तरफ कोई ध्यान नहीं दिया गया । चम्बल के दोनों साइड्स पर मेरा ख्याल है 50 लाख एकड़ जमीन बेकार पड़ी हुई है । उस में नाले बन गये हैं और डकैत वहां छुपे रहते हैं। लेकिन इस तरफ सरकार का कोई ध्यान नहीं है ।

जमना का जहां तक सवाल है— उस के ऊपर न जाने कितने लाख बीघे जमीन ऐसी पड़ी है जिस में यह नदी कभी इधर रेत डाल देती है, कभी उधर रेत और मिट्टी डाल देती है, लेकिन उस की तरफ ध्यान न देकर, ध्यान दिया जाता है दिल्ली, कलकत्ता और लखनऊ की तरफ । ये बड़े शहर न डूबें, चाहे सारी दुनिया डूब जाय । मैं 20 साल एम.एल.ए. रहा हूं, लखनऊ में हमेशा यह बात चलती रही है कि गांवों को ऊंचा किया जाय । सारा बजट गांवों को ऊंचा करने में लगाया जाता रहा, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला । आप चाहें तो सर्वे करा लीजिये, क्या एक भी ऐसा गांव है जिस में पानी न पहुंचता हो ।

हरियाणा में योजना चली, मंत्री जी ने भी देखा होगा, कि गांव के चारों तरफ बांध बनाया जाता है और एक ऊंचा ढलान दे दिया जाता है, जिस से गांव बच सकता है, इस के अलावा कोई दूसरा तरीका नहीं है । मैं चाहता हूं—उत्तर प्रदेश में गांव के चारों तरफ पक्का बांध बांध दिया जाय, ऊंचा बांधा जाय और रास्ता ढालू बनाया जाय ताकि गांव में पानी न पहुंच सके । आज तक तो यह सरकार पानी को रोक नहीं सकी है । पिछले 34 सालों में आप ने खोया ही खोया है और कुछ नहीं किया है ।

1947 से मैं देख रहा हूं—हमेशा लखनऊ में मिलिट्री बुला ली जाती है, करोड़ों रुपया खर्च किया जाता है। दिल्ली की भी यही हालत है । मैंने सुना है—कल मिलिट्री बुला ली है। मिलिट्री की तो यह हालत कर दी है कि जैसे गांव में कोई जानवर मर जाय तो गांव के आदमियों को बुला लें, खींच ले जायेंगे । इन के पास और कुछ नहीं है । जितना पैसा खर्च होता है, सब शहरों के बचाने पर खर्च होता है। मैं कहता हूं आप पहले शहरों को बचाने के इन्तजाम कर लो, ताकि बाद में कुछ बचे तो देहातों को भी थोड़ा-बहुत मिले ।

मेरे क्षेत्र में एक करबन नदी है जो बुलन्दशहर से चलती है और आगरा पहुंचती है । उस के लिये 11 करोड़ रुपये मन्जूर हुए थे । वह मेरे पूरे क्षेत्र में बहती है, लेकिन उस का काम चार साल से इस लिये शुरू नहीं होता कि मैं वहां से चुन कर

[चौधरी मुलतान सिंह]

आता हूं । अब वह काम शुरू होना था, लेकिन इस लिये नहीं हुआ कि सरकार में बदले की भावना बहुत जबरदस्त है, सिरसा का सर्वे हो रहा है । वह बुलन्दशहर में शुरू होता और इटावा, कालपी में पड़ेगा । अरबों रुपये का उस का बजट है लेकिन अभी उस का काम शुरू नहीं हुआ है । इस काम को जल्द से जल्द शुरू करवाना चाहिए ।

दूसरी बात मुझे यह कहनी है कि मेरे क्षेत्र में खेड़ी ग्राम और जमनीपुर आदि गांव हैं, जिन की 50 हजार बीघा जमीन जल-मग्न है । उस के लिए नाला नहीं खुदा है । इस तरह से मेरे क्षेत्र में खांडा गांव है। पवारी ड्रेन के नाम से एक ड्रेन बननी थी । उस के लिए 7 लाख रुपया भी सन् 1970 में मंजूर हुआ था लेकिन आज तक वह ड्रेन नहीं बनी है और इसलिए नहीं बनाई गई है कि रेल की पुलिया भीड़ी है, चौड़ी नहीं है और वह पानी को बर्दाश्त नहीं कर सकती । आगरा न डूब जाए, इसलिए उस को नहीं बनाया गया है । आप आगरा को बचा लो, दिल्ली बचा लो, लखनऊ बचा लो, पर देहात डूब जाए और वहां के रहने वाले सब मर जाएं, इस से आप को कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है ।

19 hrs.

श्री राम सिंह यादव ने जिक्र किया था हरियाणा का । मैं भी हरियाणा का रहने वाला हूं, इसलिए इस बात को जानता हूं कि जो साहिबी नदी है, उस से लाखों लोगों को तो नुकसान होता ही है लेकिन हमारे जो मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं, उन के फार्म को भी वह नुकसान पहुंचाती है लेकिन अभी तक उस के बारे में कुछ नहीं किया गया । आप चीफ मिनिस्टर भी रहे और मिनिस्टर तो बहुत दिनों तक रहे और आप हमारे उस इलाके के एक बहुत बड़े आदमी भी हैं लेकिन सब से ज्यादा नुकसान जो होता है, वह आप का ही होता है । इसलिए मेरा कहना यह है कि अगर राजस्थान के बोर्डर पर एक डैम बना दिया जाए, तो उस से सभी लोगों को फायदा होगा । रिवाड़ी जहां आप की जमींदारी थी, उस रिवाड़ी के आसपास के 100 गावों में जो पानी मिलता है, वह खारा पानी होता है और उस पानी को जानवर तक नहीं पी सकते और अगर कौवा उस पानी को पी जाए, तो वह मर जाएगा और जिन्दा नहीं रह सकता । तो मेरा कहना यह है कि डैम बना कर पश्चिम की तरफ से एक नहर बना कर साहिबी नदी का पानी निकाला जाए, तो वह पानी मीठा भी हो सकता है और ऐसा करने से हम गरीब भी बच जाएंगे और आप का फार्म भी बच जाएगा । उस तरफ कोई ध्यान नहीं है । केवल औपचारिक मीटिंग हो जाती है, लोक सभा में हो जाती है और जिलों में हो जाती है लेकिन होता कुछ नहीं है । उन मिटिंगों में यही होता है कि दियासलाई खरीद लो, नाव ले आओ, बत्ती ले आओ और चना ले आओ और उस पर जो पैसा खर्च होता है, वह सब लोग खा जाते हैं और गांव वालों को उस से कोई फायदा नहीं होता है । यह हालत सब प्रदेशों की है। वहां मीटिंगें हो जाती हैं और यहां लोक सभा में भी मीटिंग हो जाती है लेकिन उन से हमें कोई लाभ नहीं होता है । खैर, हमें क्या लेना देना है, जो भगवान करेगा, वह होगा । आप अपने दिल्ली, लखनऊ और मद्रास को बचा लो, तो बहुत बड़ी बात है । इन को बचाने के लिए मिलिट्री बुलाई जाती है और अगर वह न बुलाई जाए, तो पता नहीं आप के ये महल कहां जाएंगे । इन के लिए मिलिट्री तैयार है लेकिन हमारे जो हजारों आदमी डूब रहे हैं और मारे जा रहे हैं, गांव के गांव बह जाते हैं, छप्पर बह जाते हैं, उनके लिए वह मिलिट्री नहीं जाती और शायद मिनिस्टर भी वहां नहीं जाते हैं । यह जरूर है कि अभी कुछ मित्रों ने कहा कि प्रधान मंत्री जी घूम आई हैं । ठीक बात है । बाढ़ नियंत्रण के लिए उतना पैसा नहीं खर्च होता है जितना हवाई जहाज से पानी देखने में और शहरों पर खर्च हो जाता है । गांव वालों को तो इस से इतनी मदद हो जाती है कि गांव वाले यह देख लेते हैं कि हमारे गांव के ऊपर हवाई जहाज उड़ रहा है और मंत्री जी उस में घूम रहे हैं । इन के पैर नीचे नहीं पड़ते, उपाध्यक्ष महोदय, यह देश की कितनी बड़ी बदकिस्मती है । 34 साल इसी तरह से हो गये हैं । मंत्री जी जाएंगे या प्रधान मंत्री जी जाएंगी, तो दिल्ली से उड़ कर कलकत्ता चली गई, कलकत्ता से उड़ी तो मद्रास और मद्रास से सीधे रांची

पहुंच गई । असल में इन को गांवों की हालत का पता नहीं है । यह तो ऐसे ही समझती हैं कि जैसे दिल्ली में साउथ एवेन्यू में हमारी कोठी है और जैसे हम रहते हैं, वैसे ही गांव वाले भी रहते होंगे, वैसे ही कपड़े पहनते होंगे और वैसे ही खाते-पीते होंगे। इन को यह पता नहीं कि वे बेचारे जमीन पर भी नहीं सो सकते । हमारे उत्तर प्रदेश की एक-तिहाई औरतें, 10 करोड़ में से 6 करोड़ औरतें ऐसी हैं, जो कमर कमर तक पानी में साल में 4 महीने टट्टी जाती हैं लेकिन उस तरफ किसी का कोई ध्यान नहीं जाता । पानी में ही वे टट्टी करती हैं और वह टट्टी पानी पर बहती रहती है लेकिन यहां अगर एक कुतिया भी मर जाए, तो उस की फोटो अखबारों में आ जाती है और यह आ जाता है कि इस से सड़न पैदा हो रही है और दुनिया भर का शोर मच जाएगा लेकिन उन गांव वालों की तरफ इन का ध्यान नहीं जाता ।

आखिर में मैं यह कहूंगा कि सरकार ने 34 साल में 85 फीसदी देहात में रहने वाले लोगों को गुलाम माना है और उन को कोई आजादी नहीं मिली है बल्कि यह कहा जा सकता है कि ये गोरे अंग्रेज उन काले अंग्रेजों से इन 85 फीसदी लोगों के लिए बुरे ही साबित हुए हैं, अच्छे साबित नहीं हुए हैं ।

इतना कह कर मैं समाप्त करता हूं और आप को धन्यवाद देता हूं कि आप ने मुझे बोलने को मौका दिया ।

श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री (सैदपुर): आदरणीय उपाध्यक्ष महोदय, आज हम सब लोग देश के एक एक वृहद् और बड़े मसले पर विचार कर रहे हैं। खेद है कि इस मसले पर विचार करने के लिए हमारे हाउस का कोरम भी पूरा नहीं है। खैर कोई बात नहीं, मसला तो यह बड़ा है और उस पर हम लोग विचार करेंगे।

उपाध्यक्ष महोदय, हर साल मुल्क में बाढ़ आती है और बाढ़ को खत्म करने के लिए, उस पर नियंत्रण करने के लिए प्रतिज्ञाएं की जाती हैं। 1967 में जब बाढ़ आयी तो उस समय प्रतिज्ञा की गयी, 1969 में बाढ़ आयी, 1971 में बाढ़ आयी, 1977 में बाढ़ आयी तो नयी प्रतिज्ञाएं की गयीं और उन पर नये ढंग से कार्य शुरू करने के लिए तैयारियां शुरू हुईं। लेकिन इन सब बातों का निष्कर्ष जीरो रहा और बाढ़ बराबर आती रहीं और धन-जन की हानि भी होती रही।

22 जुलाई, 1980 को माननीय सिंचाई मंत्री जी ने एक वक्तव्य दिया। उस वक्तव्य में उन्होंने गंगा, व्यासलू, वासनाल, आमुआखन, नरोरा, मेघावात, शारदा की बाढ़ का जिक्र किया। आपने बताया कि 3 लाख 62 हजार हेक्टर भूमि जलमग्न हो गयी है, 15 लाख 4 हजार लोग प्रभावित हुए और 45 करोड़ 17 लाख रुपये का नुकसान हुआ। आपने यह भी बताया कि 284 लोग मर गये। लेकिन आज ही जो आंकड़े आये हैं उनके मुताबिक गंगा, व्यसालू, वासनाला, आमुआखना, नरोरा, मेघावात शारदा आदि..... नदियों के अतिरिक्त गंगा, यमुना और गोमती में भी भीषण बाढ़ इस समय चल रही है। सब से ज्यादा अजीब बात यह है कि जिस क्षेत्र सैदपुर से मैं आता हूं, उस क्षेत्र के तीन जिलों गाजीपुर, जौनपुर और वाराणसी में दो सौ गांव पूरे तरीके से प्रभावित हुए हैं और 12 सौ घर समतल मैदान बन चुके हैं। ऐसे स्थानों पर राहत के नाम पर दियासलाई और गल्ले का वितरण तहसीलदार, एम. डी. एम. और रेवेन्यू डिपार्टमेन्ट की ओर से कराया गया है। लेकिन मुझे कल ही अपने क्षेत्र से सूचना मिली है कि यह सारा का सारा वितरण दुर्भावनापूर्ण ढंग से हो रहा है। वहां के जो सरकारी अधिकारी लोग बैठे हुए हैं वे उन्हीं लोगों को दे रहे हैं जो कि वस्तुतः बाढ़ से प्रभावित नहीं हैं। जो लोग बाढ़ से प्रभावित नहीं हैं और वे सत्ताधारी दल से अपना सम्बन्ध रखते हैं तो उन्हीं लोगों में यह वितरण किया जा रहा है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे तत्काल जौनपुर, गाजीपुर, बनारस, सैदपुर, आदि क्षेत्रों में तुरन्त जांच करें और वहां के जिलाधीशों को आदेश दें कि वहां पर जो कुछ भी सामान वितरित हो रहा है

[श्री राजनाथ सोनकर शास्त्री]

वह वहां के स्थानीय विधायकों, एम. एल. ए. के माध्यम से किया जाना चाहिए जिससे कि अच्छे ढंग से सामान का वितरण हो सके।

सर यह मेरी ही एक कांस्टीचूएन्सी का प्रश्न नहीं है। बगल में जौनपुर का भी प्रश्न है। वहां पर भी 16 सौ घर डूब चुके हैं। वहां पर अब तक राहत के नाम पर केवल दियासलाई आदि ही पहुंचाई गई है। साथ ही थोड़ा सा गल्ला पहुंचाया गया है। मैं मांग करता हूं कि राहत कार्य को ठीक ढंग से करने के लिए अलग से कमेटी बनाई जाए और एम पी और वहां के विधायक के माध्यम से इस काम को कराया जाय। केवल दियासलाई और गल्ला पहुंचा देने मात्र से स्थिति सामान्य नहीं हो जाएगी। सब से बड़ी समस्या वहां लकड़ी की है, चारे की है बैलों के लिए और साथ ही जानवरों के आवास की है। मुझे सूचना मिली है कि करीब ढाई हजार आदमी सड़कों की पटरियों पर इस समय रह रहे हैं। सबसे खेदजनक बात यह है कि उनके पास जो सामान है उस पर पर भी डकैतियां डाली जा रही हैं। स्थानीय थानेदार का कहीं पता नहीं है। एक आदमी बाढ़ से प्रभावित होकर अपनी जान बचाने के लिए, अपने सामान की रक्षा करता है लेकिन उस पर भी डकैती डाली जाती है। वहां पर हरिजन समस्या भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। इस सब के लिए मैं समझता हूं कि सत्ता पक्ष के लोग जो वहां हैं वे पूर्णतया उत्तरदायी हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि वहां राहत कार्य अविलम्ब हाथ में लिए जाने चाहिए। मैंने यह भी सुना है कि जब बाढ़ आई तो कुछ लोगों को सांपों ने काट भी लिया। जब वे अस्पतालों में ले जाए गए तो वहां दवाई सुलभ नहीं थी। स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौन बैठे हैं और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इस कद्र वहां की स्थिति दयनीय है। आदमी सोच नहीं पा रहा है कि वह क्या करे। हम यहां बाढ़ की समस्या पर चर्चा कर रहे हैं और इसका क्या निष्कर्ष निकलेगा यह मंत्री जी के उत्तर से ज्ञात होगा।

जौनपुर, गाजीपुर, बनारस और सैदपुर की जितना बुरी स्थिति है उसकी ओर आपका ध्यान अविलम्ब जाना चाहिए। तत्काल आपको जिलाधीश को तार भेजना चाहिए और उनको कहना चाहिए कि राहत कार्य न्याय-पूर्वक वह करें और किसी भी प्रकार की राजनीति को रास्ते में न आने दें।

श्री सुन्दर सिंह: मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आप मेरा इतना ख्याल रखते हैं।

भला क्या कर सके इलाज मर्जे नातवानी का
पकड़ते हैं अगर बाजू यहां शाने उतरते हैं।

बात यह है कि बाढ़ों से हमारे पंजाब में भी बड़ा नुकसान हो रहा है। मैं बत्तीस साल से रोड़ जैमल सिंह से चुन कर आ रहा हूं। मस्तो का पुल, तहसील पठानकोट, जिला गुरदासपुर में जो है वह बन जाए, उसका कैनेलाइजेशन हो जाए तो यह सिलसिला खत्म हो जाता है। कई पत्र मैंने डिफेंस मिनिस्टर सरदार स्वर्ण सिंह को और श्री जगजीवन राम को लिखे। उन्होंने कहा कि यह सिविल का काम है, मिलिटरी का नहीं। पिछली बार बादल सरकार ने भी उसका सर्वे करवाया था और कहा था कि हम कर देंगे। लेकिन उस सरकार ने भी उस काम को नहीं किया। राव साहब अब बरसों इकतदार हैं। इनको चाहिए कि वह इसको बनवा दें। इससे सीधा रास्ता जम्मू को मिल जाता है। साठ किलो मीटर का चक्कर लगा कर के अब लखनपुर से जम्मू काश्मीर को जाना पड़ता है। वह रास्ता छः छः महीने तक कट आफ रहता है। वहां दो सौ गांव हैं। इससे उनको फायदा पहुंच सकता है। इस पर केवल दो करोड़ का खर्चा है। 17000 करोड़ की बात मैं नहीं करता हूं, सिर्फ दो करोड़ की करता हूं। लोगों की इससे बैक्वर्डनेस दूर हो सकती है।

अपोजीशन वाले बहुत चिल्लाते हैं और बड़ी बड़ी बातें करते हैं। ढाई महीने तक इन्होंने क्या किया है? थोड़ा बहुत काम जो हो रहा था उस में भी इन्होंने रुकावटें डालीं। इनको चाहिए था कि जो सिलसिला चल रहा था उसको जारी रखते। लेकिन वह

भी इन्होंने बन्द कर दिया, उसको भी खत्म कर दिया। अब इनको याद आया है कि यह करना चाहिए और वह करना चाहिए। अगर आप अपनी गवर्नमेंट में कुछ करते, तो आपका यह हाल नहीं होता, सिलसिला ठीक हो जाता।

मैं यह कहना चाहता हूं कि दरिया रावी अमृतसर तक नुक्सान पहुंचाती है।

बात यह है कि यू. पी. वाले कहते हैं कि 17 हजार एकड़ या कितनी ही जमीन उनके पास पड़ी है। मेरा कहना है कि इनको चाहे जितनी मस्ती चीज कुछ भी दी जाये, सस्ता डीजल दिया जाये, ये लोग कुछ नहीं कर सकते हैं। आपका इलाका हमेशा बैकवर्ड रहा है। आपके यहां लीडर अमीर हैं और फालोअर गरीब हैं। हमारे यहां लीडर गरीब हैं और फालोअर्स जबर्दस्त हैं। आप कहते हैं कि इतने आदमी मर गये, तो साहब आप भी क्यों नहीं मर गये। वहां एम. एल. ए. भी थे, तो आपने क्यों उन लोगों को मरने दिया? आपको वहां लड़ाई करनी चाहिए थी। हमारी तरफ अगर एक आदमी मर जाये तो हम लड़ाई करते हैं। इसलिए आपको चाहिए था कि आप वहां लड़ाई करते। मेरा कहना तो यह है कि आपको जितनी मजीं चाहे महूलियतें दे दें, आप जहां के तहां पड़े रहेंगे, आपके लोग लाइफलैस हैं।

जो जमीन आपके पास पड़ी हुई है, अगर उसको पंजाब को दे दें तो हम उसे ठीक कर देंगे। हमारे पंजाब में आपके यहां के आदमी रक्षा पूलर हैं और अगर हमारे आदमी आपके यहां जाते हैं तो वह लखपति बन जाते हैं, इसमें क्या बात है? साफ बात यह है कि आपके यहां के लोग काम नहीं करते हैं, इसलिए लीडर अमीर हैं और फालोअर्स गरीब हैं।

हरियाणा और पंजाब में लीडर्स गरीब हैं और फालोअर्स अमीर हैं। आप लोग बड़ी-बड़ी बातें करते हैं, हर सबजैक्ट पर बोलते हैं, किसी को खाली नहीं जाने देते। पंजाब का सिलसिला ऐसा है कि अगर वहां इतना ही काम कर दें कि वहां अगर दरिया का चैनेलाइजेशन हो जाये रावी का, जहां मस्तों का पूल है तो हमेशा के लिये वहां के लोगों की बैकवर्डनेस दूर हो सकती है। वहां 200 गांव हमेशा कट जाते हैं। मैं कोई बहुत ज्यादा मांग नहीं करता, सिर्फ 2 करोड़ रुपये की मांग करता हूं। अगर यह रकम वहां लगा दी जाये तो वहां काम पूरा हो जायेगा और मैं कभी भी वहां से हार नहीं सकता।

मैं बहुत लम्बी-चौड़ी बात नहीं करता हूं, इसके लिये तो अपोजिशन वाले बैठे हैं। ये लोग खुद कुछ नहीं कर सकते हैं, हमें कहते रहते हैं। ये तो सिर्फ दस्तखत ही करते रहते हैं, इनकी सुनते चलो और अपना काम करते चलो।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे वाजपेयी जी बहुत अच्छा लेक्चर देते हैं, पर सिर्फ लैक्चर से ही काम नहीं चलता है। वाजपेयी जी तो सिर्फ लैक्चर ही देंगे और कोई काम करेंगे नहीं। लैक्चर आपका सुन लें, लेकिन मैं एक बात कहना चाहता हूं कि

Mahatma Gandhi has said that knowledge without character is a power for evil only—as has been seen in so many instances of talented thieves and gentlemen rascals in the world. Vivekananda has also said that he would prefer to be cheated by others, than to cheat others.

मेरा कहना है कि मसाला आप देते जायें, हम काम करते जाएं। आपकी दारी आनी नहीं है। अगर काम करोगे तो काम बनेगा, ऐसे कुछ नहीं बनेगा। इन शब्दों के साथ मैं आपका शुक्रिया करता हूं।

श्री कमला मिश्र मधुकर (मोतीहारी): उपाध्यक्ष महोदय, मैं 1967 से लोक सभा का मेम्बर रहा हूं—बीच में कुछ समय के लिए नहीं था और संयोग से मैं लगातार सिंचाई और बिजली मंत्रालय की कमेटियों में रहा हूं। हर साल यहां पर बाढ़ पर बहस होती है, लेकिन बाढ़ की विनाश-लीला और विशालता में कभी भी कमी नहीं आई है। इस साल भी दिल्ली, हरियाणा, पंजाब,

[श्री कमला मिश्र मधुकर]

उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिमी बंगाल, आसाम और केरल आदि अधिकांश राज्यों में बाढ़ आई है ।

आज जबकि हम बाढ़ पर बहस कर रहे हैं, बिहार के तीन जिले सूखाड़ से पीड़ित हैं। इस शासन में बाढ़ और सूखाड़ एक पर्मानेंट एफेयर है । इसका कारण यह है कि इस शासन की नीतियों में बाढ़ को दूर करने के सम्बन्ध में संकल्प का अभाव है। जैसा कि एक माननीय सदस्य ने कहा है, जब चीन जैसे देश में यहां से भी बड़ी नदियों की बाढ़ की समस्या का समाधान हो गया है, तो यहां क्यों नहीं हुआ है। मैं समझता हूं कि मंत्री महोदय के पास इसका कोई जवाब नहीं है। मैं चाहूंगा कि मंत्री महोदय कम से कम कुछ इलाकों को बाढ़ के प्रभाव से बचाने में सफल हो जायें, वर्ना उनका नाम भी बाढ़ मंत्रियों में रहेगा ।

इस शासन की कोई समग्र नीति नहीं रही है । किसी समग्र नीति के अभाव में बाढ़ की रोक-थाम के लिए पीसमील योजनायें बनाई गई । इस लिए सफलता नहीं मिल सकी है । इसके अतिरिक्त कोई काल-बद्ध योजना नहीं रही है। बाढ़ आयोग की रिपोर्ट में कुछ प्राथमिकतायें दी गई थीं। लेकिन सरकार ने जितनी भी योजनायें बनाई, वे समय के आधार पर नहीं बनाई। परिणाम यह है कि बाढ़ के भीषण प्रकोप से देश को नहीं बचाया जा सका है, और भविष्य में भी बचाने की सम्भावना बहुत कम है।

इस समय सदन में जो दो मंत्री बैठे हुए हैं—सिंचाई मंत्री और सूचना तथा प्रसारण राज्य मंत्री, उनके इलाकों में आज बाढ़ आई हुई है । इस लिए मैं चाहूंगा कि सरकार चम्पारन में मसान डैम योजना को लागू करने के लिए कार्यवाही करे, जिसके जरिये कम से कम चम्पारन को बाढ़ से बचाया जा सके।

श्री भोगेन्द्र झा ने कहा है कि बिहार को बाढ़ से बचाने के लिए बहुद्देशीय योजना को लागू करना चाहिए । मंत्री महोदय इस पर गौर करें कि क्या वह सुझाव अमल में लाने के लायक है या नहीं ।

बाढ़ आयोग की सिफारिशों पर इस सदन में बहस हो और यह तय किया जाये कि हम प्राथमिकता के आधार पर कौन सा कार्य करेंगे ।

जल निकास योजना को लागू किया जाये। मंत्री महोदय और हमारा अनुभव है कि गंडक नहर से सिंचाई की व्यवस्था होने वाली है, लेकिन उसके कमांड एरिया में वाटर-लागिंग है। जल निकास योजना को लागू किये बगैर गंडक नहर में पानी रहेगा, बाढ़ आती रहेगी और खेतों में पानी भर जायेगा । नतीजा यह होगा कि किसानों को कोई लाभ नहीं होगा और खेती भी नहीं हो पायेगी । इस लिए इस संबंध में तेजी से कार्यवाही की जाये ।

बाढ़ नियंत्रण के लिए एक काम्प्रिहेंसिव टाइम-बाउन्ड योजना बनाई जाये । यदि सरकार राज्य सरकारों पर निर्भर करेगी, तो काम नहीं चलेगा। केन्द्रीय सरकार को बाढ़ नियंत्रण में विशेष सहयोग देना चाहिए। अपना हस्तक्षेप करना चाहिए जिस के जरिए बाढ़ की योजनाएं लागू की जायें क्यों कि राज्य सरकार के पास इतना फंड नहीं है कि केवल बिहार सरकार बिहार की बाढ़ों को रोक सके । इसलिए केन्द्रीय सहायता, सहयोग और केन्द्रीय हस्तक्षेप की इस में जरूरत पड़ती है ।

इस बाढ़ में जो जन-धन की क्षति हुई है और जो परेशानियां हो रही हैं उन परेशानियों और कठिनाइयों में जितने बड़े पैमाने पर सहायता कार्य होना चाहिए, रिपोर्ट ऐसी मिल रही है कि वह सहायता वहां लोगों को नहीं मिल पा रही है ।

मेरा सुझाव है कि उन इलाकों में जहां बाढ़ से लोग घिरे हुए हैं अधिक से अधिक संख्या में नावों का प्रबन्ध किया जाये । तत्काल नमक, खाने की सामग्री और दूसरे सामान काफी मात्रा में वहां मुहैया किए जायें ताकि लोगों को कम से कम दोनों टाइम खाना मिल सके और दवाइयां मिल सकें । बाढ़ के बाद जो व्याधियां पैदा होंगी उस से बचाने के लिए भी प्रयत्न किया जाये ।

बाढ़ से जो कटाव होता है उस में ऐसा होता है कि बहुत से लोग बेघर हो जाते हैं। तो बाढ़ के बाद उन को बसाने की योजना बनाई जाये ताकि वे बसाये जा सकें। खेत मजदूरों को मुख्य रूप से राहत पहुंचायी जाये । किसी ने कहा है कि कठिन

श्रम योजना को लागू किया जाये या फूड फार वर्क योजना को लागू किया जाये । लेकिन जहां बाढ़ आई है वहां फूड फार वर्क लागू नहीं हो सकता है । इसलिए जब तक पानी नहीं घटता है तब तक उनको मुफ्त राशन देने की व्यवस्था की जाये ।

किसानों को कर्ज, खाद और बीज की व्यवस्था की जाए। उन इलाकों में जो बाढ़ से पीड़ित हैं वहां के किसानों के लगान और दूसरे सरकारी कर्जों की वसूली बन्द की जाए ।

छात्रों को आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जायें ।

साथ साथ सर्वदलीय समिति प्रत्येक स्तर पर कायम की जाये । बाढ़ का मामला आप जानते हैं राष्ट्रीय प्राब्लम है । इस में कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। मैं मांग करता हूं कि बाढ़ में जो सहायता कार्य हो रहे हैं उस में जो भ्रष्टाचार होता है जिस के बारे में बहुत से आप के सदस्यों ने भी कहा है, मिश्र जी ने भी कहा है, उस भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सर्वदलीय समितियां हर स्तर पर बनाई जायें । इस से बाढ़ के अन्दर सहायता कार्य में सहूलियत होगी ।

अन्तिम बात मैं यह कहना चाहता हूं कि बाढ़ नियंत्रण काम को ठेकेदार भगवानों से बचाया जाये, नहीं तो आप का जो भी रुपया जाता है उस में अधिकांश इन ठेकेदारों और इंजीनियरों की पाकेट में और उन की लूट में चला जाता है। इस लूट को बचाया जाये और ऐसी व्यवस्था की जाये कि जो आप खर्च करना चाहते हैं वह सही रूप में खर्च हो और उस से जनता को लाभ हो ।

श्री कुंवर राम (नवादा): उपाध्यक्ष महोदय, आज अन्तिम दिन सत्र का है। दो तीन रोज पहले से हम लोगों को यह सूचना मिल रही थी कि बिहार के दो तीन जिलों में भयंकर सुखाड़ की स्थिति आ गई है । मैं यह सोच रहा था कि भारत की हुकूमत का ध्यान हम इस तरफ खींच सकें कि बाढ़ से जितनी भयंकर स्थिति पैदा हो जाती है उस से कम सुखाड़ होने से नहीं होती । लेकिन हमें यह अवसर नहीं मिला । तो हम ने यह सोचा कि इस अवसर पर जब कि बाढ़ की स्थिति के बारे में माननीय मंत्री जी के वक्तव्य पर विचार विमर्श करने का सदन को अवसर मिला है तो मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करूं ।

• •

बाढ़ की वजह से कई राज्यों में जो क्षति हुई है, मेरा हृदय उस से जितना व्यथित है उस से कम इस बात से नहीं है कि हमारे इलाके में सुखाड़ की स्थिति पैदा हो गई है जिसकी कि जानकारी हम को मिली है। हम जिस क्षेत्र से आते हैं वह हमेशा सुखाड़ से ग्रसित रहता है । तीन वर्षों से लगातार वह इलाका सुखाड़ से ग्रसित रहा । नवादा, गया, औरंगाबाद और नालन्दा का भी कुछ हिस्सा है जहां पर ऐसा देखा गया है कि सर्वदा हर साल वर्षा का अभाव हो जाता है । शुरू में वर्षा हुई, भदई फसल का काम शुरू हुआ, फिर भयंकर वर्षा हो गई जिससे वह फसल भी नष्ट हो गई लेकिन उसके बाद ऐसा होता है कि वर्षा बिल्कुल नहीं होती जिससे बुवाई भी नहीं हो पाती, फसल का होना तो दूर होता है । तीन वर्षों से नवादा, औरंगाबाद, पलामू का भी कुछ हिस्सा है, नालन्दा का भी कुछ हिस्सा है और गया—यह सारा इलाका सुखाड़ से पीड़ित है । जिस समय हम चुनाव लड़ रहे थे उस समय हम जहां भी जाते थे वहां यह जिक्र अवश्य होता था कि आजादी के बाद से हमारे क्षेत्र नवादा में तो एक भी सिंचाई की योजना लागू नहीं की गई । अगर कभी कोई प्रश्न उठा भी तो अध्ययन के नाम पर या एक्सपर्ट की ओपीनियन के नाम पर आज तक पेंडिंग पड़ा हुआ है। हमारे सिंचाई मंत्री, श्री केदार पांडे जी बिहार के मुख्य मंत्री रहे हैं, वे अच्छी तरह से जानते हैं कि नवादा कितना पिछड़ा हुआ है। वहां पर बिजली का अभाव है। जिन जगहों से बिजली की आपूर्त्ति होती है वहां से बीच में ही लोग अपनी आवश्यकता भर बिजली ले लेते हैं और जो बच जाती है वही मिल पाती है। दिन भर में 15 मिनट, आधा घंटा या ज्यादा से ज्यादा एक घंटा ही बिजली मिल पाती है। बिजली के अभाव में भी खेती का कोई काम नहीं हो पाता है। इस प्रकार की दयनीय स्थिति वहां पर है ।

मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करना चाहता हूं कि बाढ़ की विभीषिका से तो परिचित हैं ही लेकिन जब बाढ़ चली जाती

[श्री कुवंर राम]

है उसके बाद वहां पर कुछ खेती-बाड़ी भी की जा सकती है । अगर भदई फसल नष्ट हो गई तो धान की फसल हो जाती है और अगर धान की फसल भी नष्ट हो गई तो रबी की फसल हो जाती है लेकिन जहां पर तीन साल से बारिश ही न हुई हो, जहां पर सुखाड़ हो वहां की स्थिति कितनी गम्भीर होगी--इसकी कल्पना आप कर सकते हैं।। वह स्थिति बाढ़ से भी अधिक भयंकर होगी।। इन बातों को जानने के बाद मैं जहां से प्रतिनिधित्व करता हूं वहां के सम्बन्ध में बहुत व्यक्ति हृदय से कह रहा कि हमारी भारत की हुकूमत इस पर गौर करे । हमने पहले कई प्रश्न किए थे, अपर सकरी का प्रश्न भी था लेकिन दस साल से वह पेंडिंग है। भारत सरकार राज्य सरकार को भेजती है और राज्य सरकार भारत सरकार को भेज देती है । अभी कई मित्रों ने इस प्रश्न को उठाया है जोकि उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले लोग हैं। इस सदन के माननीय सदस्य और उस इलाके से विधान सभा में प्रतिनिधित्व करने वालों ने भी सरकार का ध्यान आकृष्ट किया है लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि 10-12 वर्षों से यह सिंचाई की योजना पेंडिंग है। अगर इस योजना को भी लागू कर दिया जाता तो भी उस इलाके का कुछ कल्याण हो जाता। उससे बेगुसराय को फायदा होता, नवादा जिले को फायदा होता और नालन्दा जिले के कुछ भाग को भी फायदा पहुंचता लेकिन ऐसी बात नहीं हो सकी।

उपाध्यक्ष महोदय, वास्तव में मैं ऐसे अवसर की तलाश में था कि मैं इस सदन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कर सकूं । पिछले तीन वर्षों से लगातार मेरे इलाके के लोग सुखाड़ और भुखमरी के कगार पर खड़े हुए हैं और तरह-तरह की तकलीफें भोग रहे हैं। वहां पर हरिजन, आदिवासी या अन्य जातियों के लोग त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। अब बाढ़ आई है तो बाढ़ के अवसर पर जो राहत कार्य आप करने जा रहे हैं उस का लाभ उन को नहीं मिल रहा है। हुकूमत तो राहत कार्य करती है, लेकिन बीच में कुछ लोग ऐसे हैं जो उस राहत को उन तक नहीं पहुंचने देते। मैं एक उदाहरण पटना का आप के सामने रखता हूं--आप को याद होगा कुछ वर्ष हुए पटना में बहुत जबर-दस्त बाढ़ आई थी तो वहां सारे लोग, मेरा तात्पर्य है सारा सरकारी तन्त्र सक्रिय हो गया था। दूसरे वर्ष जब बाढ़ का समय आया तो उन लोगों ने रिलीफ का सब सामान मुहिया कर लिया, लेकिन बाढ़ नहीं आई तो लूट का जो सिलसिला बाढ़ के दिनों में होता है, उस से उन को वंचित रह जाना पड़ा, इस से उन के अन्दर बड़ी निराशा दिखाई दी। मेरे कहने का तात्पर्य यह है कि ऐसी लूट से बचाने की आवश्यकता है । सरकार जो भी सहूलियत मुहिया करती है, वह कम नहीं है, काफी दौलत, जनता की दौलत, इस काम पर खर्च करती है और जनता के लिये खर्च करती है, लेकिन बीच के लोग उस को लूट लेते हैं। जो रवैया सरकारी तन्त्र का हमें वहां देखने को मिला है उस से बचने की जरूरत है, अगर नहीं बचेंगे तो बहुत बड़ी धनराशि बरबाद होती जायगी ।

उपाध्यक्ष महोदय, हमारे मधुकर जी ने सुझाव दिया है कि फलड कन्ट्रोल आयोग की जो सिफारिशें हैं उन पर बहस होनी चाहिये। मुझे एक बात का आश्चर्य है--जब हम कम उम्र के थे तो बाढ़ का नाम भी नहीं सुना करते थे। लेकिन जैसे जैसे वैज्ञानिक युग में बढ़ते जा रहे हैं, जैसे-जैसे विकास की ओर जा रहे हैं, बड़ी-बड़ी सड़कों का निर्माण कर रहे हैं, ट्रेन-लाइनों का निर्माण कर रहे हैं, मैं देख रहा हूं बाढ़ें बहुत ज्यादा आने लगी हैं। मैं समझता हूं कि कहीं पर फाल्ट जरूर है, योजना बनाने में गल्ती जरूर है जिस से हर साल बाढ़ें तीव्र होती जा रही हैं और राष्ट्र की बहुत बड़ी क्षति होती है।। इस लिये मैं भी मधुकर जी के सुझाव का समर्थन करता हूं, फलड कन्ट्रोल आयोग की सिफारिशों पर जरूर बहस होनी चाहिये।।

एक बात मैं यह कहना चाहता हूं कि फलड के टाइम पर रिलीफ-आपरेशन का सम्पूर्ण काम राज्य सरकारों पर छोड़ दिया जाता है--ऐसा नहीं होना चाहिये। यहां से राज्यों को इस काम के लिये काफी पैसा मिलता है, लेकिन सही निगरानी के अभाव में उन पर सही किस्म का दबाव डालने के अभाव में, काफी पैसे का नुकसान हो जाता है । इस लिये फलड कन्ट्रोल के लिए, बाढ़

की स्थिति को रोकने के लिये, राज्य सरकारों पर पूरा निर्भर नहीं रहना चाहिए । मैं समझता हूं कि सरकार इस के बारे में ध्यान देगी।

बाढ़ों या सुखाड़ से गरीब आदमी ज्यादा प्रभावित होता है, खास कर हरिजन, आदिवासी और इनके लिये जो श्रम योजनायें तैयार होती हैं उन में भी काफी लूट होती है। सुखाड़ या बाढ़ के दिनों में इन गरीबों के पास कोई काम नहीं रहता, दूसरों के पास तो जमीन रहती है, गल्ला रहता है, कुछ रिजर्व में भी रहता है, उस को खाकर वे लोग जीवन बसर कर लेते हैं, लेकिन ये गरीब कहां जाय। उन के लिये जो योजनायें बनाई जाती हैं उन में लूट होने की वजह से उन का लाभ इन गरीबों को नहीं मिल पाता । इसलिये जब भी बाढ़ या सुखाड़ की स्थिति हो सरकार को इस तरफ ध्यान देना चाहिये। धन्यवाद।

श्री शिव शरण वर्मा (मछलीशहर): उपाध्यक्ष महोदय, मैं आप को धन्यवाद देता हूं, जोकि आप ने जो मुझे बाढ़ पर विचार व्यक्त करने का अवसर दिया। मैं सदन का ध्यान उत्तर प्रदेश के जौनपुर तथा प्रतापगढ़ जनपद की ओर दिलाना चाहता हूं, वहां पर बाढ़ के कारण बड़ी गम्भीर स्थिति पैदा हो गई है। दुर्भाग्यवश 120 सेन्टीमीटर वर्षा हो जाने के कारण उस क्षेत्र की तमाम बहने वाली नदियों, नालों, नहरों तथा स्थानीय तालों और झीलों में भयंकर बाढ़ आ गई है, जिस से बड़ी गम्भीर स्थिति पैदा हो गई है।

जनपद जौनपुर में बहने वाली गोमती, सई, बसूही तथा वरना नदियों, नालों में भयंकर बाढ़ आ गई है और ये नदियां खतरे के निशान से काफी उंचाई पर बह रही हैं । नदियां काफी चौड़े विस्तार में बह रही है।

गोमती की भयंकर बाढ़ से जनपद जौनपुर के ब्लाक खुटहन तथा बदलापुर के सभी गांव जलमग्न हैं और कुछ गांव बिल्कुल खतरे में हैं और लोगों की हालत अत्यन्त दयनीय है । खुटहन ब्लाक के पिलकछा गांव की दशा अत्यन्त गंभीर तथा शोचनीय है। जौनपुर मुख्य शहर के लगभग 90 प्रतिशत मकान पानी से घिरे हुए हैं । ऐसी गंभीर स्थिति में लोगों को अपने मकानों को छोड़ कर कैम्पों और स्कूलों की इमारतों में रहना पड़ रहा है । उन के मकानों में रखे गये सारे खाद्य पदार्थ नष्ट हो गये हैं । खुटहन तथा बदलापुर ब्लाक के सभी गांवों की फसलें नष्ट हो गई हैं ।

सई नदी की प्रचंड बाढ़ ने जौनपुर के 'वरगदर पुल' को खतरा पैदा कर दिया है। इस नदी की बाढ़ से जनपद जौनपुर के सुजानगंज ब्लाक के सभी गांव जलमग्न हैं। वसही नदी ने जनपद जौनपुर के मछलीशहर तहसील के सभी दक्षिणी गांव तथा मड़िपाहू के सभी गांवों के लिए संकट पैदा कर दिया है। पानी काफी विस्तार और उंचाई में बह रहा है। लोग अपने मकानों को छोड़ते चले जा रहे हैं। सारी फसलें नष्ट हो गई हैं।

जौनपुर जनपद की तहसील मछलीशहर के अन्तर्गत कूंडरा और बड़रा बड़े ताल हैं, जिन में भयंकर बाढ़ है । निकट के भक्ति गवां-चन्दोकी आदि सभी गांव जलमग्न हैं। सारी फसलें नष्ट हो गई हैं। इस प्रकार पूरा जिला भयंकर बाढ़ से प्रभावित है। खरीफ की फसल बिल्कुल नष्ट हो गई है।

जनमद प्रतापगढ़ में सई तथा लोनी नदियां बहती हैं, जिन में भयंकर बाढ़ आ गई है और पूरा जिला प्रभावित है। सई नदी ने जनपद प्रतापगढ़ की तहसील-पट्टी, प्रतापगढ़ तथा गड़वारा क्षेत्र के उन सभी गांवों को बहुत बुरे ढंग से प्रभावित कर दिया है, जिधर से वह बहती है। वहां उस ने तहसील पट्टी के 'शिवगढ़ ब्लाक' के सभी गांवों को जलमग्न कर दिया है और जनमानस तथा पशुओं का जीवन महान संकट में पड़ गया है। सारी फसलें नष्ट हो गई हैं और लोगों ने अपने मकानों को छोड़ दिया है।

जनपद प्रतापगढ़, तहसील पट्टी की प्रसिद्ध "दाउदपुर झील" में भयंकर बाढ़ आ गई है, निकटवर्ती ग्राम पहारा, मुरारपट्टों, रमईपुर दिशिनी, हरीपुर, वरदेता, दाउदपुर, डेईडीह, धोरहरा, सराय

[श्री शिवशरण वर्मा]

मघई, सरमा, घनगढ़ तथा सराय छिबलहा आदि सभी गांवों में जल फैल गया है। लोगों का जीवन घोर संकट में है। सारी फसलें नष्ट हो गई हैं। जल निकास के लिए एक नाला खोद कर पट्टी नाले में गिराया गया है किन्तु उस से पर्याप्त जल नहीं निकल पा रहा है। जनहित में उसे और गहरा करने की आवश्यकता है। जल की बहुतायत के कारण रबी की फसल की बोआई करना भी सम्भव नहीं है।

जनपद प्रतापगढ़ तहसील पट्टी के दक्खिनी सभी गांव, जो ''गौरा ब्लाक'' के अन्तर्गत हैं, अनेक तालों से घिरे हैं और पूरे क्षेत्र के लोगों की दशा अत्यन्त चिन्ताजनक हो गई है। गांव धरी, भसौली, पूरे गोसाईं खरगराय का पूरा, पहलवान का पूरा तथा ग्राम चन्दा का पूरा, सब लाठे ताल तथा ''भलुवा ताल'' की भयंकर बाढ़ से जलमग्न हैं। लोग विवश हो कर जल ही में शौचादि क्रिया कर रहे हैं। मनुष्यों तथा पशुओं का निकास बिल्कुल बन्द है। दुर्भाग्यवश धरी गांव के पास शारदा सहायक नहर भी कट गई और लगभग 65 घंटे तक बहने के बाद बांधी गई। जल काफी बढ़ गया है और 8 माह तक पानी निकलना सम्भव नहीं है। जल निकास के लिए सई नदी तक एक नाला खुदवाने की आवश्यकता है। इसी प्रकार ग्राम दमदम ''परखरगाराय'' तथा ''छुछू तालों'' से घिरा हुआ है। सुजहा, शेखपुर, जाजापुर, सुलतानपुर, दमदम सभी गांव जलमग्न हैं। लोग भूखे और पशु बिना चारे के मर रहे हैं। ग्राम बूरी ''तिरौनी ताल'' की बाढ़ से घिरा हुआ है। सैकड़ों मकान जलमग्न हैं। जल निकास को कुछ विरोधी तत्व वाले, ग्राम ''डिघगट'' के लोगों ने बांध दिया है, जिस से गांव के लिये एक महान संकट पैदा हो गया है। उसे तत्काल करवाने की आवश्यकता है ताकि जन-मानस का संकट दूर हो सके। अब तक जनपद प्रतापगढ़ के 400 मकान तथा जौनपुर में 550 मकान बाढ़ से गिर चुके हैं। इसकी सूचना पत्र द्वारा मैंने, अध्यक्ष, लोक सभा और केन्द्रीय कृषि मंत्री तथा मुख्य मंत्री 'उत्तर प्रदेश' को दी है। अभी तक सरकार ने इस क्षेत्र के लोगों के लिए किसी प्रकार के राहत कार्य नहीं करवाये हैं जिसके कारण से वहां की जनता अत्यन्त त्रस्त है। मनुष्य अन्न बिना, पशु चारे बिना मर रहे हैं। मेरा अनुरोध है कि ये दोनों जिले बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित किये जाएं। पशुओं के चारे की पूर्ण व्यवस्था की जाए। किसानों को भूराजस्व से मुक्त किया जाए। लघु कृषकों का ऋण माफ किया जाए। सभी लोगों को खाद-बीज मुफ्त दिया जाए। क्षतिग्रस्त मकानों को मुआवजे के रूप में अनुदान दिया जावे। सभी आवश्यक सामान उपलब्ध कराया जाए। जूनियर हाई स्कूल से विश्वविद्यालय तक के छात्रों का पूरा शुल्क सन् 80-81 का माफ किया जाए। उस क्षेत्र में संक्रामक रोग फैले हुए हैं। उनके बारे में उचित व्यवस्था की जाए।

श्री बी. डी. सिंह (फूलपुर) : उपाध्यक्ष महोदय, बाढ़ के प्रकोप से प्रत्येक वर्ष हमारे देश में धन-जन की अपार क्षति होती है। वर्ष-प्रति वर्ष बाढ़ की समस्या गुरुतर होती जा रही है। सामान्य वर्षा होने पर भी नदियों में बाढ़ आ जाना तथा मैदानी भागों में पानी एकत्र हो जाना देश के लिए गम्भीर प्रश्न बन गये हैं। 1950 में बाढ़ से 21 करोड़ रुपये की क्षति हुई थी। जो बढ़ कर 1971 में 631 करोड़ हो गई। 1978 में बाढ़ से होने वाली क्षति सभी सीमाओं को लांघ कर 1455 करोड़ पहुंच गई। इस प्रकार औसतन 308 करोड़ रुपये की क्षति प्रत्येक वर्ष देश में बाढ़ के कारण होती है। लगभग 1000 मनुष्य तथा 50,000 पशु बाढ़ की विभीषिका में विलीन हो जाते हैं। अरबों की फसल बर्बाद हो जाती है। केवल उत्तर प्रदेश में ही प्रति वर्ष औसतन 24.7 लाख हैक्टेयर भूमि बाढ़ से प्रभावित होती है और लगभग 70.72 करोड़ रुपये की फसल एवं सम्पत्ति की क्षति होती है। जन हानि और पशुधन की हानि अलग है।

उत्तर प्रदेश एवं देश के अन्य भाग इस समय भयंकर बाढ़ की चपेट में हैं। उत्तर प्रदेश के दो-तिहाई जिलों में बाढ़ की स्थिति भयावह हो गई है। कई बांध टूट चुके हैं और कई में दरारें पड़ चुकी हैं। बड़ी गंडक के बढ़ने से देवरिया जिले में चिपरासी बांध को भयंकर खतरा उत्पन्न हो गया है। प्रदेश

का जनजीवन गम्भीर रूप से त्रस्त है। लगभग 500 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। महामारी का प्रकोप आसन्न है। संक्रामक रोगों से केवल जौनपुर में 31 लोग मर चुके हैं। मनुष्यों के लिए भोजन, पशुओं के लिए चारे तथा दवा आदि की विकट समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। प्रान्तीय सरकार विभिन्न समस्याओं के समाधान में असफल हो रही है। अधिकारी जन समस्याओं से अनुचित लाभ उठाने का निन्दनीय अपराध कर रहे हैं।

बाढ़ की विभीषिका से मुक्ति पाने के लिए स्थायी समाधान अत्यावश्यक है। इसका उत्तरदायित्व केन्द्रीय सरकार को लेना चाहिए। केन्द्रीय सरकार यह कह कर अपने उत्तरदायित्व से मुक्ति नहीं पा सकती कि बाढ़ की समस्या प्रान्तीय सरकार का विषय है। बाढ़ की समस्या केन्द्रीय विषय सूची में आनी चाहिए। देश-व्यापी स्तर पर समन्वित ढंग से ही इसका समाधान निकल सकता है। राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम, जो 1945 में प्रारम्भ हुआ था, के अन्तर्गत अब तक लगभग एक हजार करोड़ रुपया व्यय किया जा चुका है। परन्तु कोई सफलता दिखाई नहीं देती। एक स्थान पर बनाया गया बांध, दूसरे स्थान पर बाढ़ का कारण बन जाता है। कुछ विकास कार्य भी बाढ़ के कारण बन जाते हैं। राष्ट्रीय बाढ़ आयोग ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। सदन में इस पर चर्चा होनी चाहिए। खेद का विषय है कि उस रिपोर्ट की हिन्दी प्रतिलिपि उपलब्ध नहीं की गई। बाढ़ नियंत्रण के कार्यकारी दल ने संस्तुति की है कि 215 करोड़ रुपये की केन्द्रीय सहायता राज्य सरकारों को अन्तर्राज्यीय परियोजनाओं पर बाढ़ नियंत्रक कार्यों को अधिक गतिशील बनाने के लिए दी जानी चाहिए परन्तु योजना आयोग ने उक्त कार्य के लिए केवल 24 करोड़ रुपये की व्यवस्था की है। एक ओर सरकार "पैसे की कमी नहीं होने पाएगी" की घोषणा करती है और दूसरी ओर आवश्यक धनराशि की व्यवस्था नहीं की जाती। उपेक्षा की प्रवृत्ति को त्याग कर केन्द्रीय सरकार को इस दिशा में प्रभावकारी प्रयास करना होगा।

उत्तर प्रदेश और बिहार में बाढ़ें आती हैं। जिन नदियों में बाढ़ें आती हैं उन में से कुछ नेपाल से निकलती हैं। इन नदियों की बाढ़ों को रोकने के लिए नेपाल में बांध बनाये जाने आवश्यक हैं। इसलिए केन्द्रीय सरकार को नेपाल सरकार से इस सम्बन्ध में बात करनी चाहिये। मुझे जानकारी मिली है कि शारदा पर पंचेश्वर बांध, घाघरा पर करनाली बांध, राप्ती पर भालूभाग बांधों के निर्माण के लिए सम्भवतः नेपाल के साथ बातचीत चल रही है। इन नदियों की विनाशलीला को देखते हुए सम्बन्धित बांधों पर तुरन्त निर्णय लिया जाना चाहिये।

देश में ऐसी योजना होनी चाहिये जिससे एक ओर बाढ़ की विनाशलीला से मुक्ति मिले और दूसरी ओर उस जल से लाभ उठाया जा सके। इसके लिए राष्ट्रीय जल ग्रिड के निर्माण हेतु प्रयत्न होना चाहिये। नहरों के द्वारा विभिन्न नदियों एवं विशाल जलाशयों को जोड़ा जाना चाहिये। भंडारण जलाशयों का निर्माण हो एवं पूर्व निर्मित जलाशयों की तलहटी में एकत्र हो रही मिट्टी की सिफाई का प्रबन्ध हो। 1978 में भाखड़ा जलाशय केवल 1684 फीट तक ही भरा जा सका था जबकि उसकी अधिकतम जल धारण क्षमता 1688 फीट की है। तेजी से कटते हुए जंगलों की कड़ाई से रोकथाम हो और बन रोपण का व्यापक कार्यक्रम चलाया जाए। भूक्षरण एवं वनस्पति विनाश को प्रभावकारी ढंग से रोका जाए। केन्द्रीय बन बोर्ड द्वारा वन संरक्षण एवं घन रोपण का कार्य प्रभावकारी ढंग से किया जाना चाहिए। आशा है कि कृषि वन बोर्ड के पुनर्गठन से इस दिशा में आशातीत प्रयास होगा। वन विनाश को एक कठोर अपराध माना जाना चाहिए और इसकी रोकथाम की जानी चाहिए।

मैं माननीय सिंचाई मंत्री जी का ध्यान उत्तर प्रदेश की बाढ़ विभीषिका की ओर विशेष रूप से आकर्षित करते हुए उन से अनुरोध करूंगा कि इस प्रकोप से पीड़ित प्रदेश को अविलम्ब पर्याप्त आर्थिक एवं अन्य सुविधायें प्रदान की जाएं। बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में विभिन्न पहलुओं पर राहत कार्यों में लेश मात्र भी शिथिलता न हो। सरकार इस उत्तरदायित्व का निर्वाह करे। अनेक क्षेत्रों में बाढ़ की प्रबल आशंकायें हैं। वहां आसन्न

[श्री बी. डी. सिंह]

समस्याओं से सफलतापूर्वक संघर्ष के लिए पूरी तैयारी रहनी चाहिये । बचाव कार्यों को प्रमुखता प्रदान करने के साथ-साथ राहत कार्यों जैसे अनाज, चारे, दवाइयों आदि की भी पूर्व व्यवस्था अत्यावश्यक है ।

श्री रामावतार शास्त्री (पटना): चूंकि समय कम है इस वास्ते मैं तीन के बजाय दो नुक्तों पर ही बोलूंगा ।

पहला नदियों से कटाव का है । जहां-जहां बाढ़ आती है वहां कटाव निश्चित रूप से होता है । सिंचाई मंत्री जी बिहार से आते हैं । वह अच्छी तरह जानते हैं कि गंगा नदी के कटाव से मानसी स्टेशन को बहुत बड़ा खतरा है । वह यह भी जानते हैं कि पटना जिले के आरा संसदीय क्षेत्र के मनेर इलाके के लगभग दो दर्जन गांव कट कर गंगा नदी में चले गए हैं और उन में सब से बड़ा गांव जीवराखन टोला है । अब वहां दो बार घर ही दिखाई आपको पड़ेंगे । ठीक उसी तरह पटना के दानापुर का जो दियारा इलाका है वह भी कटाव से पीड़ित है । किसी इलाके में आप चले जाएं वहां भी यही स्थिति है । हर राज्य में जहां बाढ़ आती है वहां यह कटाव का सवाल पैदा हो जाता है । इस सवाल की तरफ भी सरकार का ध्यान जाना चाहिए । यह सही है कि कटाव को रोकना बहुत आसान नहीं है । फिर भी प्रयास तो होना ही चाहिए । सब से ज्यादा प्रयास होना चाहिए कटाव पीड़ितों के पुनर्वास का । अभी दानापुर इलाके के हजारों लोग जो 1957 से कटाव के शिकार हो रहे हैं, उनके पुनर्वास की व्यवस्था नहीं हो पाई है । यह तो पहली बात हुई ।

पुनपुन नदी को भी आप न भूलें । 1975 में पुनपुन, गंगा और सोन नदी, तीनों में एक साथ ही बाढ़ आ गई थी, मुझे याद है पटना शहर में नाव चलती थी और मुझे एम. एल. ए. फ्लैट में तैरकर जाना पड़ा था । अब वहां कुछ उपाय किया गया है, उससे गंगा का पानी अब पटना शहर में नहीं घुस सकेगा, लेकिन पुनपुन से पटना और पलामू और गया जिले को बराबर खतरा है । इससे नवादा, औरंगाबाद और रोहतास को भी खतरा है । मेरा कहना है कि इस पुनपुन की तरफ आपका ध्यान रहना चाहिए । अगर हम दोनों तरफ बांध बना दें और सिंचाई का इंतजाम करें तो जैसा हमारे श्री कुंवर राम जी ने कहा उससे बहुत से स्थानों में सिंचाई की व्यवस्था हो सकेगी ।

दो बात मैं कहना चाहता था कि ऐसा किया जाना चाहिए जिससे हम सुखाड़ और बाढ़ दोनों से लड़ सकें । यही दो बातें मैं निवेदन करना चाहता था ।

श्रीमती राम दुलारी सिन्हा (शिवहर): कोयल के बारे में भी बोलिये ।

श्री रामावतार शास्त्री : कोयला आवश्यक योजना है, उससे बिजली पैदा करने में बहुत मदद मिलेगी । कहने को बहुत बातें हैं, लेकिन उन तमाम सवालों में मैं जाना नहीं चाहता ।

आखिर में श्री केदार पांडे जी का यह महकमा नहीं है, फिर भी वह नोट कर लें कि जो संयुक्त कमेटी की बात कही गई है, तो वह संयुक्त कमेटी नहीं बन रही है । उसमें एम. एल. ए. और एम. पी. जरूर हैं लेकिन सब एक ही दल के लोग उसमें लिये जा रहे हैं । इसका सबूत यह है कि जो विकास समिति बनी है, उसकी सूची हमारे पास आई है, सामाजिक कार्यकर्ताओं के नाम पर केवल शासक दल के लोगों को ही उसमें रखा है, इस तरह से न कोई विकास हो सकेगा और न किसी को रिलीफ हो सकेगा । इसका ध्यान सरकार को रखना चाहिए, इसमें सबका सहयोग लेना चाहिए और इसमें राजनीति नहीं होनी चाहिए ।

सिंचाई मंत्री (श्री केदार पांडे): मान्यवर, 22 जुलाई को मैंने एक बयान दिया था, उसके बाद 11 अगस्त तक की अवधि में रेन फाल काफी जोरों से हुआ है, खासकर उत्तरी भारत और मध्य भारत में 22 जुलाई के बाद वर्षा जोरों से हुई है । इसकी वजह से 22 जुलाई की स्थिति में परिवर्तन हुआ है । यह एक विशेष बात है, इससे परेशानी बढ़ी है ।

22 जुलाई के पहले गुजरात में बहुत भारी बाढ़ आई थी कच्छ में, उससे परेशानी बढ़ी थी, लेकिन उसके बाद असम, उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल सब जगहों पर काफी बाढ़ की विभीषिका हुई है, इस बात को हम मानते हैं। उत्तर प्रदेश के जौनपुर, लखनऊ की हालत खराब है । वैसे ही और भी बहुत सी जगहों में शहरों में ऐसी हालत है। असम की भी हालत यही है।

नदियों के बारे में हम सब जानते हैं । उत्तर प्रदेश की नदियों, गंगा, घाघरा, सरजू, गोमती या बूढी गंडक इन सब का असर पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार पर पड़ता है । जब असम की बात हम करते हैं तो ब्रह्मपुत्र की याद पड़ती है । परेशानी है, ब्रह्मपुत्र में 500 मिलियन एकड़ फुट पानी बहता है, यह भारत की सबसे बड़ी नदी है। इसके बारे में हाल ही में हम लोग एक विधेयक लाये हैं, एक बोर्ड बनाने की बात है । मैंने उस वक्त बयान दिया था कि क्या क्या हम इस के बारे में करेंगे ।

सारे भारत में, मैंने एक बार पहले भी सदन में कहा है कि 1440 मिलियन एकड़ फुट पानी भारत की नदियों में बहता है, अब तक 200 मिलियन एकड़ फुट पानी को ही हम जमा कर सके हैं, स्टोरेज बना सके हैं, डैम बना सके हैं भाखड़ा नंगल वगैरा । आज तक बाढ़ नियंत्रण पर करीब एक हजार करोड़ रुपया खर्च हुआ है । हर साल 300 करोड़ रुपये का डैमेज होता है । लोग मरते हैं । बाढ़ से होने वाली परेशानियों की कहानी वर्षों पुरानी है। 1440 मिलियन एकड़ फीट पानी में से हम सिर्फ 200 मिलियन एकड़ फीट पानी का इन्तजाम स्टोरेज के द्वारा कर सके हैं । बाकी का इन्तजाम करने की जरूरत है। अगर हम आधा भी कर दें तो बहुत लाभ हो सकता है। मैंने पहले भी कहा था कि अमरीका में भी ये वाटर रीसोर्सिज हैं, लेकिन उसने हम से पांच गुना इन्तजाम किया है । इसलिए वहां बाढ़ की विभीषिका कम है ।

यह कहा गया है कि तीस वर्षों में क्या-किया गया है । मैं समझता हूं कि सच बात को न जानने की वजह से ही ऐसी भाषा का इस्तेमाल होता है । मैंने बताया है कि 200 मिलियन एकड़ फीट पानी का इन्तजाम किया है । भारत एक गरीब देश है । आजादी मिलने से पहले क्या हालत थी? आजादी मिले थोड़ा समय हुआ है, उसमें काम किया गया है । बाढ़ की विभीषिका पहले भी थी, यह कोई नई बात नहीं है । इस बात की कोशिश करनी चाहिए कि जितना हम कर सकें, वह करें ।

पेपर में निकला है कि उत्तर प्रदेश में 430 डेथ्स हुई हैं । लेकिन सरकार के पास 274 डेथ्स के आंकड़े हैं । फिगर्ज कुछ एग्जेरेटिड भी होते हैं। इस बारे में मेरा भी अनुभव है । मैं भी एक स्टेट का मुख्य मंत्री रहा हूं, कई बार मंत्री रहा हूं, काफी दिन सरकार में रहा हूं। बिहार भी उन्हीं स्टेट्स में से है, जहां बाढ़ की विभीषिका है । वहां कोसी नदी है । जब हम बाढ़ की बात सोचते हैं, तो कोसी याद पड़ती है। कोसी को किस तरह से टेम किया गया, वह हम जानते हैं । इस के अलावा वहां पर दामोदर और गंडक नदियां भी हैं । भारत की नदियों के बारे में हम सब जानते हैं । काम हुआ है, लेकिन अभी और भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है ।

आज लोगों में कुछ कान्शसनेस आ रही है । लोग महसूस करने लगे हैं और उनकी आवाज तेज हुई है। उनमें पहले से जागृति हुई है, तभी तो आवाज तेज हुई है । यह जागृति होनी चाहिए । प्रजातंत्र में जब आवाज उठाई जाती है, तो ज्यादा ध्यान दिया जाता है । सरकार चाहती है कि बाढ़ की रोक-थाम का उपाय जल्द से जल्द किया जाये। इसी वजह से 1976 में राष्ट्रीय बाढ़ आयोग का निर्माण हुआ और उसकी रिपोर्ट भी आई । वह मार्च में सबमिट हुई और अप्रैल में हम ने हर स्टेट को भेजा कि वे अपने कमेन्ट्स भेजें । अभी किसी स्टेट ने मेरे पास अपने कमेन्ट्स नहीं भेजे हैं । हम उनसे तकाजा कर रहे हैं कि वे जल्दी भेजें ।

श्री हरिकेश बहादुर : बाढ़ आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब उन्होंने राज्यों से डैटा मांगा, तो बहुत से राज्यों ने नहीं दिया ।

श्री केवार पांडे : हम उनसे तकाजा कर रहे हैं । यहां पर स्टेट्स के जो प्रतिनिधि आये हुए हैं—लोक सभा के सदस्य, उनका भी काम है कि वे वहां पर सरकारों को जल्दी भेजने के लिए कहें ।

उत्तर प्रदेश में घाघरा, गंगा, गंडक और गोमती नदियों से परेशानी है । अभी परसों, 10 तारीख को, मैंने उत्तर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश का एरियल सरवे किया । दो ढ़ाई घंटे तक घूम कर देखा। पिपरासी बांध खतरे में है । धनहा के नजदीक बांध टूट गया है । उत्तर प्रदेश में भी खत्म और उत्तर प्रदेश के उस पार भी खत्म इस लिये वह इलाका जलमग्न है । वहां पर पदरौना की हालत खराब है, सेवरही की हालत खराब है । सरजू नदी की वजह से देवरिया चारों तरफ पानी से घिरा हुआ है। बगहा में भी हालत खराब है मैंने अपने इलाके में भी देखा । गंडक नदी की धारा इधर से उधर बदल रही है । तो यह सब है, इसके लिए आज एक साइंटिफिक एनैलिसिस हुई, एक रिपोर्ट आई है नेशनल प्लेन पर । अब हर स्टेट के पास वह गई है । गंगा फ्लड कंट्रोल कमीशन भी बैठा है ।

अब ब्रह्मपुत्र की बात है । वह काम हम करने जा रहे हैं । ब्रह्मपुत्र को ही अगर हम ने ठीक से टैम किया तो बिजली बना सकते हैं, फ्लड कंट्रोल हो सकता है और ब्रह्मपुत्र लिंक कैनाल के बारे में बहुत कुछ पेपर में आता है, उस ब्रह्मपुत्र को गंगा से मिला देंगे, यह स्कीम है और उस से काफी फायदा होगा । फ्लड कंट्रोल उस से होगा । तो उस काम को तो हम करने जा रहे हैं । लेकिन साधन की भी बात है । पैसे उस के लिए मिलेंगे । उस पर हमें ज्यादा पैसा खर्च करना है । लेकिन इस में हम कोताही नहीं करना चाहते हैं । वर्ल्ड बैंक है और दूसरे सोर्सेज भी हैं, उन से हम काफी मदद ले सकते हैं । इस सम्बन्ध में तो कानून अभी हम लोगों ने बनाया है ।

लोग कहते हैं कि फ्लड के काम को सेंटर अपने हाथ में ले । लेकिन अभी जो कांस्टीच्यूशनल पोजीशन है उस में तो यही है न—एक स्टेट सबजेक्ट और एक यूनियन सबजेक्ट, एग्जिस्टिंग कांस्टीच्यूशनल पोजीशन आर्टिकल 262 के अनुसार यही है और सेवेन्थ शेड्यूल में उस की लिस्ट है । तो पानी के बारे में हमारी कांस्टीट्यूशनल पोजीशन तो यही है । अब आप कहें कि सेंटर सब ले ले, तो यह कहां तक संभव होगा, कहां तक इस को कर सकेंगे ? जो कांस्टीच्यूशनल पोजीशन है उसी के अंदर तो तो हम ब्रह्मपुत्र बोर्ड विधेयक यहां ले आए । इस के अलावा दूसरी कांस्टीच्यूशनल पोजीशन तो है नहीं ।

दूसरी बात रिलीफ की है। हर एक स्टेट को सेवेन्थ फाइनेंस कमीशन ने मार्जिन मनी ज्यादा दी है । उस के मुताबिक हम ने हर स्टेट को मार्जिन मनी अलाट की है । वह अगर खत्म हो जाय तो हम और देने को तैयार हैं। फिर सेंट्रल टीम जाती है । आप में से बहुत से लोग कैबिनेट में रह चुके हैं, आप जानते हैं कि क्या नियम है । अभी जितना डिवेस्टेशन हुआ उस का पता लगाने के लिए सेंट्रल टीम यू पी 8-8-80 को चली गयी है । आजकल में रिपोर्ट देंगी। फिर और जगह भी हम सेंट्रल टीम भेज रहे हैं । उस की सिफारिश के बाद हम विचार करेंगे कि कितना और दें । लेकिन इस के लिए पैसे की कोताही नहीं करेंगे । हम पैसा देंगे और रिलीफ आपरेशंस चलाएंगे ।

बाढ़ की विभीषिका तो है ही । इस से जो डिवैस्टेशन होता है वह तो है ही लेकिन बाढ़ हटने के बाद और परेशानियां होती हैं । बीमारियां बहुत फैलती हैं, लोग परेशान होते हैं । फिर सारी खेती नष्ट होगई तो रबी का इंतजाम करो, बीज का इंतजाम करो । यह सब करना पड़ता है और यह सब स्टेट गवर्नमेंट को करना है । यहां से हम पैसा देंगे। फोडर की बात, मवेशी की बात यह सच है । माननीय सदस्य जी यहां पर हैं इन को इसका अनुभव है, मैं कोई नई बात नहीं कह रहा हूं । पुरानी बातें हैं । सिर्फ ऐसे मौके पर कुछ याद दिलाने की बात है । इसीलिये मैं याद दिला रहा हूं । ये सब बातें हैं, परेशानियां हैं, सब कुछ है ।

अब जैसे कोसी की बात है, कोसी में जब तक रिजर्वायर नहीं बनेगा और इसी तरह से कर्नाली में जब तक रिजर्वायर नहीं बनेगा, तब तक यह समस्या हल नहीं होगी। कर्नाली उस को कहते हैं नेपाल में और इधर कहते हैं घाघरा । उस पर जब तक डैम नहीं

बनेगा और जब तक ताप्ती पर डैम नहीं बनेगा तब तक हम इन समस्याओं को हल नहीं कर पाएंगे । अब वह जो डैम है वह नेपाल टैरिटरी में है । उस के लिए नैपाल से दोस्ती होनी चाहिए, समझौता होना चाहिए। इस में सब के सहयोग की जरूरत है, इस में किसी पार्टी का प्रश्न कहां आता है, इस में पोलिटिकल कंसिडरेशन कहां आता है? . . . (व्यवधान) . . . . इसी तरह बागमती की बात है । कितनी नदियां इस तरह छूट जाती हैं । यह रामदुलारी जी के बगल में है । वहां भी डैम बनना चाहिए ।

अब 200 मिलियन एकड़ फीट पानी तो आप ने जमा किया । अगर और पानी जमा करना है तो उस का साइट, डैम का भारत में नहीं होगा । वह नैपाल में होगा । यह हमारी लाचारी है। ज्याग्राफिकल पोजीशन ऐसी है । नैपाल से बात हो रही है, उस के अम्बैसेडर आए थे, फारेन अफेयर्स के सेक्रेटरी भी आए थे । फिर 18 तारीख को इरीगेशन सेक्रेटरी नैपाल गवर्नमेंट के आएंगे । उस पर डिस्कशन होगा । हम इस में काफी ऐक्टिव इंटरेस्ट ले रहे हैं । यह काम जरूर करना है क्यों कि कर्नाली डैम वह अपनी टैरिटरी में बना रहे हैं । वर्ल्ड बैंक से उन को रुपया मिलना चाहिए । हम भी जब राजी होते हैं तब मिलेगा । जितनी स्कीम आज नेपाल में है जिस से कि डैम बना कर फ्लड का इंतजाम करना है, इरीगेशन और बिजली पैदा करने का इंतजाम करना है, वह तो निहायत जरूरी है । इस के बिना भारत कैसे जीयेगा ? खास कर उत्तर प्रदेश और बिहार की हालत तो बहुत खराब हो जायगी अगर नैपाल से हमारा समझौता ठीक तरह से नहीं होगा । हमें पक्का विश्वास है कि हम लोग इस में सफलता हासिल करेंगे । इस में हम लोग लगे हुए हैं और ऐक्टिव इंटरेस्ट ले रहे हैं । यह करना चाहिए । ब्रह्मपुत्र के बारे में कहा गया है, कितनी ही नदियों के बारे में कहा गया है और साउथ की बात कही गई है । नेशनल पर्सपेक्टिव फार वाटर रिसोर्सेज डेवलपमेन्ट के मुताबिक एक सभा हमने बुलाई थी जिसमें देश की हर स्टेट के इरीगेशन सेक्रेटरीज और चीफ इंजीनियर्स आए थे । इसमें जो पेनेन्सुला रिवर्स हैं साउथ की, सब क इंटरलिंकड करना है जैसे महानदी है, कृष्णा है, कावेरी है और वेस्टर्न नदियां हैं। इसी तरह से जैसे नर्मदा की बात आई जिस पर डिसप्यूट चलता है, उस पर भी फ्लड कन्ट्रोल करना है । अगर डैम बना देते हैं, सरदार सरोवर डैम तो असर बहुत अच्छा है । यह सब स्कीम्स चल रही हैं, इसके बारे में सोच रहे हैं और कर रहे हैं । इसी तरह से राजस्थान की भी बात है, राजस्थान में अभी फ्लड तो नहीं है, वहां पर सिंचाई की बात होगी । सरदार सरोवर की साइट गुजरात में है, वहां से पानी आपको मिलेगा। यह सब चीजें हैं । इसलिए भारत का नक्शा जो है, नेशनल पर्सपेक्टिव फार वाटर रिसोर्सेज डेवलपमेंट के बारे में इन नदियों को इन्टरलिंकड करें, उत्तर की नदियों को इन्टरलिंकड करें, ब्रह्मपुत्र और गंगा को इन्टरलिंकड करें – यही काम करने का तरीका है । इस प्रकार की लोगों की धारणा बन गई है और यह सब स्कीम्स अण्डरकन्सिडरेशन हैं, चल रही हैं । इसमें बंगलादेश की भी बात है कि किस तरह से फरक्का में गंगा के फलों को डाइ सीजन में आगमेन्ट करें । इस बात को लेकर हम ढाका गए थे । वह हमारे प्रपोजल अलग हैं । यह सारी चीजें हमने आपके सामने रखी हैं । इससे फ्लड कन्ट्रोल होगा, इरीगेशन हो सकेगी और हाइड्रोपावर भी जेनरेट होगी मिलियन्स एंड मिलियन्स आफ मेगावाट । यही भारत का नक्शा है, बिजली का नक्शा, सिंचाई का नक्शा और इसमें सरकार काफी एक्टिव इन्ट्रेस्ट ले रही है । इसका नक्शा बन रहा है । ब्रह्मपुत्र के बारे में भी करेंगे । लेकिन इसके लिए थोड़ा टाइम चाहिए, यह नहीं कि आज कहा और कल हो जाए । तीस साल में जो हुआ उसमें कुछ और भी हो सकता था लेकिन जो हुआ है व कम नहीं हुआ है । यह इतना बड़ा सवाल है जिसको हल करना इतना आसान नहीं है और फिर ऐसे देश में हल करना जिसमें गरीबी जबर्दस्त है, 50 परसेंट लोग बिलो पावर्टी लाइन रह रहे हैं, यह और भी मुश्किल है । स्टेट्स के भरोसे कहां तक चलेगा, यह बात ठीक है इसलिए हम स्टेट्स को लोन्स और ग्रान्ट्स देते हैं और कुछ वे अपने रिसोर्सेज डेवलप करते हैं । यह हमारा और आप का भी अनुभव है कि स्टेट्स को लेकर चलना है, स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन्स को लेने का कोई इरादा सेन्ट्रल गवर्नमेन्ट का नहीं है। अगर सारा

[श्री केदार पांडे]

एडमिनिस्ट्रेशन आप ही लेंगे तो फिर करेंगे क्या? कहां तक आप करेंगे? तो यह सारी सोचने समझने की बातें हैं। जितनी भी बातें आई हैं, इस स्टेट की, उस स्टेट की, अपनी अपनी कहानी उन्होंने कही है। सभी ने अपनी अपनी तकलीफ बताई। उन्होंने पुनपुन की बात कह दी, गंगा की बात कह दी, इरोजन की बात कह दी यह सब नेचुरल कारोलरीज हैं, जब फ्लड आयेगा तब यह सब कुछ होगा। **(व्यवधान)** लेकिन पटना तो सुरक्षित है, घबराने की क्या बात है? शास्त्री जी की कांस्टीट्यूएन्सी तो बिलकुल सेफ है। **(व्यवधान)**

अब दूसरी बात सुनिए। बाणसागर डैम की जो बात है उसमें कनहर भी है, पलामू जिला भी है यह सारी बातें हैं जो आपने कही, कावेरी की बात और तमिलनाडु की बात भी कही, सारे भारत का नकशा लेकर हमको चलना पड़ेगा क्योंकि यह पार्लमेन्ट भारत की है। यह सारी बातें समझ में आनी चाहिए और हमें एजूकेट भी करना चाहिए। अभी 40 मिलियन हेक्टर्स फ्लड-प्रोन एरिया है जिसमें 8 मिलियन का क्षेत्र हर साल प्रभावित होता है। यह बात तो है, नेचर का तकाजा है लेकिन इसको जितना हम कन्ट्रोल कर सकते हैं करें। साइंटिफिक-मेथड से, साइंटिफिक इन्वेस्टिगेशन्स से ही कन्ट्रोल करने की एक पद्धति है, दूसरी तो कोई पद्धति है नहीं। अमरीका ने अगर पांच गुना कर लिया तो वह एक धनी देश है। हम ने भी कुछ किया है, ऐसी बात नहीं है कि कुछ भी नहीं किया है और आगे भी करने का हमारा इरादा है, तीव्र गति से चलने का इरादा है। हम चाहते हैं कि इस काम को अच्छी तरह से करें। इस में पोलिटीकल बातों को लाने की जरूरत नहीं है। कांग्रेस ने जो किया है, अच्छा किया है और आगे करने का इरादा है इस में कोई दो रायें नहीं हैं। . . . **(व्यवधान)**. . . मैं जब कांग्रेस की बात करता हूं, तो कांग्रेस (आई) की बात करता हूं, आप उस में नहीं हैं, जिस का नेतृत्व श्रीमती इन्दिरा गांधी कर रही हैं, जो हमारी प्राइम मिनिस्टर हैं। उन का दृढ़ इरादा है कि इस देश को बनाया जाय, बाढ़ नियन्त्रण किया जाय, यहां की हालत को सुधारा जाये, गरीबी को दूर किया जाये, जो बिलो-पावर्टी लाइन हैं, वे उस से आगे बढ़ें, उन की गरीबी दूर हो इस के उपाय किये जायें, तब हमारा समाज बनेगा।

इन शब्दों के साथ मैं माननीय सदस्यों को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने इस विषय में काफी दिलचस्पी ली है. . .

एक माननीय सदस्य: सिकड़ी के बारे में नहीं बतलाया।

श्री केदार पांडे: सिकड़ी के बारे में हमारा अण्डर-ग्राउण्ड वाटर डवेलपमेन्ट बोर्ड देख रहा है। मैं आप को एक खुश खबरी सुनाना चाहता हूं, छोटा नागपुर, नवादा, जमुई, पलामू, रांची, हम ने यहां पर ड्रिल करके देखा है। इन रेन-शेड एरियाज में नीचे काफी पानी है, 350-400 फिट नीचे जाने पर काफी पानी उपलब्ध है। हम इन के लिये 10 इंच डायामीटर की खुदाई कराने जा रहे हैं। जहां तक अपर-सिकड़ी कैनाल का मामला है, इस को एक्जामिन करा रहे हैं, इस को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे और चाहेंगे कि यह काम जल्दी हो।

इन शब्दों के साथ मैं पुनः धन्यवाद देता हूं। आज इस अधिवेशन का आखरी दिन है, हम लोग विदा हो रहे हैं, अच्छी भावना से चलें, सोच-समझकर चलें, बढ़िया तरीके से आगे स्वप्न देखें, उदास होने की जरूरत नहीं है। हमें आप्टि-मिस्टिक होना चाहिये, पैसिमिस्टिक नहीं।

श्री रामनगीना मिश्र: उपाध्यक्ष महोदय, बाढ़ की विभीषिका पर दोनों पक्षों के लोगों ने राजनीति से ऊपर उठ कर देश के हित में अपने सुझाव दिये। हमारे माननीय मंत्री जी की तरफ से जो बयान आया है उस से भी बड़ी खुशी हुई है, जो मन के भाव थे, जिन्हें भूल गये थे वे सामने आ गये। विरोधी भाइयों ने भी, जो नहीं कह पाये थे, मंत्री जी ने तो उस से भी आगे जा कर. . .

श्री रामावतार शास्त्री: फिर आप विरोधी भाइयों को ले आये।

श्री जगन्नाथ मिश्र: मैं तो यह कह रहा हूं कि मंत्री जी ने भी उस से आगे जा कर अपनी उदारता का परिचय दिया है । मंत्री जी के ब्यान से साफ जाहिर है कि हुकूमत सजग है और इतनी सजग है जिस की हम कल्पना भी नहीं करते थे । हमें पूर्ण विश्वास है कि जो बाढ़ इस समय आई है, हमारी सरकार ठीक तरह से लोगों की सेवा कर पायेगी ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं पुनः आप को धन्यवाद देता हूं ।

MESSAGE FROM RAJYA SABHA

SECRETARY: Sir, I have to report the following message received from the Secretary-General of Rajya Sabha:—

"In accordance with the provisions of rule 127 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in the Rajya Sabha, I am directed to inform the Lok Sabha that the Rajya Sabha, at its sitting held on the 12th August, 1980, agreed without any amendment to the Inter-State Water Disputes (Amendment) Bill, 1980, which was passed by the Lok Sabha at its sitting held on the 12th June, 1980."

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned *sine die*.

20.20 hrs.

The Lok Sabha then adjourned sine die.

©MGIPND L 1847 LS—22-10-80—890.